हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

**पेरिस ओलंपिक : पदक का रंग बदलने को बेताब होंगी लवलीन**

देश

**मैं आरएसएस में था, यह कोर्ट अछूत संगठन नहीं : पूर्व जज चित्तरंजन दास**



Page 10

शुक्ल पक्ष, स्वाति, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 15 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 215 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹73,750 | ₹95,500 |



## आज का इतिहास

- 1857 : 1857 के भारतीय विद्रोह: कानपुर में दूसरा नरसंहार हुआ।
- 1955 : प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की।

## न्यूज बाइट्स

### ट्रम्प पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं : नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली (ए.)** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर चुनावी रैली के दौरान हुए जानलेवा हमले की रविवार को कड़ी निंदा करते हुए गहरी चिंता जतायी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर आज यहां कहा," मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं।

### जल्द जारी हो सकता है सीयूईटी यूजी रिजल्ट

**नई दिल्ली (ए.)** । कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट 2024 में भाग लेने वाले 13 लाख से अधिक स्टूडेंट्स को अब अपने रिजल्ट जारी होने का बेसब्री से इंतजार है ताकी वे आगे ग्रेजुएशन प्रोग्राम में प्रवेश की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकें। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आंसर की जारी होने के बाद अब जल्द ही रिजल्ट जारी किये जाने की संभावना है।

### इंटर : प्रथम चयन सूची के तहत अब 19 तक दाखिला

**पटना (ए.)** । इंटर स्कूल में दाखिले के लिए प्रथम चयन सूची के तहत 19 जुलाई तक तिथि विस्तारित कर दी गयी है। इसकी जानकारी सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और स्कूल प्राचार्य को दे दी गई है। अब छात्र आवंटित स्कूल में 15 से 19 जुलाई तक दाखिला ले सकेंगे। पहले यह तिथि 14 जुलाई तक ही थी। बोर्ड प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रथम चयन सूची के तिथि विस्तार का यह अंतिम मौका है। जिन छात्रों का नाम प्रथम चयन सूची में है, उन्हें 19 जुलाई तक दाखिला ले लेना है। वहीं स्कूल प्रशासन द्वारा नामांकन लेने के बाद 20 जुलाई तक अपडेट कर देना है। इसके बाद जो सीटें खाली रहेगी, उसके दिन द्वितीय चयन सूची जारी की जाएगी।

### सरकारी विद्यालयों में शुरू होगी नई योजना

**पटना (ए.)** । शिक्षा विभाग ने अपने बजट में सम्मिलित नई योजनाओं को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया तेज कर दी है। 15 अगस्त से स्कूली शिक्षा के लिए माइक्रो इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट को लागू करने की तैयारी हो रही है। कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि जगाने के लिए यह प्रोजेक्ट विद्यालय स्तर पर शुरू किया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक माह विज्ञान एवं गणित की पाठ्य पुस्तकों में से एक-एक पाठ का माइक्रो इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट के तहत सभी विद्यालयों में वर्ग छह से आठ के लिए भेजे जाएंगे।

सेना ने घुसपैठ की कोशिश को किया नाकाम

# कुपवाड़ा में तीन आतंकी ढेर

**एजेंसी** | श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर)

जम्मू-कश्मीर के केरन सेक्टर में सेना ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। सुरक्षा बलों ने रविवार को 3 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने कहा कि अंतिम जानकारी मिलने तक घुसपैठ रोधी अभियान जारी था। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर जारी घुसपैठ रोधी अभियान में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। साथ ही हथियार और अन्य युद्ध सामग्री भी बरामद की गई हैं।' हालांकि, मारे गए दहशतगर्दों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। दरअसल, जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की ओर से संरक्षण और समेकन की रणनीति अपनाई गई है। सुरक्षा एजेंसियां फिलहाल इसी तरह के छिपे हुए खतरे से जूझ रही हैं। यह खतरा उत्तरी कश्मीर और कठुआ जिले में हाल ही में घात लगाकर किए गए हमलों और मुठभेड़ों में स्पष्ट प्रतीत होता है। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने घात लगाकर किए गए हमलों और आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ों का विश्लेषण किया है। इस आधार पर उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं, लेकिन जमीनी स्तर की मानव खुफिया जानकारी के अभाव में ऐसे आतंकवादियों के खिलाफ अभियान में बाधा आ रही है।



### कुलगाम में मारे गए थे छह आतंकवादी

इस महीने की शुरुआत में आठ जुलाई को कठुआ के बदनोटा इलाके में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के एक समूह ने सेना के गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें पांच जवान बलिदान हो गए और आठ घायल हो गए। एक अन्य घटना में कुलगाम जिले में अलग-अलग मुठभेड़ों में छह आतंकवादी मारे गए।

### सुरक्षा अधिकारियों को गुमराह करने के प्रयास

तकनीकी खुफिया जानकारी पर पूरी तरह निर्भरता फलदायी नहीं रही है, क्योंकि आतंकवादी अधिकारियों को गुमराह करने के लिए ऑनलाइन गतिविधियों का इस्तेमाल करते हैं। अधिकारियों को लगता है कि विदेशी आतंकवादियों का मुकाबला करने के लिए विशेष रूप से जम्मू क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। अपने शांतिपूर्ण माहौल के लिए परिचित इस क्षेत्र, खासकर पुंछ, राजौरी, डोडा और रियासी जैसे सीमावर्ती जिलों में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। भारतीय वायुसेना के काफिले, तीर्थयात्रियों की बस पर हमले और कठुआ में सैनिकों की हाल ही में हत्या से यह उभरता खतरा सामने नजह आता है।

### जम्मू कश्मीर में आतंकी हमलों में बढ़ोतरी

हाल के दिनों में जम्मू कश्मीर में आतंकी हमलों में बढ़ोतरी देखी गई है। ये आतंकी हमले दक्षिण कश्मीर में चल रही अमरनाथ यात्रा के दौरान हुए हैं।

# स्कॉर्पियो-डंपर में टक्कर, पांच की मौत

- गाड़ी में फंसा ड्राइवर का शव, मरने वालों में 2 बच्चे, कई घायल

**निज संवाददाता** | किशनगंज

किशनगंज के पौआखाली के पास रविवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हैं। मरने वालों में 2 बच्चे हैं। 7 घायलों में भी 5 बच्चे हैं। सभी को एमजीएम किशनगंज में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद स्कॉर्पियो का ड्राइवर गाड़ी में ही स्टेयरिंग और सीट के बीच फंस गया था। उसे गाड़ी काटकर निकाला गया। 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 2 बच्चों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान गुलशन आरा (27), मो. अयान (8), चालक मो.इरशाद (30), मो.अफान (5) और गुड़िया (13) के रूप में की गई है। बता दें कि स्कार्पियो में 12 लोग सवार थे। जो बागडोगरा जा रहे थे। सभी बच्चों को बागडोगरा एयरपोर्ट घूमाने ले जा रहे थे। हादसे में मारे गए सभी लोग अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र के थपकोल के रहने वाले थे। पौआखाली थाना इलाके के पेटभरी के पास करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से स्कार्पियो और डंपर में भिड़ंत हुई है। दोनों गाड़ियों में आमने-सामने की टक्कर हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि डंपर का ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे लोगों ने गाड़ी से निकाला।

खुर्शीद आलम ने कहा कि मैं दिल्ली में रहकर काम करता हूं। 2 - 4 महीने में घर आ जाता हूं। अभी 2 महीने बाद घर आ रहा था। मुझे ही लेने के लिए मेरी पत्नी, दो बच्चे और परिवार के अन्य सदस्य एयरपोर्ट आ रहे थे। इसी दौरान हादसा हुआ। हादसे की खबर मिलते ही सदर अस्पताल पहुंचे है। एसपी सागर कुमार ने बताया कि एनएच-327ई पर सड़क हादसा हुआ था। स्कॉर्पियो और डंपर के बीच टक्कर हुई थी। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, जो घायल लोग हैं उनका इलाज चल रहा है। कुछ घायलों को सिलीगुड़ी भी भेजा जा रहा है। घटनास्थल का निरीक्षण किया है।



### चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई : प्रत्यक्षदर्शी

नगर पंचायत पौआखाली के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अहमद हुसैन ने बताया कि हमलोग सालगोरी एक उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तभी पेटभरी और पौआखाली के बीच में हमसे आगे 2 गाड़ी जा रही थी। इसी में सबसे आगे मौजूद गाड़ी स्कॉर्पियो और डंपर में टक्कर हो गया। इस कारण मौके पर 4 लोगों की मौत हो चुकी थी। वहीं, 7 बच्चों को लेकर किशनगंज आ रहे थे। यहां इलाज के दौरान 2 बच्चे की मौत हो गई।

### तीन बच्चों की हालत नाजुक

गाड़ी में टोटल 12 लोग शामिल थे। जिसमें 5 बड़े थे और 7 छोटे-छोटे बच्चे थे। बाकी लोग भी सीरियस हैं। घायल 5 बच्चों में से 3 की हालत गंभीर है। डॉक्टर इच्छिक भरत ने बताया कि एमजीएम मेडिकल कॉलेज में 9 पेशेंट आए थे। इसमें 7 बच्चे थे। इसमें 2 का स्पॉट डेथ हो गया था। 5 बच्चों को बचा लिया गया है। इसमें 3 की हालत नाजुक है। सिर में अंदरुनी चोट लगी है। ब्लिडिंग हो गई है। 2 बच्चे ठीक हैं। डॉक्टर उनको देख रहे हैं। जिनकी स्थिति नाजुक है, उनका इलाज किया जा रहा है। ज्यादा गंभीर होने पर उसे आगे रेफर किया जा सकता है। बाकी 2 बड़े लोगों का इलाज चल रहा है।

# ट्रांसमिशन कंपनी को मिला स्कॉच गोल्ड अवार्ड

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड को स्कॉच अवार्ड मिला है। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कंपनी को ट्रांसमिशन सेक्टर में समस्त परियोजना के सफल कार्यान्वयन के लिए यह पुरस्कार मिला है। गौरतलब है कि स्कॉच पुरस्कार सरकारी निकायों को उनके क्षेत्र में उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। कंपनी की ओर से दी गई अधिकारिक जानकारी के अनुसार ट्रांसमिशन कंपनी को यह सम्मान स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में आईटी आधारित समस्त मॉड्यूल के सफल कार्यान्वयन हेतु दिया गया। समस्त मॉड्यूल के द्वारा एसएलडीसी राज्य की बिजली प्रणाली के एकीकृत संचालन को सुनिश्चित कर रहा है। बिहार एसएलडीसी ने 4100+ एबीटी मीटर्स को समस्त (शेड्यूलिंग अकाउंटिंग मीटरिंग एंड सेटलमेंट ऑफ ट्रांजेक्शन) सिस्टम के साथ एकीकृत किया है, जो बिना किसी कठिनाई के मीटर डेटा विश्लेषण और मीटर डेटा की रिपोर्टिंग समय में कमी में सुधार करने में मदद करता है। समस्त परियोजना को लागू करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। रखरखाव गतिविधियों के अनुकूल प्रबंधन के कारण बिजली की बाधाएं न्यूनतम हो गई हैं, जिससे उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। इसके माध्यम से ट्रांसमिशन लॉस की समय पर और सटीक गणना कर सकते हैं।

# 28 ट्रैफिक थाने को मिली जिम्मेदारी, बिहार में हर 50 किलोमीटर पर कैमरे-रडार लगे वाहनों से होगी गश्ती

- 1125 किमी एनएच की होगी निगरानी
- 1560 मानवबल की भी मिली स्वीकृति
- डायल-112 से भी जुड़े होंगे गश्ती वाहन

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार में सबसे अधिक दुर्घटना वाले राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पर अत्याधुनिक वाहनों से गश्ती (पेट्रोलिंग) की जाएगी। प्रत्येक 50 किमी पर कैमरे और रडार से लैस वाहन गश्ती करेंगे। नियमों का उल्लंघन करने पर इन वाहनों की मदद से ई-चालान भी काटा जाएगा। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, पहले चरण में सर्वाधिक दुर्घटना वाले चार एनएच का चयन किया गया है। इनमें इनमें एनएच-28 (छपरा-बेतिया-लौरिया-बगहा), एनएच-30 (पटना-बख्तियारपुर), एनएच-31 (बरौनी-मुजफ्फरपुर-पिपराकोठी) और एनएच-57 (मुजफ्फरपुर-दरभंगा-पूर्णिया) शामिल हैं।



इन चार एनएच पर कुल 1125 किमी की दूरी की निगरानी के लिए 23 राजमार्ग गश्ती वाहन लगाए जाएंगे। यह वाहन फोरडी स्पीड रडार और कैमरों से लैस होंगे जो आटोमैटिक चालान निर्गत कर सकेंगे। इसके साथ ही आपात स्थिति के लिए वाहन में गैस कटिंग मशीन, ट्रैफिक कोन, फोल्डेबल स्ट्रेचर आदि उपकरण भी होंगे।

इन वाहनों को डायल-112 से जोड़ा गया है, जो एनएच पर दुर्घटना होने पर फर्स्ट रिस्पांडर की भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा एनएच पर हादसे रोकने के लिए राजमार्ग पेट्रोल योजना के तहत 1560 मानव बल की स्वीकृति भी दी गई है। इसके अलावा शहर के अंदर बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए भी नए 56 वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। यह वाहन नवगठित 28 ट्रैफिक थानों को दिए गए हैं। हर नए ट्रैफिक थाने को दो-दो नए वाहन मिले हैं। इनमें एक वाहन यातायात थाने जबकि दूसरा वाहन डीएसपी यातायात के लिए स्वीकृत किया गया है।

# श्री गणेश उत्सव पटना सिटी मंडल की नई कार्यकारिणी की गई गठित

**निज संवाददाता** | पटना

रविवार पटना सिटी के चौक स्थित श्री सनातन धर्म सभा भवन में श्री गणेश उत्सव पटना सिटी मंडल की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा ने की एवं संचालन संस्थापक महासचिव विकास कुमार मौड़ीवाल ने किया, बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें डॉक्टर त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा को अध्यक्ष, विकास कुमार मौड़ीवाल को महासचिव, डॉक्टर अजय प्रकाश को संयोजक, अरूण कुमार मिश्रा को कोषाध्यक्ष, नारायण प्रकाश साह को स्वागताध्यक्ष, शिव प्रसाद मोदी को सहसंयोजक, राजेश्वर राय को विसर्जन शोभा यात्रा प्रभारी, श्याम मिश्रा और महावीर मोदी को उपाध्यक्ष एवं डॉक्टर विकास कुमार गुप्ता और संजय केशरी को सचिव बनाया गया। साथ ही इस दौरान गणेश महोत्सव को भव्यता प्रदान करने एवं आम जनमानस को जोड़ने के दृष्टिकोण से मंडल द्वारा 15 जुलाई से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में डॉक्टर अजय प्रकाश, शिव प्रसाद मोदी, सत्यनारायण प्रसाद अग्रवाल, राजेश्वर राय, अरूण कुमार मिश्रा, श्याम मिश्रा, महावीर मोदी, विनय केशरी, सुजीत कसेरा, डॉक्टर विकास कुमार गुप्ता, भोला महेशका, संजय केशरी, जय कृष्ण चन्द्रवंशी, मोहित कुमार मौड़ीवाल, ज्ञान प्रकाश मालाकार, अंशु कुमार, विकास चन्द्रवंशी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को लेकर मनेर में वृक्षारोपण कार्यक्रम

**निज संवाददाता**

**पटना (मनेर)** । पर्यावरण को बचाने की पहल में आम और खास लोगों की पहल जारी है। इसमें गाँव की महिलाएं भी शामिल हैं। गाव सिकंदरपुर, मनेर पटना की पर्यावरण योद्धा सरोज सिंह द्वारा पिछले कई साल से गाँव में महिलाओं के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जाता रहा है।रविवार (14 जुलाई 2024) को भी वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान फलदार वृक्ष, औषधीय पौधे और छायादार वृक्ष सहित विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए और ग्रामीणों के बीच पौधा का वितरण भी किया गया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर ग्राम संस्था के कई सदस्य, स्थानीय निवासी और विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौके पर महिला पर्यावरण योद्धा सरोज सिंह ने कहा गया कि, वृक्षारोपण केवल एक पर्यावरणीय कर्तव्य नहीं है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उपहार है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला और सभी से नियमित रूप से पौधों की देखभाल करने की अपील की। उन्होंने हमारा उद्देश्य न केवल पेड़ लगाना है, बल्कि उन्हें संरक्षित करना और उनकी उचित देखभाल सुनिश्चित करना भी है।



वृक्षारोपण के बाद, सभी उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए एक कार्यशाला भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी सहभागी और समर्थक संस्थाओं का आभार व्यक्त किया गया।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की पहली बैठक आयोजित

**पटना (नि.सं.)**। बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की पहली बैठक रविवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष बृजनंदन शर्मा ने की। संघ कार्यालय में हुई इस बैठक में 12 मुद्दों पर आम सहमति बनी। मौके पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ई-शिक्षा कोष के जरिये अपनी हाजिरी बनाने के लिए सरकार को संघ की ओर से बाध्य किया जाएगा। इसके लिए संघ की ओर से राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा कि इस व्यवस्था से शिक्षकों को मुक्त किया जाये। बैठक में नव निर्वाचित 18 पदाधिकारी शामिल हुए। इसमें राम अवतार पांडेय, मिथिलेश शर्मा, महादेव मिश्र, दुलालकांत नंदी, मनोज कुमार, प्रेम चंद्र आदि थे।

# सक्षमता परीक्षा पास करने वाले नियोजित शिक्षकों के लिए काउंसलिंग शेड्यूल जारी

- एक अगस्त से सक्षमता परीक्षा पास 1,87,818 नियोजित शिक्षकों की काउंसिलिंग
- पदस्थापन के साथ ही नियोजित शिक्षक पाएंगे राज्य कर्मचारी का दर्जा

**निज संवाददाता** | पटना

प्रदेश में राज्यकर्मी बनने के लिए सक्षमता परीक्षा पास कर चुके एक लाख 87 हजार 818 नियोजित शिक्षकों के लिए अच्छी खबर है। ऐसे शिक्षकों की काउंसलिंग एक अगस्त से कराने की तैयारी है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने शिड्यूल तैयार कर लिया है। इसके मुताबिक चरणबद्ध तरीके से शिक्षकों की काउंसिलिंग और फिर पोस्टिंग (पदस्थापन) होगी। पदस्थापन होते ही शिक्षक राज्य कर्मचारी का दर्जा पाएंगे। शिक्षा विभाग के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि सक्षमता परीक्षा पास किए नियोजित शिक्षकों की काउंसिलिंग व पोस्टिंग अगले माह कराने के लिए निदेशालय स्तर पर सारी तैयारियां की जा रही हैं। काउंसिलिंग के लिए निर्धारित शेड्यूल भी जल्द घोषित किया जाएगा। काउंसिलिंग में नियोजित शिक्षकों के उन प्रमाण-पत्रों एवं कागजातों का सत्यापन होना है, जो उनके द्वारा सक्षमता परीक्षा के आनलाइन फार्म भरते समय दिए गए थे। सक्षमता परीक्षा में पास 1,87,818 नियोजित शिक्षक हैं। इनके पदस्थापन में हर बिंदु पर गौर किया जा रहा है। सक्षमता पास कुल शिक्षकों में 11वीं और 12वीं कक्षा के 5,313 शिक्षक शामिल हैं। 9वीं-10वीं कक्षा के 20,354 शिक्षक हैं।

### प्राइमरी शिक्षकों की संख्या ज्यादा

6ठी से 8वीं कक्षा के 22,941 शिक्षक हैं। पहली से पांचवीं कक्षा के 1,39,010 शिक्षक हैं। काउंसलिंग और पदस्थापन के बाद ये सभी विशिष्ट शिक्षक बनने वाले हैं। पदस्थापन के लिए इन शिक्षकों से सक्षमता परीक्षा का फार्म भरते समय ही तीन जिलों के विकल्प लिये गये थे। इन शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा में मिले अंक एवं आरक्षण के आधार पर जिला आवंटित किए गए हैं।

18-19 जुलाई को बिहार बिजनेस कनेक्ट-टेक्सटाइल इन्वेस्टर्स मीट का होगा आयोजन

# निवेश के लिए जुटेंगी देशभर की 50 गारमेंट कंपनियां

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार सरकार राज्य में औद्योगिक माहौल बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए उद्योग विभाग की ओर से 11 और 12 दिसंबर 2024 को पटना में बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले अलग-अलग शहरों में निवेशकों के साथ बैठकें भी की जा रही हैं। इसी कड़ी में 18-19 जुलाई को पटना में बिहार बिजनेस कनेक्ट-टेक्सटाइल इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पटना के ताज सिटी सेंटर होटल में होगा। यह जानकारी उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंड्रिक ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर दी है। अपर मुख्य सचिव संदीप पौंड्रिक ने एक्स पर लिखा है कि बिहार बिजनेस कनेक्ट-टेक्सटाइल इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन 18-19 जुलाई 2024 को पटना के ताज सिटी सेंटर में किया जाएगा। यह संभवतः पटना में नए ताज ग्रुप होटल में आयोजित होने वाला पहला आयोजन होगा। इसमें देश भर से लगभग गार्मेंट्स बनाने वाली 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां शिरकत करेंगी। विभागीय अपर मुख्य सचिव पौंड्रिक के पोस्ट के मुताबिक राज्य की सहायता के लिए भारत सरकार के कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, कपड़ा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। बताया कि इस मीट में कई बड़ी कंपनियों से प्रतिबद्धता मिलने की उम्मीद है।



### प्रमुख टेक्सटाइल कंपनियां लेंगी हिस्सा : उद्योग मंत्री

इस इन्वेस्टर मीट को लेकर राज्य के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने उद्योग विभाग के कार्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। नीतीश मिश्रा ने कहा है कि बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 के तहत 18 और 19 जुलाई को पटना में आयोजित हो रहे टेक्सटाइल इन्वेस्टर्स मीट में देश की प्रमुख टेक्सटाइल कंपनियां हिस्सा लेंगी। इस आयोजन के जरिए बिहार को टेक्सटाइल सेक्टर में मौजूद अपार संभावनाओं का लाभ मिल सकेगा।

बिहार सरकार का फैसला

# मुख्यमंत्री उद्यमी योजना में इस बार नए उद्यमों को अधिक प्राथमिकता

**निज संवाददाता** | पटना

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत उद्योग विभाग ने इस बार आटा, सत्तू, बेसन से इतर कई नए उद्योगों को सहायता उपलब्ध कराए जाने वाली सूची में शामिल किया है। पूर्व की सूची में आटा, सत्तू व बेसन पहले नंबर पर रहा है। इस बार इससे अधिक प्राथमिकता नए उद्यमों को है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना में इस बार पांच नए उद्यमों को शामिल किया गया है। उद्योग विभाग ने यह सर्वे कराया था कि बाजार में किस चीज की मांग अधिक है। इस क्रम में एलईडी बल्ब व बिजली से जुड़े उपकरण शामिल हैं।

उद्योग विभाग के संबंधित अधिकारियों का कहना है कि बाजार में एलईडी की मांग बहुत अधिक है और इसका बड़ा हिस्सा बाहर के राज्यों से यहां आ रहा। एलईडी बल्ब की यूनिट लगाने में बहुत अधिक निवेश की जरूरत नहीं। इसलिए तय किया गया कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत एलईडी बल्ब की यूनिट लगाने के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाए। इसके अतिरिक्त बिजली के बोर्ड व स्विच बनाने की यूनिट को भी इस योजना में शामिल किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिलेंडर लीक होने से घर में लगी आग

**नीमचक बथानी।** खिजरसराय थाना क्षेत्र के पाठक बिगहा गांव में गैस लीक होने के कारण शनिवार को एक किसान के घर में आग लग गई। इस घटना में घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान बालेश्वर यादव ने बताया कि गैस सिलेंडर से आग लग गई। आग लगने से घर में रखा अनाज, कपड़े, सामान सहित अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गए। सिलेंडर में गैस खत्म होने तक आग धधकता रहा और और कपड़े, अनाज अन्य सामान जलने के कारण धुंआ उठता रहा। ग्रामीणों का आग पर काबू पाने का प्रयास विफल रहा। इस मामले को लेकर पीड़ित ने स्थानीय थाना और अंचलाधिकारी को सूचना दी है।

### नाबालिग संग प्रेमी गिरफ्तार, जेल

**टनकुप्पा।** उतलीबारा पंचायत के एक गांव से फरार नाबालिग लड़की को पुलिस ने लुधियाना के सलीमतगड़ी थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया, साथ में प्रेमी दो बच्चों के पिता को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त डॉ. उमेश यादव को शनिवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने कहा कि उतलीबारा पंचायत से एक नाबालिग गायब होने को लेकर लड़की के पिता ने पिछले 10 जून को एफआईआर दर्ज की है। मामले की जांच में मामला प्रेम प्रसंग का निकला।

### युवक ने मालगाड़ी से कटकर की खुदकुशी

**फतेहपुर।** गया-कोडरमा रेलखंड के पहाड़पुर रेलवे स्टेशन के होम सिग्नल के पास शनिवार को एक युवक ने मालगाड़ी से कटकर खुदकुशी कर ली। फतेहपुर थाना क्षेत्र के रातो गांव का रहने वाला के रूप में मृतक युवक की पहचान हुई है। इधर, घटना की जानकारी पाकर पहुंचे परिजन घटना स्थल से युवक के शव को उठाकर घर लेते चले गए। बताया गया है कि शनिवार को सुबह करीब दस बजे पहाड़पुर रेलवे स्टेशन पर डाउन लूप लाइन से जैसे ही मालगाड़ी गुजरने लगी। उसी वक्त युवक होम सिगनल के पास रेल किलोमीटर संख्या 438/18 पर मालगाड़ी के आगे कूद गया। इसमें कटकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक के मालगाड़ी से कटकर खुदकुशी कर लेने की जानकारी मिलते ही उसके परिजन तुरंत घटना स्थल पर पहुंच गए और युवक के शव को उठाकर घर ले जाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। इधर, ग्रामीणों ने बताया गया है कि युवक घर से झगड़ से झगड़ कर निकला था। उसने पहले शराब पी और इसके बाद गुस्से में मालगाड़ी से कटकर खुदकुशी कर ली।

### चेकिंग में शराब के साथ 2 धराए

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना के मुख्य द्वार पर बाइक चेकिंग के दौरान अवैध शराब बरामद हुई। इस दौरान बाइक सवार दो युवकों को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिए गए बाइक सवार की पहचान टनकुप्पा थाना अंतर्गत माणिकपुर निवासी टिंकू कुमार सिंह के रूप में हुई। इस संबंध में पीएसआई रविराज कुमार ने बताया कि दोनों नशे में बिना हेलमेट के जा रहा था। बाइक बीआर 02डब्लू 5683 रुकवाने के बाद तलाशी ली तो एक बोतल में दो लीटर देशी शराब बरामद हुई। दोनों को हिरासत में लिया गया है।

### सीए बनेगा हरनौत का आशीष कुमार

**हरनौत।** हरनौत गौतम नगर निवासी उमेश प्रसाद के पुत्र आशीष कुमार ने चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) के लिए क्वालिफाई किया है। इससे टोला-मोहल्ले में खुशी का माहौल है। उमेश प्रसाद लेथ मशीन के कारीगर हैं। वे पटना में काम करते हैं। उनकी पत्नी आशा देवी गृहस्थ महिला हैं। आर्थिक रूप से संपन्न नहीं होने के बाद भी उमेश ने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में कमी नहीं की। उनका बड़ा बेटा सोनू कुमार नवादा में कृषि विभाग में कार्यरत है। जबकि आशीष शुरू से ही पढ़ने में मेधावी रहा। उसने 10वीं की पढ़ाई हरनौत में की। पटना में पिता के साथ रहकर 12वीं की। पढ़ने में मेधावी होने के कारण उसे वाणिज्य में डिग्री की पढ़ाई के लिए छत्तीसगढ़ भेज दिया। इसके बाद दिल्ली में द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) से सीए की तैयारी की, जिसमें वह क्वालिफाई कर गया है।

### अलग-अलग घटनाओं में करंट से 3 की मौत

**करायपरसुराय।** अलग-अलग घटनाओं में करंट लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। करायपरसुराय प्रखंड क्षेत्र के कन्हौली गांव में शनिवार की सुबह खलसा खंधा में काम कर रहे युवक की करंट लगने से मौत हो गयी। प्रखंड क्षेत्र के मखदुमपुर पंचायत के कन्हौली गांव निवासी किसान सुरेंद्र महतो के 26 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार सुबह खेत में काम कर रहा था। इस दौरान खलसा खंधा में विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए पटना ले जा रहे थे। लेकिन बीच रास्ते में ही धनरूआ थाना क्षेत्र के पभेंड़ा के निकट उसकी मौत हो गई। तेलमर थाना क्षेत्र के ललुआडीह गांव में करंट लगने से आठ वर्ष के बच्चे की मौत हो गई। मृतक आशिक कुमार गांव के निर्मल मांझी का पुत्र था। थानाध्यक्ष शत्रुघ्न साह ने बताया कि शुक्रवार की शाम गांव के खंधे में बिजली से खेत पटवन का काम हो रहा था। इसी दौरान बच्चा करंट की चपेट में आ गया। वहीं चंडी थाना क्षेत्र के तीनी लोदीपुर गांव में करंट की चपेट के आने से एक किसान की मौत हो गयी। मृतक तीनी लोदीपुर गांव निवासी अरुण कुमार थे। अरुण कुमार सुबह खेत देखने गए थे। इस बीच 440 वोल्ट और व 11 हजार वोल्ट का धारा प्रवाहित तार सट रहा था। वे बांस के सहारे दोनों तार को अलग करने लगे। इस दौरान वे तार की चपेट में आ गए और घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

### नशे में बाइक चालक ने कार में मारी टक्कर

**कतरीसराय।** थाना क्षेत्र के बादी मोड़ के समीप नशे में धुत बाइक चालक ने प्रखंड परियोजना पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार की कार में टक्कर मार दिया। प्रखंड परियोजना पदाधिकारी ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। घटना की सूचना मिलते ही गश्ती पुलिस बाइक चालक को हिरासत में लेकर थाने ले आयी। प्रखंड परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि स्कूल की जांच कर शाम में बीआरसी जा रहे थे। इस बीच मोड़ के समीप ट्रिपल लोड बाइक सवारों ने कार में ठोकर मार दिया। दो बाइक सवार भागने में सफल रहे। बाइक चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार बाइक चालक थाना क्षेत्र के शाहाबाद गांव निवासी होमियोपैथ प्रैक्टिशनर साकेत बिहारी है।

### 10 ली. शराब बरामद, मकान सील

**परवलपुर।** स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम थाना क्षेत्र के पिलीच गांव में शराब कारोबारी के ठिकाने पर छापेमारी की। इस दौरान 10 लीटर देसी शराब के साथ पिलीच गांव निवासी अर्जुन गोप को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसके मकान को भी सील कर दिया गया है। एसआई राहुल कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पिलीच गांव के अर्जुन गोप के घर से 10 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। अर्जुन गोप को गिरफ्तार कर मकान को सील कर दिया गया है।

### रंगदारी मांगने वाले को किया गिरफ्तार

**रहुई।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र से रंगदारी मांगने एवं मारपीट करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मंदिरपुर गांव निवासी सातो पासवान को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि ईंट भट्ठा पर काम करने वाले मजदूर से वह रंगदारी मांगता था। रंगदारी नहीं देने पर शुक्रवार की शाम एक मजदूर से मारपीट की थी। मारपीट का आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# कीटनाशक पीकर महिला ने किया सुसाइड, दंपती के बीच हुई थी कहासुनी

## नाराज होकर पत्नी ने कर ली आत्महत्या, इलाज के दौरान गई जान

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में एक महिला ने शनिवार की शाम कीटनाशक दवा पीकर खुदकुशी कर ली। मामला बेन थाना क्षेत्र के कोलुआ गांव का है। मृतका की पहचान धर्मवीर कुमार 24 वर्षीय पत्नी आशा कुमारी के रूप में की गई है। रविवार की सुबह परिजन पुलिस की मदद से शव को लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। मृतका के परिजन ने बताया कि शनिवार की शाम पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और धर्मवीर कुमार घर से बाहर चला गया। इसके बाद आशा कुमारी ने घर में रखे कीटनाशक पी ली। घर के अन्य सदस्य जब कमरे में गए तो देखा कि आशा कुमारी अचेत होकर जमीन पर पड़ी हुई और मुंह से झाग निकल रहा है। बेहोशी की हालत में आशा कुमारी को इलाज के लिए सिलाव के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। इसके बाद घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई।

**पति का किसी से अवैध संबंध चल रहा था:** चर्चा है कि धर्मवीर कुमार का किसी युवती से अवैध संबंध चल रहा है। जिसके कारण महिला की अक्सर उसके पति से कहासुनी होते रहती थी। इसी बात को लेकर महिला आहत हो गई और खुदकुशी कर ली। बेन थाना अध्यक्ष विकेश कुमार ने बताया कि कीटनाशक पीकर आत्महत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। प्रथम दृष्टिया जांच में यह बात सामने आई है कि पति का किसी से अवैध संबंध चल रहा था। जिससे आहत होकर महिला ने खुदकुशी की है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# छात्र का सिर फोड़ने वाला टीचर सस्पेंड, स्कूल की दीवार से टकरा दिया था सिर

निज संवाददाता। गया



♦ विभागीय जांच शुरू, 60 दिन के अंदर देनी है रिपोर्ट

गया में बीते दिनों जिले के फतेहपुर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय तारो में कक्षा 3 में पढ़ने वाले छात्र का सिर फोड़ने वाले शिक्षक को जिला शिक्षा अधिकारी ने सस्पेंड कर दिया है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी है। जांच अधिकारियों से 60 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। सस्पेंशन के दौरान निलंबित शिक्षक कौशल कुमार सिंह को इमामगंज प्रखण्ड शिक्षा कार्यालय में तत्काल प्रभाव से ज्वाइन करने की हिदायत दी है। सस्पेंशन के दौरान शिक्षक की उपस्थिति के आधार पर गुजारा भत्ता दिया जाएगा। निलंबित होने वाले शिक्षक की नियुक्ति बीपीएससी के तहत बीते वर्ष हुई थी। जिला शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि आरोपी शिक्षक के विरुद्ध स्कूल में हंगामा से संबंधित प्राप्त वीडियो के आधार पर प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने और स्पष्टीकरण का जवाब नहीं दिए जाने के आधार पर स्थापना शाखा की ओर से निलंबन की कार्रवाई की गई है।

**आठ जुलाई का है मामला:** दरअसल 8 जुलाई को टीचर कौशल कुमार सिंह ने तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स से पूछा था कि तुमने किस कंपनी की कोल्ड्रिंक पी है। इस पर स्टूडेंट टीचर को सही सही जवाब नहीं दिया। इस बात से गुस्साए टीचर ने स्टूडेंट का सिर पकड़ कर दीवार में टकरा दिया था। जिसके बाद वो जख्मी हो गया। इस बात की भनक तारो के ग्रामीणों को लगी तो वे बड़ी संख्या में स्कूल परिसर में जमा हो गए थे। हंगामा करने लगे थे। ग्रामीणों का गुस्सा देख टीचर कौशल कुमार ने स्कूल के एक कमरे में खुद को बन्द कर लिया था। स्कूल में हंगामा की खबर पर गुरपा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची थी और आरोपी शिक्षक को हिरासत में ले लिया था।

# नारियल-मूंगफली के गोदाम में शॉर्ट-सर्किट से लगी आग

निज संवाददाता। नालंदा

♦ दमकल कर्मियों को आग बुझाने में लगे दो घंटे, 45 लाख का हो गया नुकसान

नालन्दा के दीपनगर थाना क्षेत्र के साठोपुर मोहल्ला स्थित विकास ट्रेडर्स नामक नारियल और मूंगफली के गोदाम में शनिवार की रात भीषण आग लग गई। गोदाम में करीब 45 लाख रुपए का सूखा नारियल और मुंगफली बादाम जलकर राख हो गया। पीड़ित विकास ट्रेडर्स के संचालक विकास कुमार ने बताया कि शनिवार की देर शाम वह गोदाम बंद कर घर चले गए थे। रात के करीब 12 बजे के आसपास स्थानीय लोगों ने गोदाम से आग की लपटें और धुंआ निकलता हुआ देखा। अगलगी की सूचना उन्हें स्थानीय लोगों से पता चली। वे अपने भाई शशिभूषण कुमार और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गोदाम पर पहुंचे। अग्निशमन विभाग को अगलगी की सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल के कर्मियों ने करीब 2 घंटे की कड़ी मसशक्त के बाद गोदाम में लगी आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक गोदाम में रखा नारियल और मूंगफली जलकर राख हो चुका था। पीड़ित आशंका व्यक्त कर रहें हैं कि शॉर्ट-सर्किट की वजह से गोदाम में आग लगी है। जिसके कारण करीब 45 लाख का नुकसान हो गया है। दीपनगर थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि अगलगी की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और अग्निशमन विभाग को जानकारी दी। फिलहाल क्षति के आकलन किया जा रहा।

# गया में नाले से अतिक्रमण हटाने का आदेश

## DM ने महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में जलजमाव का लिया जायजा, संप हाउस की क्षमता बढ़ाने का दिया आदेश

निज संवाददाता। गया



गया में 300 करोड़ रुपए की लागत से बोधगया में तैयार विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर के हॉल में गुरुवार को जल जमाव का मामला प्रकाश में आने के तीसरे दिन डीएम डॉ. त्यागराजन ने सेंटर के बाहरी और भीतरी परिसर का जायजा लिया। डीएम से पूर्व किसी भी जिला स्तरीय अधिकारी ने मौके का जायजा नहीं लिया था। डीएम के प्रभार में रहे एडीएम ने बोधगगया के नगर परिषद के कार्यपालक अभियंता को भेज कर उन्होंने अपनी जिम्मेदारी की इति श्री कर ली थी। डीएम ने शनिवार को महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र पहुंच कर कैम्पस के इंटरनल व्यवस्था एव कैम्पस के बाहरी एरिया के नालों की व्यवस्था एवं वर्तमान स्थिति का फिजिकल वेरिफिकेशन विस्तार से किया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि संप हाउस की क्षमता को बढ़ाएं। नाला का पैच जहां पर अभी कच्चा है, उन छुटे हुए पैच का तेजी से पक्कीकरण करवाएं। नाला का स्लोप का जांच करवाएं व उसे तुरंत ठीक भी करवाएं।

**नालों की सफाई का निरीक्षण का आदेश:** डीएम ने महाबोधि संस्कृति केंद्र के पूरे परिसर, पुराना प्रखंड कार्यालय के समीप से निकलने वाले नाले एव वहां से पीछे के रास्ते होते हुए मेटा बुद्धा/ फुजिया ग्रीन होटल तक पैदल नाला का निरीक्षण किया। उसके पश्चात अमवा पइन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में नाला के ऊपर बने पक्का अतिक्रमण को तुरंत हटवाने को कहा है। तेज वर्षा के कारण नालों में जाम की स्थिति नहीं बने इसके लिये फिर से नालों की सफाई का निरीक्षण करवाने को कहा। साथ ही जहां भी नाला बंद रहने की स्थिति में है। उसे साफ करवाने को कहा है। पॉइंट टु पॉइंट नाला साफ करवाएं। बांग्लादेश मोनास्ट्री के समीप पूल निर्माण निगम विभाग द्वारा सड़क एवं नाला का निर्माण करवाया जा रहा है, जो काफी धीमी गति से चल रहा है। डीएम ने अपर समाहर्ता आपदा को निर्देश दिया कि कार्यपालक पदाधिकारी बोधगया एवं पुल निर्माण के पदाधिकारियों के साथ बैठक करवा कर, नाली निर्माण में आने वाली समस्याओं का समाधान करवाते हुए नाला का निर्माण तेजी से करवाएं।

# ढोल बजाने वाले की खेत में मिली लाश, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, हाथ पर मिले जख्म के निशान

निज संवाददाता। गया



जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के कोसला और करहनी गांव के पास अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। पुलिस जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान कोलूबार गांव निवासी 54 वर्षीय चंदू दास के रूप में की गई है। मृतक के छोटा भाई फून दास ने बताया कि भाई शुक्रवार को कोसला गांव में ढोल बजाने के लिए गनौरी भुइयां के यहां गया हुआ था। देर रात तक जब वह नहीं लौटे तो हमलोगों ने गनौरी भुइयां को फोन कर उनके बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि चंदू चले गए हैं। इसके बाद हम लोग उनकी खोजबीन करने के लिए रात में निकल गए। हम लोग गनौरी भुइयां के कहां गए तो उन्होंने बताया कि चंदू दास यहां से मीट के लिए लड़ाई-झगड़ा कर बहुत पहले ही चले गए हैं। इसके बाद भी हमलोगों ने खोजबीन की। कहीं कुछ भी पता नहीं चला। थक हार के घर चले आए। इसके बाद दोबारा मेरी भाभी और घर के सदस्य खोजते हुए कोसला और करहनी गांव के पास पहुंचे। रास्ते में भाई की चप्पल और ढोल सड़क किनारे पड़ा था। जब आगे खेत की ओर बढ़े तो देखा कि वह खेत में अचेत अवस्था में पड़े थे। मौत हो चुकी थी।

**आज सुबह पुलिस को सूचना दी गई:** बाएं हाथ में कुछ जख्म के निशान थे। देखने से प्रतीत हो रहा था कि उन्हें मारपीट कर जख्मी किया गया है। इसके बाद हम लोग वहां से शव को लेकर घर चले आए। रविवार सुबह लगभग 8:00 बजे हम लोग थाना में पहुंचे और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही डुमरिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। चंदू के शव को कब्जे में लेकर अपने साथ थाना ले गई। कागजी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गया मगध मेडिकल भेज दिया गया। परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कि चंदू की हत्या की गई है। इमामगंज एसडीपीओ अमीत कुमार ने बताया कि कोसला गांव में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हुई है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# करंट से दो लोगों की मौत, मोटर ठीक करने के दौरान हुआ हादसा

## एक को बचाने में दूसरे ने भी गंवा दी जान

निज संवाददाता। नालंदा



नालन्दा में शनिवार की रात करंट से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सुरेश यादव के 25 वर्षीय पुत्र हरेंद्र यादव और लालजी यादव के 59 वर्षीय पुत्र ब्रह्मदेव यादव के रूप में की गई है। रविवार की सुबह परिजन शव को लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक के परिजन ने बताया कि शनिवार की रात हरेंद्र यादव गांव के ही ब्रह्मदेव यादव के बोरिंग स्थित कुएं में मोटर ठीक करने गया था। जहां हरेंद्र यादव करंट के संपर्क में आ गया, जिसे बचाने के क्रम में ब्रह्मदेव यादव भी करंट से झुलस गए। इलाज के लिए निजी क्लीनिक ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मामला खुदागंज थाना क्षेत्र के केवाली गांव का है। खुदागंज थानाध्यक्ष जय प्रकाश नारायण ने बताया कि करंट से मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल बैग में हथियार लेकर घूम रहे 3 नाबालिग धराए


निज संवाददाता। गया



गया जिले के मुफस्सिल पुलिस ने 3 नाबालिगों को एक कट्टा के साथ पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। मुफस्सिल इंस्पेक्टर रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि फिलहाल पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में स्पष्ट जानकारी कुछ भी नहीं मिली है। उन्होंने यह बताया कि तीनों स्कूल ड्रेस में थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि सूचना मिली थी कि मुफस्सिल मोड़ के नजदीक से तीन किशोर हथियार लेकर ऑटो से सीता कुंड की ओर जा रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस की विशेष टीम को उनके पीछे लगाया गया। टीम सम्बन्धित ऑटो का पीछा करते हुए सीताकुंड के पास पहुंची तो ऑटो से तीन किशोर उतरे। पुलिस की टीम ने उन्हें इशारे से अपने पास बुलाया तो वो भागने लगे। उनका पीछा कर पुलिस कर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। 3 किशोरों में से 2 के पास स्कूल बैग था। उन दोनों के स्कूल बैग चेक किए गए तो एक बैग से कट्टा बरामद किया गया। इस पर विधि विरुद्ध 3 बालकों को निरुद्ध किया गया। गौरतलब है कि करीब दो माह पूर्व भी मुफस्सिल पुलिस ने सीताकुंड के पास से दो मोटरसाइकिल में टंगे थैले से 4 ग्रनेट बरामद किया था, जबकि बाइक सवार लड़के मौके से अंधेरे और नदी का फायदा उठाते हुए भाग गए थे। इस मामले में अब तक मुफस्सिल पुलिस बाइक सवार लड़कों तक नहीं पहुंच सकी है, जबकि पुलिस ने उनकी बाइक बरामद की थी।

# राजगीर मे खेल अकादमी परिसर बनकर तैयार, 29 अगस्त को होगा शुभारंभ, खिलाड़ियों के रहने के लिए बना क्वार्टर

निज संवाददाता। नालंदा



अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल राजगीर मे खेल अकादमी परिसर में खिलाड़ियों के लिए बन रहे विभिन्न खेल टूर्नामेंट की आयोजन को लेकर सभी फील्ड के मैदान बनकर तैयार हो गया है। साथ ही साथ खिलाड़ियों एवं कर्मचारियों के रहने के लिए क्वार्टर की व्यवस्था की गई है।

**आउटडोर और इंडोर गेम्स की सुविधा:** खेल अकादमी का उद्घाटन अगले महीने ही 29 अगस्त को होने जा रहा है। खेल अकादमी के उद्घाटन को लेकर लोगों में काफी खुशी का माहौल बना हुआ है। इस खेल अकादमी के देख-रेख कर रहे एरिया इंचार्ज राकेश दुबे एवं नीरज कुमार शाह ने बताया कि इस खेल अकादमी परिसर में आउटडोर एवं इंडोर बनाया गया है। आउटडोर में खेले जाने वाले खेलों में क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल, 400 मी. का एथलेटिक्स दौड़, हैंडबॉल का दो कोट, वॉलीबॉल का दो कोट, बास्केटबॉल एक, स्विमिंग पूल एक, कबड्डी कोट एक, एक साइकिल वेलो ड्रोम और एक बड़ा कैम्पस बनाया गया है। जबकि इन्डोर हाल में होल्डिंग में शूटिंग, टेबल टेनिस, सपाक टेकरा खेल के लिए स्थान दिया गया है।

**डाइनिंग हॉल में बैठ सकते हैं 324 लोग:** इसके अलावे परिसर में अकादमी बिल्डिंग मे चार लेक्चरर कॉन्फ्रेंस हॉल, 240 कैपेसिटी का ऑडिटोरियम, कोचेस गेस्ट हाउस, बनाया गया है। इसके अलावे खेल परिसर मे मेडिकल फैसिलिटी, नर्सिंग होम, फिजीयोथिरेपी ,लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स रिलेटेड म्यूजियम बनाया गया है। इसके अलावे एक बड़ा-सा हॉस्टल एरिया बनाया जिनमें 100 कैपेसिटी का ट्रांजिट , खिलाड़ियों की रहने के लिए अलग-अलग हॉस्टल बनाया गया है जिनमें लड़कों के लिए 298 कमरे और लड़कियों के लिए 156 कमरे तैयार किया गया है। इसके अलावे खेल अकादमी में 324 लोगों एक साथ डाइनिंग हॉल में बैठ सकते हैं। इसके अलावे दो लिफ्ट ,अकादमी बिल्डिंग, क्वाटर बॉडी बनाया गया है। वही इस खेल अकादमी परिसर में डिप्टी डायरेक्टर स्तर के पदाधिकारी को रहने के लिए एक बिल्डिंग तैयार किया गया है। इस खेल अकादमी में विभिन्न खेल के आयोजन को लेकर सभी संसाधनों से परिपूर्ण किया गया है ताकि इस अकादमी में होने विभिन्न खेल आयोजनों में खिलाड़ियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।

# फुलवरिया डैम के प्राकृतिक सौंदर्य को देख मोहित हुए जिला प्रभारी मंत्री

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड के हरदिया पंचायत अंतर्गत फुलवरिया डैम का निरीक्षण रविवार की देर शाम को बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्री सह नवादा जिला प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया। फुलवरिया डैम के प्राकृतिक सौंदर्य को देख मोहित हो गए एवं कहा कि जल्द ही पर्यटन विभाग द्वारा ककोलत जल प्रपात एवं झारखण्ड के तिलैया डैम के तर्ज पर फुलवरिया डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस मौके पर डीडीसी नवादा दीपक कुमार मिश्रा, डीएफओ संजीव रंजन, एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष, एसडीपीओ गुलशन कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष, रजौली मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन, नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी, विमल राजवंशी एवं रंजन कुमार बब्लू के अलावे दर्जनों महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। प्रभारी जिला मंत्री ने कहा कि रजौली स्थित फुलवरिया डैम प्राकृतिक गोद में बसा हुआ है। डैम के दोनों ओर पहाड़ एवं घना जंगल है।डैम के पास मात्र खड़े रहने से शीतल हवाएं मन को मोह लेती है। इस डैम को पर्यटन स्थल बनाने को लेकर पर्यटन विभाग के एमडी को कॉल करके जल्द से जल्द पर्यटन स्थल बनाने हेतु आवश्यक कदम उठाने को निर्देशित किया है। साथ ही डीएफओ एवं डीडीसी को पर्यटन स्थल बनाने से सम्बंधित विषयों को जिलाधिकारी को सुपुर्द करने की बात कही है। ताकि फुलवरिया डैम को पर्यटन स्थल बनाने में अब और देरी न हो। हालांकि उन्होंने कहा कि जल्द ही फुलवरिया डैम में फ्लोटिंग सोलर प्लांट लगने वाला है, जिससे रजौली वासियों को बिजली को लेकर काफी सुविधा मिलेगी। जिला प्रभारी मंत्री से फोरलेन निर्माण में बरते जानी वाली अनियमितता के बारे में पूछे जाने पर डीडीसी को पटना स्थित एनएचएआई को पत्राचार कर सड़क निर्माण में गुणवत्ता की जांच एवं सड़क के दोनों ओर पेड़ों के नहीं रहने से सम्बंधित बात कहने को निर्देशित किया। मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में प्रभारी डीएस के रूप में डॉ. दिलीप कुमार विगत कई वर्षों से पदस्थापित हैं, जिन्हें अबतक वित्तीय प्रभार नहीं दिया गया है। जिससे अस्पताल के कई कार्यों को करने में काफी परेशानी होती है। वहीं प्रभारी डीएस के निर्देशों का अक्सर पदस्थापित चिकित्सकों द्वारा अवहेलना किया जाता है। साथ ही अस्पताल में पदस्थापित कुछ चिकित्सकों द्वारा जीएनएम समेत अन्य कर्मियों को बेवजह परेशान किया जाता है। वहीं अनुमंडलीय अस्पताल में ट्रामा सेंटर का बोर्ड लगा दिया गया है, किन्तु सुविधाएं नदारद है। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक दुर्घटनाग्रस्त एवं अन्य मरीजों का प्राथमिक इलाज कर तुरंत रेफर कर देते हैं। जिससे आमलोगों के मन में यह बात बार-बार घूमते रहती है कि इतना बड़ा अस्पताल और व्यवस्था के नाम पर सन्नाटा पसरा हुआ है। इस बाबत पर जिला प्रभारी मंत्री ने डीडीसी को सख्त निर्देश दिया कि इन बिंदुओं पर जांच करके जनसमस्या का निवारण करने को निर्देशित किया है।

# ताजिया जुलूस का ड्रोन कैमरा से होगी निगरानी



- थानाध्यक्ष ने बताया कि आगामी मोहर्रम त्योहार के अवसर पर ताजिया जुलूस के रूटों का ड्रोन कैमरा से भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

निज संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** आगामी 17 जुलाई को मोहर्रम त्योहार को शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। मोहर्रम को पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। मोहर्रम को लेकर रविवार को इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी के साथ छोटा शेखपुरा में रूटों का भौतिक सत्यापन ड्रोन कैमरा से किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आगामी मोहर्रम त्योहार के अवसर पर ताजिया जुलूस के रूटों का ड्रोन कैमरा से भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। शेखपुरा में मस्जिद के सामने रुट का भौतिक सत्यापन किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि ताजिया जुलूस के दिन भी ड्रोन कैमरा से जुलूस का वीडियो ग्राफी कराया जाएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि ताजिया जुलूस में सभी जगहों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे। त्योहार में शांति भंग करने वालों को किसी भी शरारती तत्वों को किसी भी कीमत में बख्शा नही जाएगा।

# समकालीन कहानी अपने आप में संपूर्णता चाहती है : सिद्धेश्वर

निज संवाददाता

**पटना।** यह सच है कि आज के भाग-दौड़ में, समय निकाल कर अधिक लंबी रचनाओं को पढ़ने की हिम्मत अधिकांश पाठकों में नहीं है। शायद इसलिए कहानी और उपन्यास की अपेक्षा छोटी रचनाएं अधिक पढ़ी जा रही है। लेकिन एक सच यह भी है कि यदि हमें जीवन की बहुत बड़ी बात कहनी हो, जीवन के कई प्रसंगों को एक साथ रेखांकित करना हो, जीवन मूल्यों के प्रति सकारात्मक सोच को एक दिशा देनी हो, तो वह सब कुछ सिर्फ लघुकथा से संभव नहीं। क्योंकि इन सारे उद्देश्यों को लघुकथा सृजन के समय पूरा करने की धुन में, वह रचना, न लघुकथा रह पाती है न कहानी। इसलिए कि कहानी अपने आप में संपूर्णता चाहती है। कम शब्दों में भी बहुत कुछ कहना चाहती है। और यदि कहानीकार में, कथा सृजन के प्रति समर्पण हो और आमजन से जुड़ने लायक भाषा, साथ ही साथ जीवंत कथावस्तु, तब वह लघुकथा के आकार से आगे बढ़कर भी, बोझिल प्रतीत नहीं होती है बल्कि एक सार्थक कहानी का आकार ले लेती है, जिसे पढ़ते हुए पाठक बोझिलता का अनुभव नहीं करता। भारतीय युवा साहित्यकार परिषद के तत्वधान में, फेसबुक के अवसर साहित्यधर्मी पत्रिका के पेज पर ऑनलाइन अवसर साहित्य पाठशाला के 49 वें एपिसोड में, पूरे देश में पहली बार इस तरह का साहित्यिक पाठशाला का ऑनलाइन आयोजन करने वाले संयोजक सिद्धेश्वर ने, संचालन के क्रम में उपरोक्त उद्गार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि कई नए रचनाकार इस पाठशाला में शामिल हो रहे हैं और लाभ उठा रहे हैं। इस सप्ताह की अध्यक्षता प्रसिद्ध कथाकार अवधेश प्रीत में निभाया जिसके प्रभारी थे- डॉ अनुज प्रभात महीने के दूसरे सप्ताह में कथा सप्ताह के अंतर्गत पाठशाला सह कार्यशाला में सर्वश्री अवधेश प्रीत ने बारिश, सुनीता मिश्रा गुजर ने 'कटोरा कहानी', जयंत ने 'पथरीले रास्ते', पुष्पा जमुआर ने 'अब नहीं', विजया कुमारी मौर्या ने' घर से बेघर', हिना मांड्या ने 'बचपन', इंदु उपाध्याय ने 'मेरी पहली होली', डॉ पूनम श्रेयसी ने अजब प्रेम की गजब कहानी'अनीता पांडा ने ' गुनहगार' , सिद्धेश्वर ने 'प्यार की आत्मस्वीकृति', रजनी श्रीवास्तव अनंता ने 'कौन तुम्हें यूं प्यार करेगा', स्नेह गोस्वामी ने 'अभिसारिका', अर्चना कोहली ने 'चोरी पकड़ी गई', सरला मेहता ने 'राम तेरी गंगा मैली हो गई', अशोक दर्द ने 'आंधी के बाद', अंजू अग्रवाल ने 'हिचकियां', डॉ मंजू सक्सेना ने 'अंतर', निर्मला कारण ने 'दुख का चित्कार', अर्चना कोहली ने पहला प्रेम पत्र, स्नेहा गोस्वामी ने एक 'पाती पी के नाम', सरला मेहता ने 'अनोखा एका', रश्मि लहर ने 'अतीत के दस्तावेज' , सपना चंद्र ने 'एहसान', अनीता रश्मि ने 'चश्मे वाली दो गहरी आंखें', विजय कुमारी मौर्या ने 'हाथ उठ गया', जयंत ने 'चमगादड़ की दुर्गंध' , अर्चना कोहली ने 'कुछ खामोशियां भी शोर मचाती है', निर्मला कर्ण ने' उतरन' एवं सरला मेहता ने 'बबूल' शीर्षक कहानी को पटल पर प्रस्तुत करते हुए रचना सृजन में अपनी सक्रियता का परिचय दिया है। अपने अध्यक्षीय टिप्पणी देते हुए अवधेश प्रीत ने कहा कि -' जयंत एक बेहतरीन कहानीकार हैं। प्रस्तुत कहानी' पथरीले रास्ते' सधी हुई है, मार्मिक है। किन्नरों पर इधर काफी कहानियां आई हैं, इस लिहाज़ से कथ्य नया नहीं है, लेकिन कहन के स्तर पर विषय को जिस तरह ट्रीट किया गया, उसने इसे पठनीय बना दिया है, यही एक कथाकर की ख़ासियत होती है, कि वह देखे को दिखाने की कला को कैसे बरतता है। डॉ पुष्पा जमुआर जी समर्थ लेखिका हैं. प्रस्तुत कहानी' अब नहीं' में उनका सामर्थ्य दिखता है। कहानी कहने का हुनर भी खूब है. कथ्य के लिहाज़ से यह एक परंपरागत भारतीय स्त्री की रूढ़ छवि के बरक्स, अपने स्वाभिमान और स्वायत्तता को तरज़ीह देने वाली स्त्री की कहानी है। आम धारणा है कि स्त्री पहले पिता, फिर पति और बाद में पुत्र की शरणागत रहती है, लेकिन यह कहानी उस धारणा को तोड़ती है।

## अब कैसे करेंगे मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी

**पटना (नि.सं.)।** राज्य के सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में बच्चों को मध्याह्न भोजन आपूर्ति में गड़बड़ी पर दोषी एजेंसियां या स्वयं सेवी संगठन (एनजीओ) को ब्लैक लिस्ट में रखा जाएगा। साथ ही उनसे मध्याह्न भोजन आपूर्ति का कार्य भी वापस लिया जाएगा। शनिवार को मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक मिथिलेश मिश्र ने समीक्षा बैठक के बाद यह निर्देश सभी जिलों को दिया। निर्देश के अनुसार, समय पर मेन्यु के हिसाब से बच्चों को भोजन आपूर्ति करना आवश्यक है। यदि इसमें कोई कमी पायी गई तो दोषी एजेंसी या एनजीओ के विरुद्ध तत्काल आर्थिक दंड लगाया जाएगा। इसके बाद भी उनके कार्य में सुधार नहीं होने पर ब्लैक लिस्ट में डाल दिया जाएगा। निदेशक के मुताबिक वर्तमान में मध्याह्न भोजन योजना के तहत 10 हजार विद्यालयों को स्वयं सेवी संस्थाओं के केंद्रीयकृत रसोईघर से मध्याह्न भोजन की आपूर्ति की जा रही है।

# मुंशी और दलालों ने भूमि सुधार मंत्री अपने विभाग के भ्रष्ट्राचार से हुए परेशान

निज संवाददाता

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है राजस्व कर्मचारी और उनके नीचे स्तर के मुंशी और दलालों ने भू-माफियाओं के साथ मिलकर स्थिति को गंभीर बना दिया है। निर्धन लोगों का भी कोई काम बिना पैसे के नहीं हो रहा है। मैं जहां भी जा रहा हूं, लोग अंचल स्तर के कर्मियों के भ्रष्टाचार की शिकायतें लेकर आ जा रहे हैं। डा. जायसवाल रविवार को यहां अपर समाहर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा-हमारी कुर्सी किसी भी तरह के भ्रष्टचार में लिप्त नहीं होगी। अपेक्षा है कि आप भी ईमानदारी और निष्ठा से काम करें। उन्होंने अधिकारियों से प्रश्न किया-क्या हम भ्रष्टाचार के दाग से मुक्त हो सकते हैं? उन्होंने स्वयं उत्तर भी दिया-मजबूत इच्छाशक्ति से यह संभव है। आइए, इस महीने से भ्रष्टाचार मुक्त कार्य प्रणाली की शुरुआत करें। पहले महीने में दस प्रतिशत सफलता का लक्ष्य रखें। अंचल स्तर पर विभाग की बदनामी कम करने के लिए अपर समाहर्ताओं को पहल करनी ही होगी। डा. जायसवाल ने कहा कि अपर समाहर्ताओं का आदेश नीचे के राजस्व कार्यालयों में महीनों तक पेंडिंग पड़ा रहता है। अंचल अधिकारी और भूमि सुधार उप समाहर्ता उनका संज्ञान नहीं लेते। आपका डर नीचे के अधिकारियों में होना चाहिए। नीचे के कार्यालयों की नियमित एवं सघन जांच करें। सेवाओं में पहले आइए, पहले पाइए का फार्मूला काम नहीं कर रहा है। अपर समाहर्ता इसे देखें। अगर अंचलाधिकारी के स्तर पर गडबड़ी हो रही है तो उनके विरूद्ध कार्रवाई की अनुशंसा करें। पहले आइए, पहले पाइए के फार्मूला के उल्लंघन की 11 हजार से अधिक शिकायतें मिली हैं। दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने बेहतर काम के लिए बांका जिले की प्रशंसा की। मधुबनी को सुधरने के लिए कहा। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि नीचे के कार्यालयों में शिकायतों का ठीक से निपटारा नहीं किया जा रहा है, जिससे राज्य स्तर पर शिकायतें आ रही हैं। 60 से 70 फीसदी शिकायतें तो दाखिल-खारिज से संबंधित हैं। कार्य संस्कृति में बदलाव लाकर इसे ठीक किया जा सकता है। अपने कार्यालय आए मुलाकातियों से निर्धारित अवधि में अवश्य मिलें। उन्हें अपने कर्मचारियों के रहमोकरम पर नहीं छोड़ें। बैठक में विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी लक्ष्मण तिवारी, विशेष सचिव महफूज आलम, अतिरिक्त सचिव अरुण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव आजीव वत्सराज समेत सभी वरीय पदाधिकारी और सभी 38 जिलों से आए अपर समाहर्ता उपस्थित थे।

# बकाया मजदूरी मांगना बना जी का जंजाल पीट-पीटकर युवक की कर डाली हत्या

निज संवाददाता



**नारदीगंज (नवादा)।** थानाक्षेत्र के कुझा गांव में मजदूरी मांगने पर एक युवक की लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई है। घटना शनिवार के देर शाम की बताई जा रही है। बताया गया कि कूझा निवासी स्व गंगा चौहान के पुत्र बजरंगी चौहान का 25000 रुपए मजदूरी अपने गांव के ही सकिंदर चौहान के पुत्र रवि चौहान के यहां बाकी था। शनिवार के दिन बजरंगी मजदूरी का बकाया मांगने रवि चौहान के घर गया। मजदूरी मांगने पर रवि चौहान बजरंगी को गाली गलौज करने लगा। जिसके बाद ग्रामीणों ने पंचायती करा कर मामले को सुलझा दिया।पंचायती उपरांत सभी लोग अपने अपने घर चले गए। उसी दिन शाम के समय में रवि चौहान ने अपने ननिहाल मटिहानी गांव में फोन करके अपने ममेरे भाई लोग को जानकारी दे कर बुलाया। फोन करने के बाद मटिहानी निवासी रामवृक्ष चौहान, बाल्मिकी चौहान, श्रवण चौहान दस बारह लोगों के साथ आया और बजरंगी चौहान के घर में घुस कर मार पीट करने लगा। बजरंगी को पीटता देख कर उसका भतीजा लालो चौहान, गोविंद चौहान और कृष्ण चौहान बीच बचाव करने लगा। बीच बचाव करने के दौरान उन लोगों को भी मार पीट कर जख्मी कर दिया। तब ग्रामीणों ने सभी जख्मियों को उपचार के लिए सदर अस्पताल नवादा ले गया।जहां ड्यूटी में रहे कार्यरत चिकित्सक ने बजरंगी के गंभीर स्थिति को देखते हुए विम्स पावापुरी रेफर कर दिया। बजरंगी के परिजन पावापुरी जाने की तैयारी कर रहे थे तब तक उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया कि मृतक के पत्नी के ब्यान पर प्रथिमिकी दर्ज किया गया है। जिसका कांड संख्या 209/24 है। जिसमें दस लोगों को आरोपित किया गया है।कांड संख्या दर्ज होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अवधेश कुमार उर्फ मद्दू को गिरफ्तार कर लिया है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## जीतन राम मांझी की डिमांड को मानना केंद्र सरकार के लिए मुश्किल होगा

**पटना (नि.सं.)।** केंद्रीय मंत्री और हम पार्टी के नेता जीतन राम मांझी ने केंद्र सरकार के सामने अब तक की सबसे मुश्किल डिमांड रख दी है। जीतन राम मांझी की इस डिमांड को मानना केंद्र सरकार के लिए मुश्किल ही नहीं असंभव जैसा होगा। केंद्र सरकार, शायद ही इस डिमांड को मानने को राजी हो। दरअसल, जीतन राम मांझी ने केंद्र सरकार से डिमांड करते हुए कहा कि मगही प्रसिद्ध भाषा है, इसका विकास होना चाहिए। अधिक से अधिक लोग मगही बोलें और आठवीं अनुसूची में इसे शामिल किया जाए। इसके लिए जो संभव है वह प्रयास करेंगे। बिहार में मगही मुख्य रूप से पटना, नालंदा, वैशाली, गया, राजगीर, नालंदा, अरवल, जहानाबाद, नवादा, शेखपुरा, लखीसराय, जमुई, मुंगेर, औरंगाबाद के इलाकों में बोली जाती है। जीतन राम मांझी ने कहा बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगना पत्थर पर सिर पटकने जैसा है। उन्होंने कहा है कि नीति आयोग ने तो पहले ही मना कर दिया है कि वे विशेष राज्य का दर्जा नहीं देंगे।

# बामसेफ कमिटी का किया गया पुनर्गठन

निज संवाददाता



**माड़नपुर (गया)।** में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि मूलभूत आवश्यकताओं से संबंधित व्यवस्था परिवर्तन के लिए कृतसंकल्पित राष्ट्रीय लोकतांत्रिक संगठन बामसेफ, मूलनिवासी संघ, मूलनिवासी विद्यार्थी संघ, मूलनिवासी सभ्यता संघ आदि संगठनों की जिला कमिटी का पुनर्गठन हेतु बामसेफ का प्रदेश कार्यालय सचिव सह पूर्व जिलाध्यक्ष मूलनिवासी अजय विद्यार्थी जी की अध्यक्षता में वार्षिक बैठक आहुत की गई जिसमें बामसेफ का राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मू आलोक कुमार, मूलनिवासी संघ का केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य मू आदित्य प्रधान, बामसेफ प्रदेश अध्यक्ष मू सुरेश प्रसाद, बामसेफ प्रदेश संगठन सचिव मू परशुराम मांझी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह गया जिला बामसेफ प्रभारी सुरेश कुमार सुमन सहित सहित संकड़ों कार्यकर्तागण शामिल हुए। बैठक में शामिल उपरोक्त पदाधिकारियों द्वारा संगठन का उद्देश्य, विचारधारा एवम गतिविधि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला कोषाध्यक्ष मू महेंद्र प्रसाद सिन्हा द्वारा वार्षिक आय-व्यय से संबंधित प्रतिवेदन, संगठन सचिव मू विनय पासवान द्वारा वार्षिक कार्य प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात जिलाध्यक्ष मू अजय विद्यार्थी द्वारा अध्यक्षीय संबोधन के पश्चात बामसेफ की वर्तमान जिला कमिटी भंग करने की घोषणा की गई। संगठन के नियमानुसार बामसेफ का गया जिला प्रभारी मू सुरेश कुमार सुमन द्वारा बामसेफ, गया का जिलाध्यक्ष के रूप में मू सुरेंद्र कुमार के नाम की घोषणा की गई। साथ ही मूलनिवासी संघ के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य मू आदित्य प्रधान द्वारा मूलनिवासी संघ, गया का जिलाध्यक्ष के रूप में मू सुनील गुरु के नाम की घोषणा की गई। बैठक में शामिल कार्यकर्तागण से विचार-विमर्श के पश्चात बामसेफ एवम मूलनिवासी संघ के उपरोक्त अध्यक्ष के द्वारा गया जिला का बामसेफ एवम मूलनिवासी संघ का पंद्रह सदस्यीय कमिटी गठित की गई।

## बाइक पर पति-पत्नी के साथ गोतिया ने लाठी-डंडे से किया मारपीट

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के दोपटा गांव में बाइक पर सवार होकर जा रहे पति-पत्नी एवं भतीजी के साथ गोतिया के कुछ लोगों ने लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना को लेकर दोपटा गांव निवासी स्व दिनेश सिंह के पुत्र पवन कुमार ने कहा कि वे शनिवार की दोपहर पत्नी एवं भतीजी के साथ बाजार जा रहा था। इसी बीच 25 वर्षों से अधिक आने-जाने वाले रास्तों को गोतिया ने बांस से घेरकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया। विरोध करने पर राजेश सिंह के बेटे शिवम कुमार व बमबम कुमार एवं शिवदानी सिंह हाथ में लाठी-डंडा लेकर गली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इसी बीच शिवम कुमार एवं बमबम कुमार दौड़कर घर के अंदर से चाकू लाकर जान मारने की नियर से सिर पर हमला कर दिया। जिससे मैं गम्भीर रूप से जख्मी होकर जमीन पर गिर पड़ा। साथ में रही पत्नी के मंगलसूत्र एवं झुमका उक्त लोगों द्वारा छीन लिया। पीड़ित ने बताया कि घटना को लेकर थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि मामले को लेकर लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।

# सदर अस्पताल में की गयी छापामारी में नौ अवैध एम्बुलेंस जप्त

निज संवाददाता

**नवादा।** सदर अस्पताल में शनिवार देर रात जिला प्रसाशन के अधिकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बगैर सूचना दिए अस्पताल में छापा मारा। इस क्रम में अस्पताल परिसर में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। सबसे ज्यादा अफरा अफतफरी निजी एम्बुलेंस एवं दलालों में के बीच देखा गया। सदर एसडीएम अखिलेश कुमार, डीटीओ सहित तीन सीनियर डिप्टी कलेक्टर की संयुक्त की टीम ने सदर अस्पताल में देर रात छापा मारा। निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल परिसर में कुल 9 अवैध रूप से निजी एंबुलेंस को जप्त किया गया । कार्रवाई के दौरान सभी एंबुलेंस के ड्राइवर मौके से फरार होने में सफल रहे। जिला प्रशासन ने सभी एम्बुलेंस के टायर का हवा निकाल दिया और डीटीओ को सभी एंबुलेंस को जप्त करने का आदेश दिया।साथ ही साथ उन सभी एम्बुलेंस मालिक पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। संयुक्त टीम ने अस्पताल के सभी हिस्सों का निरीक्षण किया जहां मौके पर खामियां पायी गयी। जांच के दौरान अस्पताल की सुरक्षा में लगे कई गार्ड अनुपस्थित पाए गए। वैसे अनुपस्थित गार्ड पर कार्रवाई का आदेश दिया। साथ ही साथ सिक्योरिटी एजेंसी से भी स्पष्टीकरण की मांग की। अस्पताल में एक बार फिर से साफ सफाई की व्यवस्था खराब दिखाई दी जिस पर उन्होंने डीपीएम एवं हॉस्पिटल मैनेजर को कड़ी फटकार भी लगायी। कार्रवाई जिलाधिकारी के आदेश पर किया गया।

# बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डा. श्रीकृष्ण सिंह की प्रतिमा का अनावरण, भारत रत्न की मांग

निज संवाददाता



**नवादा।** जिले के रोह प्रखंड क्षेत्र के रूखी गांव में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. कृष्ण सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमा का अनावरण जिला परिषद सदस्य निशा चौधरी, भोजपुरी अभिनेता गुंजन सिंह और भाजपा नेता कुंदन कुमार प्रभाकर ने किया। इस दौरान अतिथि एवं अन्य लोगों ने कृष्ण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला प्रवक्ता कुंदन कुमार प्रभाकर ने डा. श्रीकृष्ण सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि वे एक मजबूत राजनेता थे। उन्होंने शांति सौहार्द्र और सामाजिक समानता को बढ़ावा दिया और बिहार को प्रगति के पथ पर ले गए। भोजपुरी अभिनेता गुंजन सिंह ने कहा कि बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक, औद्योगिक, सामाजिक और आर्थिक सुधारों की दिशा में अहम योगदान दिया था। बिहार की प्रगति के लिए उनके योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री से अविलंब उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। जिला परिषद सदस्य निशा चौधरी ने कहा कि एक बेजोड़ प्रशासक के रूप में डॉ कृष्ण सिंह जी भारत के इतिहास के पन्नों में अमर हो गए हैं। समावेशी विकास, औद्योगीकरण और न्याय तथा सामाजिक समानता के शाश्वत मूल्यों के प्रति समर्पण के प्रति उनका उत्साह और प्रतिबद्धता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि देश की पहली पंचवर्षीय योजना के दौरान डॉ सिंह ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में विकास और प्रतिस्पर्धा का नया माहौल बनाया। दूसरी पंचवर्षीय योजना में डॉ सिंह ने औद्योगिक अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे, शिक्षा, कला और संस्कृति के लिए ठोस आधार तैयार किया, जिससे बिहार देश का सबसे बेहतर शासित राज्य बन गया। इस अवसर पर कई समाजसेवी, नेता व ग्रामीण और विविध क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे।

# स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के जोगियामारन पंचयात के भगवानपुर गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में एक छात्रा से सहपाठी छात्र ने कक्षा में ही जबरन छेड़छाड़ कर दिया। मामले को लेकर पुलिस ने छात्र को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर लंच टाइम में सभी छात्र-छात्राएं कक्षा से बाहर निकल गए। इसी का फायदा उठाकर एक छात्र ने कक्षा में एक लकड़ी को जबरन रोक लिया और कक्षा का दरवाजा बन्द करके छात्रा से छेड़छाड़ करने लगा। छात्रा के द्वारा हल्ला करने पर कक्षा के बाहर रही छात्र-छात्राओं ने दरवाजा पीटकर शोर मचाने लगे। घटना की सूचना प्रधानध्यापक समेत शिक्षकों को मिलने पर डायल 112 एवं थाना को सूचना दिया गया। सूचना पाकर थाना से पुलिस बल एवं डायल 112 की टीम दोनों विद्यालय प्रांगण में पहुंचे एवं छात्र को हिरासत में लेकर थाना पहुंचे।साथ ही छात्रा के परिजनों को सूचना मिलने पर वे भी थाना परिसर पहुंचे। छात्रा के द्वारा लिखित आवेदन देकर थानाध्यक्ष से न्याय की गुहार लगाई गई। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि उक्त मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं आरोपित छात्रा को रविवार को हिरासत में लेकर न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गई जान

**कोईलवर।** कोईलवर चांदी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव के समीप सकड्डी-नासरीगंज मार्ग पर शुक्रवार की देर रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार एक प्राइवेट गार्ड को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। वहीं घटना की सूचना पाकर स्थानीय थाना एवं मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। तटपश्चात् पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक चांदी थाना क्षेत्र के जलपुरा (तापा) गांव निवासी योगेन्द्र प्रताप सिंह था जो स्व. राम कुमार सिंह के 54 वर्षीय पुत्र था। वह वर्तमान में करीब 20 वर्षों से अधिक समय से नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर अपने भाई के घर ही रहता था। वह पेशे से प्राइवेट गार्ड थे एवं यूनिवर्सिटी में गार्ड के रूप में कार्यरत था। मृतक के चाचा हरेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात वह अपने गांव से बाइक पर सवार होकर आरा आ रहा रहे था। उसी दौरान सलेमपुर गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच भाई व दो बहन में दूसरे स्थान पर थे। मृतक की पत्नी गायत्री देवी की मौत कुछ वर्ष पूर्व हो गई थी। उनके परिवार में तीन पुत्री सुप्रिया, अनुप्रिया, कृति एवं पुत्र सारंग कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### संत श्री बरहना महिला कॉलेज पर जांच कमेटी गठित

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने संत श्री बरहना महिला कॉलेज, जगदीशपुर पर जांच कमेटी गठित की है। यह जांच कमेटीराजभवन सचिवालय, शिक्षा विभाग, हाई कोर्ट और वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के आदेशोंके बावजूद चार वर्षीय स्नातक सत्र, 2024-28 में नामांकन के समयखुलेआम प्रति छात्राओं,अनुसूचितज ाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों से दो से तीन हजार रुपए का शुल्क लिए जाने के मामलेमें गठित की गई है। कुलसचिव डॉ रणविजय कुमार ने बताया कि छात्राओं से अधिक शुल्क लेने के मामले में विश्वविद्यालय ने एक त्री-सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। कमेटी का संयोजक संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनुज रजक को बनाया गया है। वहीं सदस्य के तौर पर श्री त्रिदण्डी देव गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, शाहपुर के प्रभारी प्राचार्य डॉ गुलाब फलहारीऔर वित्त पदाधिकारी को रखा गया है। कमेटी को सात दिनों के भीतर संदर्भित मामले की जांच कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय को सौंपने को कहा गया है। गौरतलब हो कि दैनिक भास्कर नेस्नातकपार्टवनस त्र, 2024-28 में छात्राओं,अनुसूचितज ाति /जनजाति के छात्र एवंछात्राओं से अतिरिक्त शुल्क लेने का मामला उठाया था।

### नये बने कानून की जानकारी देने के लिए होगा सेमिनारः सुमन

**बक्सर।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ के द्वारा दण्ड संहिता बनाम न्याय संहिता विषय पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रमण्डल स्तर पर लोगों को जागरूक करने हेतु 15 जुलाई 2024 से सेमिनार करने का निर्णय लिया है। यह बहुत ही सराहनीय है।जिसके लिए भाजपा विधि प्रकोष्ठ (लीगल सेल ) बक्सर के जिलाध्यक्ष सुमन कुमार श्रीवास्तव ने विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विंध्याचल राय को बधाई दिया। उन्होंने कहा कि नये बने कानून की जानकारी नहीं होने से लोगों में उह-पोह बना हुआ है।जिसके लिए भाजपा विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ता प्रदेश भर में मण्डल स्तर पर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे । उन्होंने कहा कि नए कानून की जानकारी लोगों को होनी चाहिए।

### विभिन्न मांगों के लिए रेल यात्री का धरना

**ब्रह्मपुर।** रेलयात्री सुविधाओं और एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के लिए रघुनाथपुर रेलयात्री कल्याण समिति की ओर से रघुनाथपुर स्टेशन दुर्गामंदिर परिसर में रविवार की सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक एकदिवसीय धरना दिया जाएगा। उप प्रबंधक रघुनाथपुर स्टेशन के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक दानापुर को इसकी सूचना दी गई है। यह जानकारी मंडल संयोजक नागेन्द्र मोहन सिंह ने दी।

### सरस्वती विद्या मंदिर में हिंदी विषय का प्रश्न मंच का हुआ आयोजन

**नावानगर।** शिव कुमारी कुंवर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाली सोनवर्षा के प्रांगण में हिंदी विषय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित हिंदी विषय प्रश्न मंच में कक्षा दशम तक के छात्र छात्राएं शामिल हुए। प्रश्न मंच में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से पाठ्य सामग्री देकर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के समस्त आचार्य, आचार्या सहित समस्त छात्र छात्राएं शामिल रहे।

### थानाध्यक्षों ने किया इचरी में पौधरोपण

**गड़हनी।** सघन पौधरोपण अभियान सह वन महोत्सव कार्यक्रम-2024 के तहत मनरेगा के बैनर तले प्रखंड के कई गांवों में पौधरोपण किया गया। वही गड़हनी थानाध्यक्षों ने जिलाधिकारी भोजपुर के आदेशानुसार पुलिस निरीक्षक सह गड़हनी थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने इचरी पंचायत के इचरी में पौधरोपण किया। वही कहा कि देश मे पर्यावरण बचाने को ले पौधरोपण कार्यक्रम चल रहा है, वही एक पेड़ देश के नाम कार्यक्रम के तहत भी देश मे पौधरोपण चल रहा है। साथ ही कहा कि देश के सभी नागरिक यदि एक पेड़ लगाते है तो पर्यावरण को बचाया जा सकता है।

### वीकेएसयू : ओपन ऑफर लेटर से नामांकन लेने का निर्णय

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय स्नातक पार्ट वन सत्र, 2024-28 में पहली मेधा सूची से नामांकन लेने के बाद रिक्त सीटों को भरने के लिए ओपन ऑफर लेटर से नामांकन के लिए तिथि जारी किया है। विश्वविद्यालय ने स्नातक के 19 विषयों की रिक्त सीटें ओपन ऑफर लेटर से भरने का निर्णय लिया है। अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों में संचालित विषय अरबी, प्राचीन इतिहास, प्राकृत,लोक प्रशासन, गणित , सांख्यिकी,कॉमर्स, उर्दू, भोजपुरी, मानवशास्त्र, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, दर्शनशास्त्र, बौद्धिक, पर्सियन, संस्कृत, समाजशास्त्र, एलएसडब्लू, पाली और संगीत की पढ़ाई जिन कॉलेजों में होती है, वहां ओपन ऑफर लेटर से नामांकन होगा। वैसे विद्यार्थी जिन्हें इन विषयों में नामांकन लेना है वे संबंधित महाविद्यालय में कागजात का सत्यापन करायेंगे।

### अध्यादेश सरकार की नकारात्मक सोच है

**ब्रह्मपुर।** संविधान हत्या दिवस संबंधी अध्यादेश लाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रो. बलिराज ठाकुर ने केंद्र सरकार के नेतृत्व की नकारात्मक सोच बताया है। प्रो. ठाकुर ने कहा कि पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने ऐसा निर्णय नहीं लिया था लेकिन 'अबकी बार 400 के पार 'नहीं आने पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का दंभ और प्रतिकार का भाव छलक पड़ा। यह तो खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे का अनुपम उदाहरण है। जिस दिन मोदी जी ने 'अबकी बार 400 पार'का झूठा उद्घोष किया था उसे झूठा दिवस के रूप में क्यों नहीं मनाया जाना चाहिए ? इंदिरा गांधी जी ने जो देशहित में काम किया उसे क्यों नहीं याद किया जा रहा है? गांधी को 1980 के चुनाव में प्रचंड बहुमत देकर जनता ने उनकी महानता को स्वीकार कर लिया। उनकी हत्या को सरकार बलिदान दिवस के रूप में मनाने का अध्यादेश क्यों नहीं ला रही है।

### करंट लगने से भैंस की मौत, मुआवजे की मांग

**केसठ।** नावानगर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में शनिवार की सुबह करंट लगने से एक भैंस की मौत हो गई। ट्रांसफार्मर से निकली अर्थिंग के तार में करंट आने से पानी भरे खेत में करंट आ गया। इस दौरान भैंस चरते-चरते करंट की चपेट में आ आई। इस संबंध में लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही से यह हादसा हुआ है। सूचना पर रामपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडे एवं सरपंच विष्णु देव पासवान ने घटन की जानकारी ली। मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडे ने पशुपालन विभाग, नवानगर पुलिस और बिजली विभाग को सूचना दी। इस संबंध में पीड़ित हवलदार पासवान ने बताया कि भैंस की कीमत 60 हजार थी। स्थानीय प्रशासन के संबंधित अधिकारियों से मुआवजे के लिए गुहार लगाई गई है।

# दो सड़क हादसों में महिला समेत 2 जख्मी, बेटे के साथ मंदिर जा रही थी

निज संवाददाता। आरा

## बाइक के चक्के में साड़ी फंसने से हुआ हादसा



भोजपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पहली घटना बड़हरा थाना क्षेत्र के फरना गांव स्थित सती माई मंदिर के समीप की है। जहां बखोरापुर पूजा करने के लिए जा रही एक बुजुर्ग महिला बाइक से गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इसके बाद परिजन ने उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी महिला कोईलवर थाना क्षेत्र के काजीचक गांव निवासी हृदया नंद सिंह की 62 वर्षीय पत्नी सोना देवी है। जख्मी महिला के परिजन ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ बाइक पर पीछे बैठकर अपने गांव से बखोरापुर मंदिर पूजा करने के लिए जा रही थी। इसी दौरान फरना गांव स्थित सती माई मंदिर के समीप उनकी साड़ी बाइक के चक्के में फंस गई और वह असंतुलित होकर गिर पड़ी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

**बाइक से गिरकर युवक घायलः** दूसरी घटना कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बभनगावां पुल के समीप की है। जहां बाइक से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिरौटा गांव निवासी मदन प्रसाद कांतौव का 25 वर्षीय पुत्र श्याम बिहारी कांतौव है।

**रास्ते में मवेशी आ गया थाः** जख्मी युवक ने बताया कि बाइक से सरैया बाजार गया था। जहां से वापस गांव लौट रहा था। इसी बीच बभनगावां पुल के समीप अचानक बाइक के सामने बकरी का बच्चा आ गया। जिसे बचाने के क्रम में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

# सांसद सुधाकर सिंह ने सीएम और पीएम पर साधा निशाना



निज संवाददाता। बक्सर

◆ बक्सर में गंगा नदी के तट पर होने वाले कटाव को लेकर सरकार को घेरा

बक्सर के नैनीजोर में पहुंचे नव निर्वाचित सांसद सुधाकर सिंह ने सीएम नीतीश कुमार और मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुखिया के फंड को नीतीश कुमार ने बिहार में पुल बनाने में लगा दिया। अब वह सब पुल लगातार गिर रहे है। ग्रामीणों के शिकायत पर गंगा किनारे कटाव होने वाला क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री आम आदमी के कामों में रुचि नहीं लेते है। वह सिर्फ अडानी और अंबानी के कामों में रुचि लेते है। उनको लगता है कि अपना टीवी चैनल है। जिस पर जिंदाबाद जिंदाबाद का नारा लगवाएंगे। जनता है भूल चूक में वोट दे ही देगी। सीएम नीतीश कुमार को लेकर कहा कि कभी इंजीनियर के पैर पकड़ते है तो कभी आईएएस अधिकारी के पैर पकड़ते है। यही हालत कुछ दिन में पीएम मोदी का होने वाला है। वहीं नैनीजोर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विरेंद्र यादव ने कहा कि बाढ़ से होने वाले कटाव के लिए काम होना जरूरी है। इस दौरान सांसद ने कोईलवर तटबंध पर बदलैया से लेकर रामजीवन डेरा तक दौरा किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 21 पीठों पर 1143 मामलों का हुआ निष्पादन

निज संवाददाता। आरा



शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित जिला विधिक सेवा प्राधिकार आरा के तत्वाधान में वर्ष का द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरा के प्रकोष्ठ में त्रिलोकी दुबे, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। जिसमें जिला पदाधिकारी राजकुमार, पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री राकेश कुमार मिश्रा, जिला अभियोजन पदाधिकारी, लोक अभियोजक नागेश्वर दुबे, जिला शासकीय अधिवक्ता राजनाथ सिंह, जिला अग्रणी प्रबंधक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के वरीय पदाधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक के पदाधिकारी एवं सभी न्यायिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार द्वारा बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 21 पीठ का गठन किया गया था। कुल निष्पादन 1143 मामलों का निष्पादन हुआ। जिसमें बैंक निष्पादन मामले की संख्या 309, बीएसएनएल 13 एवं न्यायालय में लंबित कुल सुलहनीय वाद के निष्पादन की संख्या 821 है। जिसमें आपराधिक मामले की संख्या 162, विद्युत वादों की संख्या 104., मोटर दुर्घटना वाद की संख्या 4 , रेलवे एक्ट के मामले की संख्या 461,एवं खनन मामले से संबंधित मामलों की संख्या 90 का निष्पादन इस राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया। साथ ही कुल 42859541 रुपए समझौता की राशि रही। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार द्वारा यह भी बताया गया कि विगत 3 माह से सभी कार्यालय कर्मी एवं पारा विधिक स्वयंसेवकों द्वारा कार्य किया जा रहा था।

# हत्याकांड में दो दोस्तों को किया गिरफ्तार, शराब में मिलाई थी जहर, पीने वाले की हो गई थी मौत

## नदी में फेंका गया था शव

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी राजीव सिंह उर्फ छोटू सिंह की हत्या का खुलासा हुआ है। हत्या में संलिप्त दो दोस्तों को भी गिरफ्तार किया है। भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में गीधा थाना के बीरमपुर गांव निवासी स्व. बलि यादव का पुत्र भोला यादव और जितेंद्र राय के पुत्र मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

**जहरीली शराब पी ली थीः** पूछताछ में घटना को अंजाम दिए जाने की बात स्वीकार की है। अपहृत राजीव सिंह और कांड में संलिप्त लोग मिलकर अवैध शराब का कारोबार करते थे। कुछ दिनों से बिक्री की शराब को कोई चुरा रहा था। जिसकी चोरी पकड़ने के लिए इन लोगों ने शराब में जहर मिला दिया था। उसी जहर मिले शराब को छोटू उर्फ राजीव ने अनजाने में पी लिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। बाद में साक्ष्य मिटाने के लिए शव को ट्रैक्टर पर लादकर नदी में फेंक दिया था।

**राजीव लापता हो गया थाः** मालूम हो कि 13 जून 2024 को बीरमपुर गांव निवासी स्व. उमेश सिंह के पुत्र राजीव उर्फ छोटू अचानक लापता हो गए थे। इसे लेकर चाचा हरेन्द्र कुमार सिंह ने संबंधित थाना में अपहरण की प्राथमिकी कराई थी। इस क्रम में 22 जून 2024 को बड़हरा के करजा गांव स्थित पुल के नीच नदी से क्षत-विक्षत हालत में शव बरामद किया गया था।

**अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही हैः** कोईलवर एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी सूचना के आधार पर छापेमारी कर कांड में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। टीम में गीधा थानाध्यक्ष प्रिया शीला, दारोगा मुकेश कुमार और एएसआई उमाशंकर शामिल थे। पूछताछ में दो-तीन अन्य नामों का भी खुलासा हुआ है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी चल रही है।

# मुहर्रम त्योहार के लिए शांति समिति की बैठक



निज संवाददाता। चौगाई

मुरार थाना प्रांगण में मुहर्रम त्योहार के लिए शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष कमलनयन पांडे और बीडीओ चौगाई संजू कुमारी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के अलावा हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। इस दौरान मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्द और भाईचारे से मनाने की अपील की गई। साथ ही मुहर्रम पर्व के दौरान शांति भंग करने वालों पर विशेष कार्रवाई करने की बात बताई गई। लोगों से अपील करते हुए कहा कि शांति भंग करने वाले लोगों को चिह्नित करने में पुलिस की मदद करें। आप लोगों की सहयोग से ही क्षेत्र में हमेशा शांति व्यवस्था बनी रहती है। मुहर्रम पर्व पर ताजिया रखने के लिए अनुमति लेनी होगी। इसके लिए समिति को आवेदन देना होगा।

बैठक के दौरान लोगों ने अपने-अपने विचार को भी रखा। कहा कि सभी पर्व त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है और आने वाला मुहर्रम भी उसी तरह शांतिपूर्ण और सद्भाव के साथ मनाए जाने का भरोसा जताया। रूट चार्ट के अनुसार मुहर्रम जुलूस निकालने की बात सभी उपस्थित ताजिया दारो से कही गई। बैठक में मौके पर सब इंस्पेक्टर रितेश कुमार व मुकेश कुमार, राजस्व कर्मचारी ज्योति मोहन ओझा व रमाकांत प्रसाद, सरपंच चंद्रमा चौधरी, मुरार पंचायत मुखिया श्रवण कुमार, मसरिया पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, जदयू नेता लाला सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, राजद जिला उपाध्यक्ष मंटू यादव सहित अन्य लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# ठनके की चपेट में आने से एक युवक की मौत

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के सिमरी प्रखंड स्थित अभिलाख के डेरा गांव में ठनके की चपेट में आने से एक पशुपालक की मौत हो गई। इसकी सूचना पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने युवक को चारपाई पर लेटा कर स्थानीय डॉक्टर से दिखाया। पशुपालक को मृत घोषित कर दिया गया है।

इसके बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। युवक अपने पशुओं को लेकर खेत की तरफ चराने के लिए गया था। इसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। सूचना पर पहुंची सिमरी सहायक थाना रामदास राय के डेरा ओपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने बताया कि मृतक सत्येंद्र यादव (42 साल) पिता काली यादव प्रत्येक दिन की तरह आज भी गांव के खेत की तरफ अपने पशुओं को चराने के लिए निकला हुआ था। इसी बीच अचानक हल्की बारिश साथ आकाशीय बिजली गिरने लगे। तभी एक तेज चमक और आवाज के साथ आकाशीय बिजली सतेंद्र यादव के ऊपर आकर गिर गई। इससे पशुपालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना जैसे ही गांव में मिली कि घटनास्थल पर सैकड़ों ग्रामीण की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की सूचना पूर्व मुखिया रमाशंकर बिंद और राजेंद्र प्रसाद यादव ने स्थानीय थाने को दी। मौके पर पहुंची रामदास राय के डेरा ओपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर सदर भेज दिया है। घटना के बाद मृतक का बेटा रोहित कुमार (10) मोहित कुमार (6) बेटी रिंकी कुमारी (8) पत्नी सिंधु देवी (30) पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इनका रो-रोकर बुरा हाल है।

# कॉलेजों में करोड़ों से वाईफाई का सेटअप लगाया गया था

निज संवाददाता। आरा

आरा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के विकास का बजट करीब एक अरब से ज्यादा है। लेकिन वहां शोध करने वाले एवं पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को वाईफाई की सेवा नहीं मिलती है। करीब 11 माह से वाईफाई की सेवा विश्वविद्यालय परिसर में ठप है। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत विश्वविद्यालय परिसर एवं इसके अंतर्गत अंगीभूत कॉलेजों में करोड़ों की लागत से वाईफाई का सेटअप लगाया गया था। एयरटेल के कनेक्शन से वाईफाई संचालित होता था। इस वाईफाई को सुचारू ढंग से चलाने के लिए एक इंजीनियर भी बहाल किया गया था जिसे प्रतिमाह 22 हजार रुपए मानदेय के तौर पर दिया जाता था। यह इंजीनियर विश्वविद्यालय परिसर के अलावा भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले के अंगीभूत कॉलेजों की भी मॉनिटरिंग करता था। अब चूंकि सरकार ने निःशुल्क वाईफाई का कनेक्शन देने से इंकार कर दिया है। इसकी वजह से विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में वाईफाई की सेवा ठप हो चुकी है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सरकार की तरफ विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में वाईफाई का सेटअप लगा दिया गया है। इसका संचालन अब विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों को अपने स्तर से करना होगा। जबकि विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कॉलेजों का कहना है कि सरकार की तरफ से जारी पत्र में ऐसा कुछ नहीं कहा गया है। बिजली कट जाने पर वाईफाई की सुविधा हो जाती है ठप नेशनल नॉलेज नेटवर्क (एनकेएन) को जोड़कर विश्वविद्यालय परिसर में वाईफाई की सुविधा दी जा रही है। बिजली कट जाने पर वाईफाई पूरी तरह ठप हो जाता है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के नोडल पदाधिकारी से बातचीत की गई



तो उन्होंने बताया कि कैम्पस में वाईफाई की सेवा अभी जारी है। केवल प्रशासनिक भवन एवं कॉलेजों में वाईफाई कार्य नहीं कर रहा है। नेशनल नॉलेज नेटवर्क (एनकेएन) को जोड़कर विश्वविद्यालय परिसर में वाईफाई की सुविधा दी जा रही है। बिजली कट जाने पर केवल वाईफाई कार्य नहीं करता है। यूपीएस खराब है नया मशीन मिल जाने के बाद 24 घंटे वाईफाई की सुविधा विद्यार्थियों को मिलने लगेगी। शाहाबाद प्रक्षेत्र के कॉलेजों में भी वाईफाई सेवा बंद वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत अंगीभूत कॉलेजों में भी वाईफाई सेवा बंद हो चुकी है। भोजपुर जिले के हर प्रसाद दास जैन कॉलेज, महाराजा कॉलेज, एसबी कॉलेज, जगजीवन कॉलेज, महिला कॉलेज, बक्सर जिले के एमवी कॉलेज एवं डीके कॉलेज डुमरांव, सासाराम जिले के शेरशाह कॉलेज, एसपी जैन कॉलेज, रोहतास महिला कॉलेज, श्री शंकर कॉलेज, एएस कॉलेज बिक्रमगंज, जेएलएन कॉलेज डेहरी-ऑन-सोन, महिला कॉलेज डालमियानगर एवं एसएन कॉलेज शाहमल खैरादेव और कैमूर जलिा में एसवीपी कॉलेज, भभुआ एवं ग्राम भारती कॉलेज, रामगढ़ में भी वाईफाई की सेवा बंद हो चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### सादपुर में ई-रिक्शा से टकराई बाइक, दंपती गंभीर

**भागलपुर**। पत्नी का इलाज करवाने जा रहे युवक की बाइक सामने से टोटो से टकरा गई। इस हादसे में पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना शनिवार दोपहर शाहकुंड के सादपुर के पास हुई। जख्मी बाइक चालक मुंगेर के जमालपुर निवासी गुड्डू दास और उसकी पत्नी रूपा दास का मायागंज अस्पताल में इलाज चल रहा है। गुड्डू दास के पैर व सिर में गंभीर चोटें आई हैं। वह पत्नी को लेकर अपनी ससुराल पंचरुखी से शाहकुंड जा रहा था। मायागंज अस्पताल में गुड्डू का साला ज्योति दास ने बताया कि जीजा व दीदी एक शादी समारोह में शामिल होने पंचरुखी आए थे। शनिवार को बहन की अचानक तबियत खराब हो गई। जीजा बहन को लेकर बाइक से डॉक्टर को दिखाने जा रहे थे। इसी दौरान टोटो से आमने-सामने की टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों से जानकारी मिलने पर हमलोग घटनास्थल पर पहुंचे और पास के एक अस्पताल में दोनों को इलाज के लिए ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत देख डॉक्टर ने दोनों को मायागंज रेफर कर दिया।

### सभी कॉलेजों को 50-50 फलदार पौधे देने का फैसला

**मुंगेर**। महाविद्यालयों के परिसर को हरा-भरा बनाने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना ने नई पहल शुरू की है। उसने अपने सभी सम्बद्ध एवं अंगीभूत महाविद्यालयों को 50 फलदार एवं छायादार पौधा निःशुल्क देने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर रोहित कुमार ने बताया कि इस संबंध में कार्यक्रम पदाधिकारियों को पत्र जारी कर पौधों को ले जाने का आग्रह किया गया है। तीन दिनों के अंदर विश्वविद्यालय कार्यालय से पौधा प्राप्त कर उसे कॉलेज कैंपस में लगाने का अनुरोध किया गया है। साथ ही पौधरोपण की तस्वीर विश्वविद्यालय एनएसएस कार्यालय को भेजा जाना है। कार्यक्रम समन्वयक डा. रोहित कुमार ने बताया कि 21 जुलाई तक सभी कॉलेजों में पौधरोपण कार्य को संपन्न किया जाना है। जिसके लिए फलदार एवं छायादार पौधा उपलब्ध कराया जा रहा है। एनएसएस इसमें बड़ी भूमिका निभा रहा है। बता दें कि पिछले दिनों जमालपुर कॉलेज एनएसएस की ओर से कॉलेज कैंपस में करीब 25 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए थे।

### भाजपा की जनविरोधी नीतियों से लोग त्रस्त

**मुंगेर**। सात राज्यों की तेरह सीटों पर होने वाले उपचुनाव में एनडीए गठबंधन की करारी शिकस्त ने एक बार फिर यह प्रमाणित किया है कि जनता एनडीए की सरकार को खारिज कर चुकी है। लोग भाजपा की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त हैं। यह बातें शनिवार को अपने प्रेस बयान में ऑल इंडिया रिवॉल्युशनरी फोरम के सह संयोजक फर्रह शकेब ने कही। फर्रह शकेब ने कहा कि भाजपा तेरह में से नौ सीटों पर चुनाव हारी है और महज़ दो सीटें बहुत मामूली अंतर से जीतने में सफल हुई है। जबरन हिंदुत्व की ठेकेदारी करने वाली भाजपा को जनता ने उत्तर प्रदेश की अयोध्या के बाद उत्तराखंड के बद्रीनाथ सीट पर भी खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि बद्रीनाथ सीट पर भाजपा की करारी हार के बहुत व्यापक मायने हैं। जिन्हें देश की आम जनता को समझना होगा।

### अस्पताल जा रहा दंपती हादसे का शिकार, गंभीर

**भागलपुर**। पत्नी का इलाज करवाने जा रहे युवक की बाइक सामने से टोटो से टकरा गई। इस हादसे में पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना शनिवार दोपहर शाहकुंड के सादपुर के पास हुई। जख्मी बाइक चालक मुंगेर के जमालपुर निवासी गुड्डू दास और उसकी पत्नी रूपा दास का मायागंज अस्पताल में इलाज चल रहा है। गुड्डू दास के पैर व सिर में गंभीर चोटें आई हैं। वह पत्नी को लेकर अपनी ससुराल पंचरुखी से शाहकुंड जा रहा था। मायागंज अस्पताल में गुड्डू का साला ज्योति दास ने बताया कि जीजा व दीदी एक शादी समारोह में शामिल होने पंचरुखी आए थे। शनिवार को बहन की अचानक तबियत खराब हो गई। जीजा बहन को लेकर बाइक से डॉक्टर को दिखाने जा रहे थे। इसी दौरान टोटो से आमने-सामने की टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों से जानकारी मिलने पर हमलोग घटनास्थल पर पहुंचे और पास के एक अस्पताल में दोनों को इलाज के लिए ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत देख डॉक्टर ने दोनों को मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। ज्योति दास ने बताया कि कुछ वर्ष पहले ही बहन की शादी हुई है। उसको दो वर्ष का एक लड़का है।

### नाबालिगों से दुर्घटना होने पर अभिभावक से वसूलेंगे जुर्माना

**खगड़िया**। जिले भर में हर जगह नाबालिगों के हाथ में बाइक के अलावा चार पहिया वाहन और ई रिक्शा, ट्रैक्टर की कमान रहती है। नाबालिक वाहन चालक ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करते हुए तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ऐसा करने वाले नाबालिग के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी, जिसमें दुर्घटना होने पर अभिभावक से 25 हजार जुर्माना वसूलने के साथ ही तीन वर्ष की सजा भी हो सकती है।

### लोहिया चौक पर मछली हाट लगने से बढ़ी परेशानी

**मानसी**। रेल थाना क्षेत्र के लोहिया चौक पर मछली हाट लगने से हर शाम जाम की समस्या उत्पन्न होती है और लोग परेशान रहते हैं। ज्ञात हो कि मानसी बाजार से एनएच-31 पर जाने के लिए मुख्य सड़क पर से सैकड़ों वाहन दौड़ाते रहती है। इसी दौरान यहां सड़क के दोनों किनारों पर मछली हाट लगाए जाने से प्रतिदिन जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। बावजूद स्थानिय प्रशासन संवेदनहीन हैं।

### स्टेशन के पास छात्र से मोबाइल छीना

**भागलपुर**। स्टेशन चौक के पास एक छात्र के हाथ से झपटमार मोबाइल झपट कर भाग गया। मामले में एकचारी निवासी अभिनव कुमार शनिवार दोपहर घटना की शिकायत लेकर थाना पहुंचा। पुलिस ने उसे मोबाइल का कागजात लेकर आने के बाद आवेदन देने को कहा। अभिनव ने बताया कि मैं स्टेशन से अपने डेरा लौट रहा था। मोबाइल पर मामा से बात करते हुए जा रहा था तभी शातिर मोबाइल झपट कर भाग गया।

### 2086 ने भरा पीजी सेमे. 2 परीक्षा फॉर्म

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में पीजी सेमेस्टर-2, सत्र 2023-25(परीक्षा-2024 ), बैकलॉग सत्र 2022-24 के विद्यार्थियों का परीक्षा प्रपत्र 03 जुलाई से भरा जा रहा है। जो 11 जुलाई तक बिना विलंब शुल्क के भरा गया। इसके बाद 12 एवं 13 जुलाई को विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भरने का मौका दिया गया। जिसकी तिथि शनिवार को समाप्त हो गई। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि शनिवार तक तीनों संकाय में कुल 2086 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा फॉर्म भरा। जिसमें कला संकाय में 1782, विज्ञान संकाय में 253 तथा वाणिज्य संकाय में 51 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा फॉर्म जमा किया। उन्होंने बताया कि विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भरने का शुल्क 600 रुपए निर्धारित था। जो विद्यार्थियों को संबंधित दस्तावेजों को भौतिक सत्यापन कराते हुए ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा प्रपत्र शुल्क जमा करना था।

### मांगों को लेकर हेल्थ वर्करों ने विधायक से लगाई गुहार

**भागलपुर**। जिले के 386 स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर तैनात 110 सीएचओ व नर्सिंग कर्मियों का प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रहा। जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय के बाहर कर्मियों ने प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि हमलोगों पर दो से तीन उपकेंद्रों का भार है। सप्ताह में अगल-अलग दिन उन सेंटरों पर ड्यूटी करनी होती है। सीएचओ के पास मरीजों के इलाज के लिए संसाधन कम मिले हैं। मरीजों व महिला स्टाफ के लिए शौचालय समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं तक नहीं हैं। इसके बाद सभी संविदा कर्मी भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा से मिले। उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। विधायक ने भरोसा दिया कि उनकी बातों को सरकार तक पहुंचाई जाएगी। विधायक से वार्ता के बाद कर्मियों ने कहा कि यह प्रदर्शन पूरे राज्य में जारी है। मांग पूरी होने तक आंदोलन चलता रहेगा। 18 जुलाई को पटना में आंदोलन किया जाएगा।

# कहलगांव के 2 गांव में लगातार हो रहा कटाव, ग्रामीणों को पलायन का सता रहा डर

◆ किसानों की कृषि योग्य जमीन गंगा में समा रही

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में गंगा का जलस्तर बढ़ने का सिलसिला जारी है। जिले के कहलगांव प्रखंड के बीरबन्ना पंचायत के तौफिल और अंठावन गांव में पिछले 24 घंटे से कृषि योग्य भूमि का कटाव जारी है। कटाव इतना भयावह है कि तौफिल गांव के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। तौफिल गांव से सटे उत्तर दिशा में तेज कटाव से गांव के लोग डरे हैं। ग्रामीणों को अब विस्थापित होने का भय सताने लगा है। वहीं, पश्चिम दिशा तौफिल और अंठावन गांव के बीच भीषण कटाव जारी है। पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि ऐसा कटाव जारी रहा, तो तौफिल गांव भी गंगा में विलीन हो जाएगा। उत्तर दिशा में गांव से सटे पूर्व में जियो बैग से तैयार तटबंध गंगा में समा गया है।

**जिला प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं हुईः** वहीं, पश्चिम दिशा की ओर मवि के आगे अंठावन गांव के पास कटाव से कृषि योग्य भूमि कट कर गंगा में समा रही है। आलम यह है की दर्जनों किसानों की दो से तीन एकड़ जमीन गंगा में समा गई है। तौफिल गांव को बचाने के लिए कटाव निरोधी कार्य की ग्रामीणों ने मांग की है। लेकिन, जिला प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं की गई है। कहलगांव में गंगा के जलस्तर चेतावनी लेवल से 27 सेंटीमीटर नीचे है। गंगा के जलस्तर में वृद्धि का दौर जारी है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार प्रति घंटे 2 सेंटीमीटर की बढ़त के साथ गंगा का जलस्तर 29.82 मीटर पर जा पहुंचा है। जो चेतावनी स्तर से 27 सेंमी नीचे है। गंगा के जलस्तर में बढ़त की संभावना है।

**नवगछिया में भी कटाव जारीः** नवगछिया अनुमंडल में गंगा और कोसी नदी के जलस्तर में बेतहाशा वृद्धि से लोगों के बीच दहशत है। बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल कार्यालय के अनुसार 12 घंटे में गंगा नदी में 19 सेंटीमीटर और कोसी नदी में 16 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई।

**जगह-जगह टीम भ्रमण कर रही हैः** जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने कहा प्रशासन की तैयारी है। बाढ़ प्रमंडल की टीम जगह-जगह भ्रमण कर रही है। जहां-जहां कटाव हो रहा है। वहां कटावरोधी कार्य किए जा रहे हैं, इसके साथ ही निजी नाव, एसडीआरएफ के बोट और सरकारी नाव के इंतजाम है। किसी इलाके में बाढ़ का पानी तीन दिनों से ज्यादा रहता है तो वहां के बाढ़ पीड़ितों के लिए शिविर की व्यवस्था की जाएगी।

## पीरपैंती में घरेलू विवाद में महिला की पिटाई

निज संवाददाता। भागलपुर



◆ देवर ने लाठी-डंडे से किया हमला, पीड़िता ने थाने में आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

पीरपैंती थाना क्षेत्र के डोमन खुटैरी में घरेलू विवाद में देवर ने भाभी की जमकर पिटाई कर दी। पीड़िता शीला देवी ने बताया कि दो दिन पहले भी खेत पर झगड़ा हुआ था। मेरे पति भवेश शर्मा घर पर नहीं है। दूसरे राज्य में काम करते हैं। आए दिन मेरे साथ गाली-गलौज करते हैं।

**विरोध करने पर लाठी-डंडे से पीटाः** उन्होंने आगे बताया कि रविवार को सुबह के समय अपने घर में खाना बना रही थी। इस बीच देवर अंगेश शर्मा मेरी मां को गंदी-गंदी गाली देने लगा। विरोध करने पर लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी। घटना के समय घर में सिर्फ मैं और मेरी बेटी थी। मेरे पति जब घर पर रहते हैं तो कोई विवाद नहीं होता है। जमीन का बंटवारा भी नहीं किया जा रहा है।

पीड़िता ने लगाई गुहारः पीरपैंती थाने में पीड़ित ने आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भेज दिया। वहीं, अस्पताल में मौजूद डॉक्टर नीरज कुमार का कहना है कि लाठी-डंडा से महिला की पिटाई की गई है। पूरे शरीर में दर्द है। इलाज किया जा रहा है।

## भागलपुर में बॉयफ्रेंड से मिलने गई छात्रा से गैंगरेप, 4 लड़कों ने कमेंट किया, प्रेमी ने किया विरोध तो मारपीट की

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में 17 साल की छात्रा से गैंगरेप हुआ है। 11 जुलाई को छात्रा कोचिंग के बहाने अपने बॉयफ्रेंड से मिलने गई थी। शाम करीब सात बजे दोनों एयरपोर्ट मैदान में घूम रहे थे। वहां अंधेरा था। इसी बीच कुछ नशेड़ियों ने लड़की पर कमेंट कर दिया। बॉयफ्रेंड ने जब विरोध किया तो वे लोग मारपीट करने लगे। जिसके बाद 3-4 नशेड़ियों ने मिलकर लड़की को एयरपोर्ट से दक्षिणी छोर रेलवे लाइन के पास उठाकर ले गए, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इस पूरे मामले की जानकारी एसएसपी आनंद कुमार ने दी है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता के पिता ने पहले लोक लिहाज के चलते थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराया, लेकिन घटना के दो दिन बाद न्याय की आस लेकर थाने पहुंचे। पीड़िता के पिता ने तिलकामांझी थाने में लिखित शिकायत की है। इस मामले में पुलिस ने दो संदिग्ध को हिरासत में लिया है। उनके मोबाइल की भी जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस को आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। पीड़िता थानाध्यक्ष की निगरानी में शनिवार की देर रात मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल पहुंची।

**पिता को रोते हुए बताई सारी बातः** पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया है कि बेटी हर दिन ट्यूशन के लिए घर से बाहर जाती थी। गुरुवार को भी वो कोचिंग के लिए गई। जब घर लौटी तो उसने बताया कि उसके साथ कुछ लोगों ने मारपीट और गैंगरेप किया है। बेटी ने रोते हुए पूरी बात बताई। उसने कहा कि ट्यूशन के बहाने हर दिन अपने दोस्त के साथ एयरपोर्ट घूमने जाती थी। गुरुवार को भी गई थी। इस बीच चार-पांच लोग आए और मारपीट की और रेलवे लाइन के पास ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया।

**दो संदिग्ध को हिरासत में लिया गयाः** पुलिस शनिवार को एयरपोर्ट मैदान में जांच के लिए पहुंची थी, लेकिन वहां कोई सबूत नहीं मिला। आरोपी भी पीड़िता के इलाके का रहने वाला है। पुलिस हिरासत में लिए गए दो संदिग्धों के मोबाइल की भी जांच कर रही है। पुलिस ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## पीरपैंती से नाबालिग लड़की 18 दिन बाद भी नहीं मिली, लड़की के परिजनों को अपशब्द भी कहा गया, गांव का ही है आरोपी

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के पीरपैंती थानाक्षेत्र से एक नाबालिग लड़की 18 दिनों से लापता है। 25 जून को वो घर से सामने की दुकान पर कुछ खरीदने गई थी। पर अब तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। लड़की की मां ने गांव के ही एक युवक पर लड़की को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। मामला पीरपैंती थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुर के राजगंज का है। लड़की के परिजन रविवार को पीरपैंती थाना पहुंच पुलिसकर्मियों से मुलाकात की और बेटी को ढूंढ़ने की गुहार लगाई। लड़की की मां ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने 27 जून को थाना में आवेदन भी दिया था। पर पुलिस अब तक बेटी को नहीं ढूंढ़ पाई है।

**किराने की दुकान पर गई फिर वापस नहीं लौटीः** लड़की की मां ने बताया कि 25 जून को की रात करीब बेटी को घर के ही पास के किराने की दुकान से सामान लाने के लिए भेजा था। इसके बाद से ही वो गायब है। परिजनों और गांव वालों द्वारा मंगलवार रात से ही खोजबीन जारी है। वहीं, अपने सभी रिश्तेदारों से भी फोन पर लगातार पूछताछ करने के बाद भी उसका पता नहीं चला।

**रॉकी पर लगाया बेटी को भगाने का आरोपः** 26 जून को पता चला कि गांव के ही रहने वाले स्व. मो सोहिद के पुत्र मो. रॉकी बेटी को बहला फुसला कर घर से भगा ले गया है। रॉकी के परिजनों से उसके बारे में पूछा तो उन्होंने कुछ नहीं बताया और गाली देते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। इसके बाद 27 जून को पीरपैंती पुलिस से अपनी बेटी को ढूंढ़ने की गुहार लगाई और लिखित शिकायत की।

**लड़की की मां ने रॉकी की मां पर भी लगाया आरोपः** लड़की की मां ने आरोप लगाया है कि मो. रॉकी और मो. सोजग ने बेटी को जबरदस्ती मुंह दाबकर खींच कर बाइक पर बैठाया और उसे लेकर फरार हो गए। आरोप है कि लड़की की मां को रॉकी की मां बीबी साबरीन ने कहा- मेरा बेटा तुम्हारी बेटी को भगा कर ले गया है। तुमको जो करना है कर लो। लड़की की मां ने कहा कि मेरी बेटी के साथ उन लोगों द्वारा कभी भी अप्रिय घटना की जा सकती है। इधर, थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस लड़की को बरामद करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। रॉकी के परिजनों से भी लगातार पूछताछ की जा रही है। जल्द ही लड़की को बरामद कर लिया जाएगा।

## मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस को कमरे में किया बंद

निज संवाददाता। मुंगेर



कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार को भाई-भाई के घरेलू विवाद में छोटे भाई ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को विवाद की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी बड़े भाई को समझाने उसके घर गई तो अंदर प्रवेश करते ही आरोपी ने पुलिस वालों को कमरे में बंद कर दिया। आरोपी ने अपने घर के कमरे में पुलिस को जैसे ही बंद कर अपने पत्नी से कहा कि पुलिस को फंसाने के लिए यह अच्छा तरीका है। पहने हुए कपड़ा को फाड़ दो तभी पुलिस अधिकारी ने चालाकी दिखाते हुए अपने वरीय अधिकारी को इसकी सूचना दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आरोपी के घर जाकर कमरे में बंद पुलिस अधिकारी को पहले बाहर किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रमेश प्रसाद को गिरफ्तार कर थाना लाया। जिसके बाद केस दर्ज कर पुलिस के साथ बदसलूकी करने के आरोप में उसे जेल भेज दिया।

## 70 आउटसोर्स कर्मियों को आश्वासन के मुताबिक मानदेय का भुगतान नहीं

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर विश्वविद्यालय में करीब 21 माह से कार्यरत 70 आउटसोर्सिंग कर्मियों को मानदेय का भुगतान नहीं हो पाया है। आंदोलन के बाद आश्वासन विश्वविद्यालय प्रशासन का पुराना शगल बन चुका है। आउटसोर्सिंग कर्मी भी इसका शिकार हो रहे हैं। दरअसल आउटसोर्सिंग कर्मी अपने को मजबूर समझते हैं कि वे खुलकर आंदोलन भी नहीं कर सकते। वे ना विवि प्रशासन के खिलाफ और ना ही एलीट फाल्कन कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जाना चाहते हैं। किसी तरह हिम्मत जुटाकर एक से दो दिन धरना पर बैठ भी जाएं, तो उन्हें अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाता है। शनिवार को भी कुछ आउटसोर्स कर्मियों ने बताया कि हमलोगों को अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है। परिस्थिति यह है कि इन कर्मियों के लिए दैनिक गुजारा करना भी मुश्किल हो रहा है। जबकि इन कर्मियों के ऊपर विवि का सुरक्षा से लेकर परीक्षा तक की जिम्मेवारी है। वे निर्धारित समय सीमा से भी ज्यादा काम करते हैं। वे आदेश की अवहेलना करने से हिचकते हैं। इधर विवि प्रशासन एवं कंपनी प्रबंधन के रार के बीच इनके भुगतान का मामला फंसा हुआ है। जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग में दो दिन पहले बैठक में कंपनी के साथ मुंगेर विश्वविद्यालय के एग्रीमेंट की कॉपी मांगी गई है। कर्मियों ने बताया कि भुगतान के नाम पर केवल दो बार उन्हें 20-20 हजार और एक बार 40 हजार रुपए दिए गए हैं। हालांकि उन्हें मासिक मानदेय का पता भी नहीं है। उन्हें अब तक केवल अग्रिम के रूप में भुगतान किया गया है।

## ड्रेस कोड का अनिवार्य रूप से पालन करें छात्र-छात्राएं, 75% हो उपस्थिति

निज संवाददाता। मुंगेर



जमालपुर कॉलेज जमालपुर में सीबीसीएस पर आधारित चार वर्षीय स्नातक के नए सत्र 2024-2028 के विद्यार्थियों के लिए शनिवार को इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ अशोक कुमार पोद्दार ने की। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ चन्दन कुमार ने किया। इस मौके पर छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें सत्र के पाठ्यचर्या से संबंधित सभी जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न विषयों के शिक्षकों से परिचय कराया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को अनिवार्य तौर पर ड्रेस कोड के अनुपालन का निर्देश दिया गया। साथ ही 75 प्रतिशत उपस्थिति की अनिवार्यता बताई गई। इस मौके पर जिला कार्यालय से स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना पर छात्रों को परामर्श देने के लिए रमेश कुमार रमण, सुमित कुमार एवं अन्य सहकर्मियों को आमंत्रित किया गया था। जिन्होंने छात्रों के लिए बिहार सरकार द्वारा संचालित सात निश्चय योजना के तहत क्रेडिट कार्ड की उपयोगिता बताई और उसके प्राप्ति के लिए विभागीय प्रक्रिया को भी साझा किया। इंडक्शन मीट में राजनीति विज्ञान से विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार प्रभाकर, हिंदी विभाग से डॉ अभिलाषा कुमारी और डॉ चन्दा कुमारी, दर्शन शास्त्र विभाग से डॉ नेहा कुमारी, इतिहास विभाग से डॉ विनोद रंजन, उर्दू विभाग से डॉ जकिया तसनीम, मनोविज्ञान विभाग से डॉ ओम प्रकाश आदि उपस्थित हुए। उन्होंने अपने अपने विषय से संबंधित तकनीकी परामर्श दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ड्रोन से होगी अखाड़ों की निगरानी, डीजे बजाने पर होगी कार्रवाई

**पटना, एजेंसी।** मुहर्रम में विधि व्यवस्था और शांति बनाए रखने को लेकर गुलजारबाग स्टेडियम के सभागार में बैठक हुई। अध्यक्षता एसडीओ गुंजन सिंह व एएसपी शरथ आरएस ने की। जबकि संचालन डीएसपी डॉ गौरव कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ ने सभी लाइसेंसी अखाड़ा के खलीफा को लाइसेंस में दिये गए रूट और समय का अनुपालन करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अखाड़ों की विडियोग्राफी करायी जाएगी। साथ में ड्रोन द्वारा निगरानी भी की जाएगी। अखाड़ा में अस्त्र–शस्त्र के प्रदर्शन एवं साथ में रखने पर पाबंदी रहेगी। डीजे बजानेवालों पर कानूनी कारवाई की जाएगी। बैठक में बांकीपुर अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी ने आश्वासन दिया की पत्थर के मस्जिद से लेकर दरगाह करबला तक टूटे–फूटे सड़क को अस्थायी तौर पर मरम्मत करा दिया जाएगा। एएसपी ने कहा कि पहलाम होने वाले रूट में भीड़–भाड़ को देखते हुए 17 एवं 18 जूलाई को छोटे एवं बड़े वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। दरगाह शाह आरंजा के मैदान में लगने वाले मेले में महिला एवं पुलिस बल की चौकसी रहेगी। अखाड़ा में अश्लील गाना बजाने एवं भड़काऊ नारा लगाने पर रोक रहेगी। बैठक में पार्षद बैजू लाल दास, गणेश कुमार, वशी अख्तर, मो जावेद, हिदायत अहमद, संजय अलबेला, अंजुम आलम, कलीम इमाम, शाहीद अंसारी, बाबू भाई, अली ईमाम, मिथलेश शर्मा शामिल थे।

### पंचायतों की आम जमीन पर लगाए जाएंगे 5.50 लाख पौधे

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** वन महोत्सव 2024 के तहत पंचायतीराज विभाग ने पंचायत की आम जमीन पर 5.50 लाख पौधा लगाने का निर्णय लिया है। इसकी शुरुआत जुलाई के तीसरे सप्ताह से जिलों के प्रभारी मंत्री करेंगे। अभियान के तहत प्रत्येक वार्ड में एक पीपल, एक बरगद समेत कम से कम पांच पौधे लगाए जाएंगे। विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह के अनुसार, इसकी विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। जुलाई के तीसरे सप्ताह में प्रत्येक जिले में जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन सामिति की बैठक प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में होगी। इस दौरान प्रभारी मंत्री कॉलेक्ट्रेट परिसर या उसके आसपास पीपल का पौधा लगाएंगे। वहीं, एक पीपल या बरगद का पौधा लगाने की जिम्मेदारी डीएम को भी दी गई है। इसके अलावा जिला परिषद की जमीन पर पौधा लगाने की जवाबदेही संबंधित डीडीसी की होगी। इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिषद अध्यक्ष, मुखिया व वार्ड सदस्यों को भी अपने-अपने वार्ड की आम जमीन पर पीपल, बरगद, जामुन, महुआ व नीम के पौधे लगाने होंगे। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा के लिए हरित क्षेत्र को बढ़ाना है। इस तरह जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन सामिति की बैठक से शुरू होने वाले इस अभियान को वार्ड स्तर तक ले जाया जाएगा। पंचायतों में लगाए गए पौधों की सुरक्षा व देखभाल की जिम्मेदारी वार्ड सदस्य व मुखिया की होगी।

### अरसे बाद नगर में मच्छरों से निजात को चला फॉगिंग मशीन

**मोतिहारी/सुगौली, एजेंसी।** बीते एक पखवाड़े में करीब दस दिन से अधिक सफाईकर्मियों के हड़ताल से बनी नारकीय स्थिति से अब निजात मिलता दिख रहा है। गुरुवार को मुख्य पार्षद नसरीन अली, उप मुख्य पार्षद पति सह भाजपा नेता विकास शर्मा व ईओ धर्मेंद्र कुमार तथा सफाई अधिकारी मोइन अंसारी के अथक प्रयास के बाद हड़ताल समाप्त होने पर जोर शोर से सफाई कार्य जारी है। इस बीच नगर में बनी नारकीय स्थिति से निजात दिलाने के लिए अरसे बाद फॉगिंग मशीन का भी उपयोग किया जा रहा है। इसके लिए नगर कार्यालय द्वारा रोटेशन जारी किया गया है। बारिश के बीच हुए हड़ताल से जहां कचरे का अंबार लगा था। वहीं जलजमाव होने से कई संक्रमित बीमारियों का खतरा भी बढ़ा था। मुख्य बाजार पथ में ही पसरी गन्दगी का आलम यह कि सुअरों का भोजन सड़कों पर ही मिल रहा था। इस बीच मुख्य बाजारों में लोग खरीददारी करने से भी परहेज करने लगे थे। शनिवार को विभिन्न वार्डों में हुए जलजमाव से निजात के लिए नगर पंचायत द्वारा सेक्शन मशीन लगाकर जल निकासी कार्य किया गया। जिसको लेकर जहां स्थानीय व्यवसायियों सहित अन्य लोगों ने राहत की सांस ली है।

# बिना पहचान-पत्र नहीं मिलेगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एंट्री

**कर्मचारी–अधिकारी के लिए भी जारी होंगे आईडी कार्ड, आम लोगों को अपनी वाहन की खुद करनी होगी सुरक्षा**



**पटना, एजेंसी।** पटना के कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अब आम लोगों को अपनी वाहन की रक्षा खुद करनी होगी, क्योंकि बिना आईडी कार्ड एंट्री नहीं दी जाएगी। चोरी की घटनाओं और बाहरी लोग के प्रवेश पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने बिना पहचान पत्र प्रवेश पर रोक लगा दी है। आज खिलाड़ियों, कोच, खेल संघों के कर्मचारियों और संबंधित लोगों का पहचान पत्र जारी कर दिया जाएगा। वहीं, कल से यह प्रभावी होगा।

### सुरक्षा के मद्देनजर बनाए गए यह नियम

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने कहा कि बीते दिनों परिसर कई घटनाएं हुई है। मारपीट, छोटी-मोटी चोरी, कोच, एथलीट और एसोसिएशन के सदस्यों के भेष में अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश की घटनाओं के बारे में रिपोर्ट के आधार पर ये कदम उठाए गए हैं।

### आईडी कार्ड महानिदेशक और निदेशक के लिए भी होगा

उन्होंने आगे कहा कि अनुशासन बनाए रखने और अवांछित लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए खिलाड़ियों, कोच और खेल संघों के कर्मचारियों को पहचान पत्र दिया जाएगा। जब भी कोई खेल परिसर में आएगा तो उसे आईडी कार्ड लाना होगा। जिनके पास आईडी कार्ड होगा, उन्हें ही अंदर जाने दिया जाएगा। यह आईडी कार्ड महानिदेशक और निदेशक के लिए भी होगा।

मीडिया, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के कर्मचारियों, प्राधिकरण से संबद्ध एजेंसियों को इससे छूट रहेगी। वहीं, बाहर से आने वाले अतिथियों को विजिटर्स पास पर प्रवेश दिया जाएगा। यहां बाहरी लोगों की गाड़ियों के प्रवेश पर रोक रहेगी। उन्हें अपनी गाड़ी को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर से बाहर लगानी होगी। यह नियम 15 जुलाई से प्रभावी होगा।

### 8 कैटेगरी में बनेगा पहचान पत्र

यह आईडी कार्ड 8 कैटेगरी में बनेगी। सभी खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ियों और कोच, खेलो इंडिया के खिलाड़ी और प्रशिक्षक, स्टेट सेंटर फॉर एक्सीलेंस के एथलीट, कोच और कर्मचारी, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के अधिकारी और कर्मचारी, खेल संघों के कर्मचारी, सूचीबद्ध एजेंसियों के सदस्य और सभी रखरखाव कर्मचारी के लिए पहचान पत्र जारी किया जाएगा।

## बेतिया में अचानक दुकान में लगी आग, 10 लाख का हुआ नुकसान

**कड़ी मशक्कत के बाद पाया गया काबू**



**बेतिया, एजेंसी।** बेतिया में शनिवार की रात अचानक आग लगने से 2 दुकान जलकर राख हो गई। घटना जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के मानपुर पुरैनिया चौक की है। हालांकि, सूचना पर दमकल की 2 गाड़ियों के साथ पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। वहीं, अगलगी का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार रात करीब 11 बजे कमलेश चौरसिया और संदीप चौरसिया दोनों ने अपना-अपना दुकान बंद करके घर चले गए थे। इसके कुछ देर बाद करीबन 11:30 बजे कमलेश चौरसिया के दुकान से आग की लपटें निकलने लगी। धीरे-धीरे आग ने अगल-बगल की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि, सूचना मिलते ही मौके पर भारी संख्या में लोगों की हुजूम जुट गई। लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर दमकल की 2 गाड़ियों के साथ पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। तब तक कमलेश चौरसिया के किराना दुकान और संदीप चौरसिया के दवा का दुकान जलकर राख हो चुका था। पंडित दुकानदारों ने बताया कि अगलगी की घटना में 10 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। वहीं, मानपुर थाना अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी अंचल अधिकारी को दी गई है। पीड़ित दुकानदारों से आवेदन लेकर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।



## बिहार की चार और विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तैयारी, बीजेपी दो, जेडीयू और हम एक-एक लड़ेगी

**पटना, एजेंसी।** रुपौली विधानसभा उपचुनाव का रिजल्ट आने के बाद बिहार में पार्टियां चार और सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तैयारियों में जुट गई हैं। ये सीटें चार विधायकों के लोकसभा चुनाव जीतने से खाली हुई थीं, जिनमें तरारी, रामगढ़, जहानाबाद और इमामगंज विधानसभा शामिल है। इन पर उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बीजेपी इनमें से दो सीटों, रामगढ़ और तरारी पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, जहानाबाद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जेडीयू और इमामगंज में केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी की हम अपने-अपने प्रत्याशी उतारेगी। इन चारों सीटों पर एनडीए का सीधा मुकाबला महागठबंधन से होने के आसार हैं। इसे अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल भी माना जा रहा है। पटना स्थित बीजेपी प्रदेश कार्यालय में शनिवार को आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने की। बैठक में पार्टी नेताओं ने शाहाबाद क्षेत्र की दो सीटों रामगढ़ और तरारी विधानसभा पर विचार-विमर्श किया। 2020 के विधानसभा चुनाव में इन दोनों सीट पर भाजपा चुनाव लड़ी थी लेकिन पार्टी प्रत्याशियों की हार हुई थी। मिली जानकारी के मुताबिक एनडीए में विधानसभा उपचुनाव के लिए जिताऊ प्रत्याशी की तलाश तेज हो गई है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने इसके लिए पार्टी के दो-दो मंत्रियों के साथ ही प्रदेश संगठन के दो -दो महामंत्रियों को दायित्व दिया है। 18 जुलाई को विधानसभा उपचुनाव को लेकर अहम बैठक होने वाली है। इसमें पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आने का कार्यक्रम था, मगर स्वास्थ्य कारणों से उनका दौरा स्थगित हो गया है। अब केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान या सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी में से किसी एक के पटना आने की संभावना है।

### विधायकों के इस्तीफे से खाली हुईं चार सीटें

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार विधानसभा के चार विधायक जीतकर संसद पहुंचे। तरारी से विधायक रहे सीपीआई माले के सुदामा प्रसाद आरा लोकसभा सीट से जीते, तो रामगढ़ से विधायक रहे आरजेडी के सुधाकर सिंह बक्सर लोकसभा जीते। इसी तरह जहानाबाद से आरजेडी के विधायक यहीं से लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंच गए। इमामगंज से विधायक रहे हिन्दुस्तान आवाम मोर्चा के सुप्रीमो जीतनराम मांझी भी गया से लोकसभा चुनाव जीते थे। इन चारों ने सांसद बनने के बाद विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। अब इन सीटों पर जल्द ही उपचुनाव की घोषणा होगी।

## फल कारोबारी को ट्रक ने रौंदा, मौत, आरोपी चालक को लोगों ने घेर कर पकड़ा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में शानिवार देर रात एक अनियंत्रित ट्रक ने फल कारोबारी को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालाक को स्थानीय लोगों ने मौके पर ही पकड़ लिया।घटना की सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए ह्यद्मद्वष्ध्र भेज दिया है। दुर्घटना गरहां थाना क्षेत्र के गरहां चौक का है। जहां गजाधर महतो (40) अपनी फल की दुकान बंद कर घर लौट रहा था। इस दौरान ट्रक ने रौंद दिया।

### ट्रक चालक को थाने ले गई पुलिस

घटना को देखकर आसपास के लोगों ने भाग रहे ट्रक को घेर कर पकड़ लिया। जिसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। घटना की जांच के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, चालक को हिरासत में लेकर थाने ले गई पुलिस। गरहां थाना के दारोगा ने बताया कि थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना हुई है। एक व्यक्ति की मौत की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके पुलिस मौके पर पहुंची। मृत व्यक्ति के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।ट्रक चालक को हिरासत में लिया। आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जमुई में वज्रपात से झुलसी महिला की मौत पटना में इलाज के दौरान गई जान

**जमुई, एजेंसी।** जमुई के सोनो थाना क्षेत्र के भेलवा मोहनपुर गांव में वज्रपात की चपेट में आने से झुलसी महिला की इलाज के दौरान रविवार की सुबह पटना में मौत हो गई। इसके शव को पुलिस अभिरक्षा में पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया है।

मृतक महिला की पहचान सोनो प्रखंड क्षेत्र के भेलवा मोहनपुर गांव निवासी मोहन यादव की पत्नी ललिता देवी(48) के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि 11 जुलाई को सोनो प्रखंड क्षेत्र के अगहरा चपरी के बहियार से जब महिला अपने घर आ रही थी। तभी तेज बारिश के साथ अचानक वज्रपात हो गई थी। इसकी चपेट में आने से महिला बुरी तरह से झुलस गई थी। जबकि इस घटना में एक मवेशी की मौत हो गई थी। घटना के बाद घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। जहां उसकी हालत गंभीर होता देख इलाज कर रहे चिकित्सक ने प्रारंभिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, घटना को लेकर जब सोनो



थानाध्यक्ष दीनानाथ सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि 11 जुलाई को वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला झुलस गई थी। जिसे परिजनों द्वारा सदर अस्पताल से रेफर करने पर उसे बेहतर इलाज के लिए पटना ले जाया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत होने की जानकारी मिली है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज आगे की प्रक्रिया की जा रही है। मृतक के परिजन विनोद यादव ने बताया कि जब घायल को इलाज के लिए पटना ले जाया गया था। पीएमसीएच में वैंटिलेटर खाली नहीं रहने के कारण उसकी और हालत गंभीर होने लगी थी। जिसके बाद उसे निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया।

## छात्र का सिर फोड़ने वाला टीचर सस्पेंड:स्कूल की दीवार से टकरा दिया था सिर

**गया, एजेंसी।** गया में बीते दिनों जिले के फतेहपुर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय तारो में कक्षा 3 में पढ़ने वाले छात्र का सिर फोड़ने वाले शिक्षक को जिला शिक्षा अधिकारी ने सस्पेंड कर दिया है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी है। जांच अधिकारियों से 60 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। सस्पेंशन के दौरान निलंबित शिक्षक कौशल कुमार सिंह को इमामगंज प्रखण्ड शिक्षा कार्यालय में तत्काल प्रभाव से ज्वाइन करने की हिदायत दी है। सस्पेंशन के दौरान शिक्षक की उपस्थिति के आधार पर गुजारा भत्ता दिया जाएगा।

**बीपीएससी के तहत बीते वर्ष हुई थी नियुक्ति :** मामला प्रकाश में आने के बाद जिला शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की है। निलंबित होने वाले शिक्षक की नियुक्ति



बीपीएससी के तहत बीते वर्ष हुई थी। जिला शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि आरोपी शिक्षक के विरुद्ध स्कूल में हंगामा से संबंधित प्राप्त वीडियो के आधार पर प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने और स्पष्टीकरण का जवाब नहीं दिए जाने के आधार पर स्थापना शाखा की ओर से निलंबन की कार्रवाई की गई है।

### आठ जुलाई का है मामला

दरअसल 8 जुलाई को टीचर कौशल कुमार सिंह ने तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स से पूछा था कि तुमने किस कंपनी की कोल्ड्रिंक पी है। इस पर स्टूडेंट टीचर को सही सही जवाब नहीं दिया। इस बात से गुस्साए टीचर ने स्टूडेंट का सिर पकड़ कर दीवार में टकरा दिया था। जिसके बाद वो जख्मी हो गया। इस बात की भनक तारो के ग्रामीणों को लगी तो वे बड़ी संख्या में स्कूल परिसर में जमा हो गए थे। हंगामा करने लगे थे। ग्रामीणों का गुस्सा देख टीचर कौशल कुमार ने स्कूल के एक कमरे में खुद को बन्द कर लिया था। स्कूल में हंगामा की खबर पर गुरपा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची थी और आरोपी शिक्षक को हिरासत में ले लिया था।

## रेलवे लाइन किनारे बने गड्ढे में डूबने से दो मौत, मोतिहारी में नहाने गए थे तीन बच्चे

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी में नव निर्मित रेलवे लाइन के किनारे पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चे की मौत हो गई। जबकि एक को ग्रामीणों ने बचा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम में भेज दिया है। घटना भोपतपुर थाना के वार्ड नंबर 8 तिजोरारागढ़ की है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है की तिजोरारागढ़ गांव से हो कर रेलवे लाइन निकाली जा रही है। उसी निर्माणाधीन रेलवे लाइन के गड्ढे में बारिश का पानी भरा था। इसमें सभी बच्चे नहाने लगे, इस दौरान तीन बच्चे डूब गए। जब अन्य बच्चों ने शोर मचाया तो स्थानीय गोताखोर बचाने के लिए कूदे। एक की जान तो बच गई लेकिन दो की जान चली गई। मृतक की पहचान दिवाकर राम का 14 साल का बेटा राहुल कुमार और दिनेश राम का 7 वर्षीय बेटी गुड्डी कुमारी के रूप में हुई है। वहीं दिवाकर राम की 10 वर्षीय बेटी रूपा कुमारी को बचा लिया गया। जिसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। सूचना पर पहुंची कोटवा सीओ मोनिका आनंद और भोपतपुर के एसआई रामेश्वर भंडारी ने मामले की जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा दिया।

# पटना के अपार्टमेंट में भीषण आग के बाद बिल्डर की हार्ट अटैक से मौत, फ्लैट में फंस गया था परिवार



**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना में पश्चिमी आनंदपुरी की गली संख्या 12-डी स्थित सुपर सिटी एन्क्लेव अपार्टमेंट में शनिवार दोपहर एसी में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। इस दौरान बिल्डर अनिल कुमार का परिवार फंस गया। धुएं के गुबार के बीच दमकल कर्मी, पुलिस और डायल 112 की टीम ने बिल्डर सहित चार लोगों को निकला। लेकिन, हार्ट अटैक से बिल्डर की मौत हो गई। 25 गाड़ियों की मदद से तीन घंटे में आग पर काबू पाया जा सका।

अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर बिल्डर के फ्लैट में आग लगी थी। तीन धमाकों के बाद आग तेजी से फैली। वहीं, धुएं का गुबार फैलने से वहां हड़कंप मच गया। अपार्टमेंट में मौजूद लोग सीढ़ी से नीचे की ओर भागे। वहीं, बिल्डर अनिल कुमार का परिवार आग में फंस गया। घटना की सूचना पर दमकल कर्मी, पुलिस और डायल 112 की टीम पहुंची। उन्होंने छत पर फंसे बिल्डर सहित चार लोगों को बाहर निकला। हार्ट अटैक आने से बिल्डर की तबीयत बिगड़ गई। पाटलिपुत्र थानेदार राज किशोर कुमार ने बताया कि अनिल कुमार को इलाज के लिए सहयोग अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### दमकल की बड़ी गाड़ियां फंसीं

रास्ता संकरा होने के कारण दमकल की बड़ी गाड़ियां बीच में ही फंस गईं। इसके बाद छोटी गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। वहीं, करीब 400 मीटर की दूरी से पाइप के जरिए पानी ले जाकर दमकल कर्मियों ने बचाव कार्य शुरू किया। जिला अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार नट ने बताया कि आग लगने पर पानी के प्रयोग वाले पाइप तो अपार्टमेंट में लगे थे। लेकिन उसमें पानी नहीं आ रहा था। टंकी से पाइप का नॉब बंद था। इसके कारण दमकल कर्मियों को आसपास के घरों के छतों से पानी की बौछार कर बचाव कार्य करना पड़ा। अग्निशमन सेवा अधिनियम लागू होने से पूर्व उक्त अपार्टमेंट का निर्माण कराया गया था। उस वक्त फायर एनओसी की जरूरत नहीं होती थी। बावजूद इसके अपार्टमेंट वालों की भारी लापरवाही पाई गई। अग्निशमन विभाग इसकी जांच कर रहा है।

### 10 साल पहले बना है फ्लैट

लोदीपुर, कंकड़बाग, सचिवालय, पटना सिटी और फुलवारी शरीफ दमकल केंद्र से दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गई। बचाव कार्य के दौरान धुएं की चपेट में आने से लोदीपुर के दमकल कर्मी अजय कुमार की तबीयत बिगड़ गई। निवासी विशाखा सिंह ने बताया कि करीब 10 वर्ष पहले अपार्टमेंट बना है। उसमें तीनों फ्लोर पर 12 फ्लैट और चौथे तल तीन फ्लैट हैं। ऊपर के तल पर बिल्डर अनिल कुमार पत्नी और दो बच्चों के साथ रहते थे।

### अजगैवीनाथ मंदिर तीन ओर गंगा के पानी से घिर

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** सुल्तानगंज में गंगा के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। जिसके कारण सूखे में पड़ा अजगैवीनाथ मंदिर तीन ओर से पानी से घिरने लगा है। नई सिढ़ी घाट स्थित पक्की सिढ़ी पर गंगा ने दस्तक दे दी है। लोगों को गंगा के तेजी से बढ़ते देख ये उम्मीद लग रही है की अगर गंगा के बढ़ने का रफ्तार बरकरार रहा तो श्रावणी मेला में आने वाले कांवरिया को कच्ची सिढ़ी घाट पर स्नान करने में होने वाली परेशानी से मुक्ति मिल जाएगी। पक्की सीढ़ी पर स्नान करने की उन्हें सुविधा मिल जाएगी। बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल भागलपुर के जेई पितांबर चौधरी ने बताया कि गंगा का पानी तेजी से बढ़ रहा है और बढ़ने की संभावना है। बैरिकेडिंग को शिफ्ट कराया जा रहा है।

# पकी गोबर खाद से अधिक लाभ

### गोबर खाद को यूं पहचाने

गर्म है तो गोबर, ठंडी है तो खाद
जमा है तो गोबर, भुरभुरी है तो खाद
हरा है तो गोबर, भूरी है तो खाद
भारी है तो गोबर, हल्की है तो खाद
महके तो गोबर, न महके तो खाद
गर्म है तो गोबर, ठंडी है तो खाद।





## खाद निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री

खाद उत्तम प्रकार से पक सके तथा खेत में पोषक तत्व एवं वायु का संचार कर सके इस हेतु निम्नलिखित सामग्री का उपयोग करें:

गोबर, हरा मुलायम चारा अथवा घास जो बिना फूल और बीज का हो अथवा फसलों के मुलायम अवशिष्ट, पानी, वायु और हल्की छनती हुई सी धूप।

## पकी हुई उत्तम गुणवत्तायुक्त खाद ऐसे बनायें

खाद निर्माण हेतु निम्नलिखित में से कोई भी एक वैज्ञानिक विधि अपनायें:

### भू-नाडेप

यह विधि खाद बनाने की सबसे सस्ती और सरल विधि है. खाद बनाने हेतु ऐसा छायादार स्थान चुनें जहाँ छन–छन कर धूप आ रही हो. जितने भी स्थान पर आप खाद बनाना चाहते हैं उस स्थान को गीले गोबर से लीपें (लगभग 20–25 हाथ के बराबर लम्बाई और 10–15 हाथ के बराबर चौड़ाई का स्थान) और इस स्थान के चारों ओर ज़मीन में पत्थर या ईंट की एक पर्त जमा दें ताकि सामग्री इस स्थान पर ही एकत्रित हो तथा फैले नहीं। इस स्थान पर गोबर तथा मुलायम चारा अथवा फसल के मुलायम अवशिष्ट (फूल और बीज से रहित) को एकत्रित करें। कमर से ऊपर की ऊँचाई का ढेर हो जाने पर इस ढेर को चारों ओर गोबर से लीपें एवं मोटे डंडे की सहायता से इस ढेर में चारों ओर गड्ढे बनायें। सप्ताह में 1–2 बार इस ढेर की सिंचाई करें। सिंचाई के लिये गड्ढों का उपयोग करें। यह ढेर लगभग 85–90 दिन के उपरांत ऊपर से दब जायेगा (बैठ जायेगा)। सुबह 4–5 बजे के बीच आप देखेंगे तो इस ढेर में से भाप निकलना बन्द हो चुकी होगी। अब ढेर की गहराई से थोड़ी सी खाद निकालकर देखें तो पायेंगे कि खाद ठंडी हो चुकी है। यह खाद अब खेत में डालने को तैयार है.



## खाद के जामन से जल्दी खाद बनायें

इस तैयार खाद में से 1 बोरी खाद बचा लें. अगली बार जब भू नाडेप/टटिया नाडेप/ पक्के नाडेप में सामग्री भर रहे हों तो प्रत्येक एक बीता (लगभग 6 इंच की) पर्त भरने के बाद 1–2 मुट्ठी पुरानी बची हुई खाद ऊपर से छिड़क दें। जिस प्रकार से दही जमाने के लिये दूध में जामन कार्य करता है उसी प्रकार यह पुरानी खाद कार्य करती है. खाद निर्माण की बाकी की प्रक्रिया पूर्ववत ही अपनायें। इस बार लगभग 75 दिन में ही गोबर की ठंडी खाद तैयार हो जायेगी।

## कच्ची खाद के उपयोग के दुष्परिणाम

ज़मीन के अन्दर गड्ढे में वायु की अनुपस्थिति में तैयार कच्ची खाद में खरपतवार के बीज, कीटों के अंडे, दीमक तथा रोगाणु उपस्थित होते हैं। इस प्रकार की कच्ची खाद के उपयोग से खेत में खरपतवार के बीज कीट एवं रोगाणु भारी संख्या में पहुँचते हैं तथा समय पा कर फसल को नुकसान पहुँचाते हैं. इनके नियंत्रण में खेती की लागत बढ़ती है तथा लाभांश में कमी आती है।

## आगामी खरीफ के लिये अनुशंसा

अभी आपके घर के पीछे बने गड्ढे में गोबर, चारा और फसल अवशिष्ट वायु की अनुपस्थिति में कच्चे स्वरूप में विद्यमान होगा जो जिसे आषाढ़ में आप खोद कर निकालेंगे। यह बहुत ही गर्म, हरे रंग के कच्चे गोबर के स्वरूप में प्राप्त होगा। जब इसे आप खेत में डालेंगे तब इस गोबर में उपस्थित खरपतवार के बीज खेत में उग जायेंगे और कीट और रोग आपके खेत में फैल जायेंगे।

यदि आप इस समस्या से बचना चाहते हैं तो अभी इसी समय जब आप यह लेख पढ़ रही हैं, उठें और गोबर को गड्ढे से खोद कर धरती के ऊपर निकालें, इस ढेर को व्यवस्थित कर चारों ओर पत्थर अथवा ईंट की पर्त बांधें और इसे रोज़ सींचे। जब यह ठंडा हो जाये तभी इसे खेत में डालें। इस प्रकार की खाद से आपकी खेती में लाभ होगा नुकसान नहीं।

## टटिया नाडेप

यह विधि भी खाद बनाने की सस्ती विधि है. किसान खाद बनाने हेतु ऐसा छायादार स्थान चुनें जहाँ छन छन कर धूप आ रही हो। जितने भी स्थान पर आप खाद बनाना चाहते हैं उस स्थान को गीले गोबर से लीपें तथा चार कोनों में और बीच में दो स्थानों में ज़मीन में मोटी लकड़ियाँ गाड़ें। इन लकड़ियों के सहारे से बाँस अथवा टहनियों की टटिया (पूर्व से तैयार) को रस्सी से बाँध कर मज़बूत टंकी तैयार करें. टंकी की लम्बाई और चौड़ाई 2 खाट के बराबर और ऊँचाई कमर की ऊँचाई के बराबर रखें. इस टंकी को भू–नाडेप की तरह ही भरें तथा गोबर की ठंडी खाद भी उसी विधि से बनायें।

- *क्या आप ज़मीन के भीतर गड्ढे में गोबर की खाद का निर्माण करते है.*
- *जब आप गोबर की खाद को खोद कर ज़मीन से खोदकर खेत में डालने के लिये, बाहर निकालते हैं क्या गोबर की खाद गर्म, हरी, भारी एवं जमी हुई निकलती है.*
- *क्या इस प्रकार की गोबर खाद को खेत में डालने के उपरांत, पहली बारिश होने के तुरंत बाद खरपतवार उगने प्रारम्भ हो जाते हैं और कीट तथा बीमारियों का आक्रमण हो जाता है.*
- *क्या इन खरपतवार, दीमक, कीट और बीमारियों को रोकने के प्रयास में आप खेती की लागत को बढ़ा कर लाभांश कम कर लेते हैं.*
- *क्या आप इस नुकसान से छुटकारा पाना चाहते हैं और गोबर की खाद को ज़मीन की सतह के ऊपर भू–नाडेप, टटिया नाडेप अथवा पक्के नाडेप द्वारा तैयार कर खाद का लाभ लेना चाहते हैं। तो यह वैज्ञानिक लेख पढ़ें –*

## खाद निर्माण के दौरान यह न करें

- गोबर की खाद बनाने हेतु मिट्टी का उपयोग कतई न करें। यह पकती नहीं है।
- किसान घर का कचड़ा गोबर बनाने के ढेर में न डालें। यह भी पकता नहीं हैं।
- खाद बनाने के लिये मोटे डंठल और लकड़ियों का उपयोग न करें इनको पकने में समय लगता है।
- ज़मीन के नीचे गड्ढे में खाद निर्माण सामग्री एकत्रित न करें क्योंकि वायु कि अनुपस्थिति में खाद कच्ची रह जाती है।



# प्लास्टिक सुरंग में बेमौसम सब्जियां लगाएं

संरक्षित खेती का मुख्य उद्देश्य सब्जी फसलों को जैविक या अजैविक कारकों से बचाकर उगाना होता है। इसमें फसल को किसी एक कारक या कई कारकों से बचाकर उगाया जा सकता है। संरक्षित सब्जी उत्पादन के लिये सब्जी उत्पादकों को खेती व विभिन्न संरक्षित संरचनाओं की पूर्ण जानकारी होना आवश्यक है। उसके बाद ही उत्पादक तय कर सकता है कि वह किस प्रकार की संरक्षित तकनीक अपनाकर बेमौसमी सब्जी का उत्पादन करे। इसमें कृषक को यह ध्यान रखना चाहिए कि वह कौन–कौन सी संरक्षित प्रौद्योगिकियां का उपयोग करें ताकि वह सब्जियों को वर्ष भर उगा सके। संरक्षित संरचनाओं को बनाने के बाद रख–रखाव में क्या व्यय होगा तथा उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियों को वह किस बाजार में बेचकर अधिक लाभ कमा सकता है। मुख्यत: सब्जी उत्पादन हेतु उचित व उपयुक्त संरक्षित प्रौद्योगिकी की आवश्यकता उस क्षेत्र की जलवायु पर निर्भर करती है। लेकिन इसके अलावा किसान की आर्थिक दशा टिकाऊ व उच्च बाजार की उपलब्धता व बिजली की उपलब्धता आदि कारक भी इसको निर्धारित करते हैं। सब्जियों के बेमौसमी उत्पादन हेतु खासतौर पर एअरकंडीशन ग्रीनहाउस, प्राकृतिक हवा वाले ग्रीन हाउस, प्राकृतिक हवा वाले ग्रीनहाउस, कम लागत वाले पॉलीहाउस, लो प्लास्टिक टनल आदि का उपयोग किया जाता है। बेमौसमी सब्जियों की संरक्षित खेती के लिये सब्जियों की पौध प्लग ट्रे पद्धति में



तैयार की जाती है तथा उसके बाद पौधों को उपयुक्त संरक्षित संरचना में रोपाई करते हैं।

## लो प्लास्टिक टनल तकनीक

लो प्लास्टिक टनल तकनीक ऐसी संरक्षित तकनीक है जिसे मुख्य खेत में फसल की रोपाई के बाद प्रत्येक फसल क्यारी के ऊपर कम ऊंचाई पर प्लास्टिक की चादर ढक कर बनाया जाता है। यह फसल को कम तापमान से होने वाले नुकसान से बचाने के लिये बनाई जाती है। यह तकनीक उत्तर भारत के उन मैदानों में सब्जियों की बेमौसमी खेती के लिये बहुत उपयोगी है जहां सर्दी के मौसम में रात का तापमान लगभग 40 से 60 दिनों तक 8 डिग्री से नीचे रहता है।

इस तकनीक से बेमौसमी सब्जियों उगाने के लिए सब्जियों की पौध को प्लास्टिक प्लग ट्रे तकनीक से दिसंबर व जनवरी में ही तैयार किया है। ऐसी संरचना बनाने के लिए सबसे पहले ड्रिप सिंचाई की सुविधायुक्त खेत में जमीन से उठी क्यारियों का निर्माण उत्तर से दक्षिण दिशा में किया जाता है। इसके बाद क्यारियों के मध्य में एक ड्रिप लाइन बिछा दी जाती है। क्यारी के ऊपर 2 मि.मी. मोटे जंगरोधी लोहे के तारों या पतले व्यास के पाइपों को मोड़ कर घेरे इस प्रकार बनते है कि इसके दो सिरों की दूरी 50–60 से.मी. तथा मध्य से ऊंचाई भी 50–60 से.मी. रहे। तारों के बीच की दूरी 15 से 20 मी. रखनी चाहिए इसके बाद तैयार पौध को क्यारियों में रोपाई करते हैं तथा दोपहर बाद 20–30 माईक्रोन मोटाई तथा लगभग 20 मी. चौड़ाई की पारदर्शी प्लास्टिक की चादर से ढका जाता है। ढकने के बाद प्लास्टिक के लम्बाई वाले दोनों सिरों को मिट्टी से दबा दिया जाता है। इस प्रकार रोपित फसल पर प्लास्टिक की एक लघु सुरंग बन जाती है। यदि रात को तापमान लगातार 5 डिग्री से.ग्रे. से कम है तो सात से दस दिन तक प्लास्टिक में छेद करने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन उसके बाद प्लास्टिक में पूर्व दिशा की ओर चोटी से नीचे की ओर छोटे–छोटे छेद कर देते हैं। जैसे–जैसे तापमान बढ़ता है इन छेदों का आकार भी बढ़ाया जाता है। पहले छेद 2.5 से 3.0 मी. की दूरी पर बनाते है बाद में इन्हें 1.0 मी. दूरी पर बना देते हैं। आवश्यकतानुसार मौसम ठीक होने पर तापमान को ध्यान में रखते हुए टनल की प्लास्टिक का फरवरी के अंत से मार्च के प्रथम सप्ताह में पूरी तरह से हटा दिया जाता है। इस समय तक फसल काफी बढ़ चुकी होती है तथा कुछ फसलों में तो फल स्थापन भी आरंभ हो चुका होता है। इस तकनीक से बेल वाली समस्त सब्जियों को मौसम से पहले या पूर्णत: बेमौसम में उगाना संभव है।



## विभिन्न बेल वाली सब्जियों में इस तकनीक से संभावित फसल अगेतापन इस प्रकार है-

| | |
|---|---|
| चप्पन कद्दू | – 40 से 60 दिन |
| लौकी | – 30–40 दिन |
| करेला | – 30 से 40 दिन |
| खीरा | – 30 से 40 दिन |
| खरबूजा | – 30 से 40 दिन |

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## बारिश से अस्त-व्यस्त और सब्जियों के दाम छू रहे आसमान

बरसात में जलजमाव और उससे शहरों का अस्त-व्यस्त जीवन अब हर वर्ष का स्थायी दृश्य हो गया है, मगर इसके मद्देनजर सरकार को पूर्व तैयारी करने की जरूरत शायद कभी महसूस नहीं होती। सामान्य से थोड़ा अधिक पानी बरसते ही शहरों की सड़कें लबालब हो जाती हैं, मुहल्ले तालाबों में तब्दील हो जाते हैं। लोगों का दफ्तर, स्कूल, व्यवसाय आदि के लिए निकलना मुश्किल हो जाता है। खासकर मुंबई के लोगों को हर वर्ष बरसात में ऐसी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। अभी बरसात का मौसम शुरू ही हुआ है और मुंबई में सड़कों पर पानी भर गया, रेल की पटरियां डूब गईं, कई रेलगाड़ियां रद्द करनी पड़ीं, बसें रुक गईं, कई दफ्तरों और स्कूलों में कामकाज बंद करना पड़ गया। यहां तक कि सोमवार को महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों का कामकाज स्थगित करना पड़ गया।भारी बारिश की वजह से समंदर में ज्वार उठने के संकेत दे दिए गए। बरसात का असर रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली चीजों पर भी पड़ता है। अक्सर इस मौसम में फलों, सब्जियों के दाम इसलिए आसमान छूने लगते हैं कि माल ढुलाई में बाधा आती है। जिन इलाकों में भारी बरसात होती है, वहां फसलें चौपट हो जातीं और सब्जियों का उत्पादन घट जाता है। दिल्ली में बारिश की वजह से थोक मंडियों में सब्जियां नहीं पहुंच पाने से लोगों को ऊंची कीमत चुकानी पड़ रही है। हर वर्ष बरसात में जलभराव को लेकर विधानसभाओं में सवाल उठाए जाते हैं, लोग सड़कों पर उतर कर आंदोलन करते देखे जाते हैं। हर बार आश्वासन दिया जाता है कि जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाएगी, मगर स्थिति फिर भी जस की तस बनी रहती है। पिछले वर्ष दिल्ली में बाढ़ आई और यमुना उफन कर लाल किले तक पहुंच गई, तो काफी शोर मचा था। तब दिल्ली सरकार ने कहा था कि हरियाणा ने बिना चेतावनी दिए पानी छोड़ दिया, इसलिए यह समस्या उत्पन्न हुई। इस वर्ष दावा किया गया था कि पिछले वर्ष जैसी समस्या नहीं आएगी। मगर पहली ही बारिश में जिस तरह कई इलाकों में जलजमाव देखा गया, उससे लगता नहीं कि समस्या का समाधान हो गया है।

## घातक आरामतलबी

कहने को तो स्वास्थ्य के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर जागरूकता बढ़ी है और विभिन्न प्रकार के रोगों को लेकर शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में पहले के मुकाबले निवेश भी बढ़ा है, मगर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शोधार्थियों ने अपने हालिया अध्ययन के आधार जो नए तथ्य उजागर किए हैं, वे एक बड़ी चुनौती की ओर इशारा कर रहे हैं, बल्कि एक अलग किस्म की चिंता पैदा करते हैं। द लांसेट में प्रकाशित यह अध्ययन-रिपोर्ट बताती है कि विश्व भर के वयस्कों की एक तिहाई से भी अधिक आबादी या 1.8 अरब वयस्क शारीरिक गतिविधि के अपेक्षित स्तर पर खरे नहीं उतरते, यानी वे पर्याप्त शारीरिक श्रम नहीं कर रहे हैं। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि पिछले बारह वर्षों में वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता की प्रवृत्ति पांच फीसदी बढ़ गई है और यही प्रवृत्ति बनी रही, तो 2030 तक ऐसे वयस्कों की संख्या 31 प्रतिशत से बढ़कर 35 फीसदी हो जाएगी। डब्ल्यूएचओ की साफ सिफारिश है कि वयस्कों को हर हफ्ते 150 मिनट तक मध्यम गति वाली या 75 मिनट तक तेज शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। ऐसे में, ताजा आंकड़े परेशान करने वाले हैं, क्योंकि शारीरिक निष्क्रियता वयस्कों में हृदय संबंधी रोग के साथ-साथ मधुमेह, डिमेंशिया व कुछ खास तरह के कैंसर का जोखिम बढ़ा देती है। विडंबना यह है कि पश्चिम के विकसित देशों के मुकाबले आरामतलबी या शारीरिक निष्क्रियता की दर एशिया प्रशांत क्षेत्र और दक्षिण एशिया के वयस्कों में बहुत अधिक दर्ज की गई है। पश्चिम के उच्च आय वाले विकसित देशों के वयस्कों में जहां यह निष्क्रियता-दर 28 फीसदी पाई गई, वहीं एशिया प्रशांत क्षेत्र के उच्च आय वाले देशों के वयस्कों में 48 प्रतिशत और दक्षिण एशियाई संपन्न देशों में 45 फीसदी देखी गई है। साफ है, एशियाई सरकारों के लिए खतरे की सूचना है, क्योंकि यह प्रवृत्ति हृदय रोगों और कैंसर की रोकथाम की उनकी कोशिशों को पलीता लगा सकती है। डब्ल्यूएचओ में स्वास्थ्य संवर्द्धन के निदेशक डॉ रुडिगर क्रेच ने उचित ही कहा है कि शारीरिक निष्क्रियता वैश्विक स्वास्थ्य के लिए एक मूक खतरा है, जो पुरानी बीमारियों का बोझ बढ़ाती है। बेहतर आर्थिक स्थिति वाले देशों, खासकर दक्षिण एशियाई मुल्कों के वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता क्यों बढ़ रही है, इसको जानने के लिए किसी नजूमी की जरूरत नहीं है।

## भारत-रूस मित्रता को जीवंतता देने का सार्थक प्रयास

(ललित गर्ग)

*भारत-रूस की मैत्री का व्यापक महत्व है। यह पुराना मित्र देश का भारत की ताकत रहा है, मार्गदर्शक रहा है, हर सुख-दु:ख का साथी रहा है। नेहरु युग से ही भारत-रूस के बीच घनिष्ठ संबंध रहे हैं। दोनों देशों की संस्कृति, संगीत, कला, साहित्य के बीच भी गहरा आत्मीय लगाव रहा है।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस रूस यात्रा को लेकर पश्चिमी देशों ने विरोध जताया है। लेकिन प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट किया कि भारत के लिए रूस की मैत्री बहुत महत्वपूर्ण है। भारत अपने मैत्री-मूल्यों को किसी भी दबाव में कमतर नहीं होने देगा। भारत-रूस की मैत्री को नये आयाम देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रपति पुतिन ने न केवल मैत्री के धागों एवं द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूती दी है, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को नये शिखर देने का प्रयास किया है। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के लिये एक नए सोच के साथ नये सफर का आगाज है। एक ऐसे समय में, जबकि यूक्रेन-रूस युद्ध को पश्चिमी देशों के विरोध के कारण रूस दुनिया में अलग-थलग है, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में पहले विदेश यात्रा के लिये रूस का चयन करके जता दिया है कि भारत-रूस की मैत्री अक्षुण्ण है और किसी भी तरह के दुनिया के दबाव में यह दोस्ती कमजोर नहीं पड़ने वाली है। भारत ने जहां मैत्री को प्रगाढ़ बनाने की दिशा में उल्लेखनीय उपक्रम किये हैं, वहीं अपने मित्र देश को युद्ध के खिलाफ और शांति के पक्ष में अपना स्पष्ट रुख भी जताया है। मोदी की इस यात्रा की एक बड़ी निष्पत्ति यह है कि रूस में अब दो नये वाणिज्यिक दूतावास खुलने जा रहे हैं, जिससे हमारी आर्थिक गतिविधियां तेजी से एवं ज्यादा बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस रूस यात्रा को लेकर पश्चिमी देशों ने विरोध जताया है। लेकिन प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट किया कि भारत के लिए रूस की मैत्री बहुत महत्वपूर्ण है। भारत अपने मैत्री-मूल्यों को किसी भी दबाव में कमतर नहीं होने देगा। भले ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इस यात्रा पर अपनी निराशा जाहिर करते हुए इसे शांति प्रयासों को झटका तक बता चुके हो या अमेरिका ने भी यात्रा को लेकर अपनी चिंता जता दी हो। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी अपनी युद्ध विरोधी सोच के चलते ही यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से रूस नहीं गए थे। दोनों देशों के बीच होने वाली सालाना द्विपक्षीय शिखर बैठक भी 2022 के बाद से नहीं हो पाई थी। इससे रूस के कुछ हलकों में यह धारणा बनने लगी थी कि भारत अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रभाव में रूस से दूरी बनाए रखना चाहता है। दुनिया में बन रही इस नई धारणा को तोड़ना जरूरी था, इसी दृष्टि से इस यात्रा के पीछे जहां द्विपक्षीय रिश्तों को संदेहों और अविश्वासों से मुक्त करने का ध्येय था, वहीं अंतरराष्ट्रीय हलकों में यह स्पष्ट संदेश भेजना था कि भारत को किसी तरह के दबाव के जरिए इस या उस पक्ष में झुकाना संभव नहीं है। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने भी राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत में इसका जिक्र किया कि उनके रूस आने पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हैं। दुनिया भर में इस यात्रा को गहरी उत्सुकता से देखा जा रहा है। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात को ध्यान में रखें तो यह कोई अचरज वाली बात भी नहीं है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों का जोर इस बात पर रहा है कि भारत रूस से अपनी करीबी खत्म करे। भारत अब एक स्वतंत्र ताकत है, दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, बड़े शक्तिशाली देशों के लिये भी भारत एक बाजार है। इसलिये भारत किसी भी दबाव में न आते हुए शुरू से ही यह स्पष्ट कर रखा है कि वह अपने राष्ट्रहित पर आधारित स्वतंत्र विदेश नीति पर कायम रहेगा। रूस समर्थकों ने भले ही यह दर्शाना चाहा हो कि मोदी की यात्रा से भारत ने पश्चिम को चुनौती दी है और इससे पश्चिमी देश 'ईर्ष्या से जल रहे हैं', परंतु असल में भारत ऐसा कोई मंतव्य नहीं रखता है। यह यात्रा अनेक कारणों एवं दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण रही, यात्रा के दौरान दोनों देशों में सहयोग बढ़ाने के समझौते तो हुए ही, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मित्र राष्ट्र को मैत्रीपूर्ण सलाह देते हुए पूरी बेबाकी से कहा, 'युद्ध के मैदान से कोई हल नहीं निकलता।' यह प्रधानमंत्री मोदी का वैसा ही बयान है जैसा दो साल पहले समरकंद में पुतिन से बातचीत के दौरान उन्होंने दिया था कि 'यह युद्ध का दौर नहीं है'। असल में भारत हमेशा से शांति के उजालों एवं युद्ध के अंधेरों से मुक्ति का ही समर्थक रहा है। भारत की स्पष्ट मान्यता है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। भारत ने बम-बंदूक के बजाय शांति-वार्ता के जरिये समाधान की बात दोहराई। मोदी ने साहस एवं निर्भयता से पुतिन को दो टूक कहा था कि यह युग युद्ध का नहीं। चूंकि भारतीय प्रधानमंत्री की मास्को यात्रा के मौके पर ही रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में बच्चों के अस्पताल को भी निशाना बनाया, इसलिए उन्होंने बिना किसी संकोच यह भी कह दिया कि युद्ध या संघर्ष अथवा आतंकी हमलों में जब मासूम बच्चों की मौत होती है तो हृदय छलनी हो जाता है। देखना यह है कि यूक्रेन युद्ध पर भारतीय प्रधानमंत्री की फिर से खरी बात पर रूसी राष्ट्रपति कितना ध्यान देते हैं, लेकिन भारत को रूस के साथ अपनी मित्रता जारी रखते हुए यह स्पष्ट करते रहना होगा कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध को यथाशीघ्र समाप्त होते हुए देखना चाहता है। यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि विश्व शांति के भी हित में है। इसी के साथ भारत ने अपने मित्र देश को अपनी तकलीफ को साझा करते हुए यह एहसास दिलाने की भी कोशिश की गई कि चीन के साथ उसकी नजदीकी परोक्ष रूप से पाकिस्तान को उत्साहित करती है, जो भारतीय जमीन पर आतंकी गतिविधियों को खाद-पानी मुहैया कराने का काम करता है। रूस भारत के सहयोग के लिये तत्पर रहता है, इसबार भी यह खबर भी सुकून देने वाली है कि रूस ने भारत के आग्रह पर न केवल रूसी सेना के सपोर्ट स्टाफ के रूप में भारतीयों की नियुक्ति रोकना स्वीकार कर लिया है बल्कि नियुक्त किए जा चुके युवाओं को स्वदेश भेजने पर भी मान गया है। इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा सफल कूटनीति के एक उत्तम उदाहरण के रूप में याद रखी जाएगी। भारतीय हितों की वकालत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विश्व मानवता की बात करना इसी रणनीति का हिस्सा था। अन्य पहलू है, इस द्विपक्षीय रिश्ते में कौन-कौन से नए क्षेत्र शामिल किए जा सकते हैं, ताकि यह संबंध एक नई ऊंचाई पर पहुंच सके। विज्ञान-प्रौद्योगिकी और 'पीपुल-टु-पीपुल कॉन्टैक्ट' यानी आम लोगों के स्तर पर आपसी संबंध को आगे बढ़ाने पर रजामंदी को इसी नजरिये से देखा जाना चाहिए। प्रतिबंधों की वजह से आने वाली दिक्कतों को दूर करना। अच्छी बात यह भी रही कि ईंधन के मामले में भारत को स्थिरता प्रदान करने में रूसी योगदान की प्रधानमंत्री मोदी ने खुलकर सराहना की, जो उचित भी था।

## भारत-रूस संबंधों की नई इबारत

**(पंकज सरन, रूस में रहे भारतीय राजदूत)**

मंगलवार को ऑस्ट्रिया के लिए उड़ान भरने से पहले भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जिस आत्मीय माहौल में बातचीत की मेज पर बैठे, वह इस बात की मुनादी थी कि दोनों देशों के बीच सात दशकों पुराना संबंध अब कितना प्रगाढ़ हो चुका है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने शिखर बैठक में आतंकवाद के साथ-साथ यूक्रेन युद्ध का भी जिक्र छेड़ दिया। उल्लेखनीय है, यूक्रेन संकट के कारण रूस पश्चिमी देशों के निशाने पर है, जिसकी प्रतिक्रिया में मॉस्को भी मुखर है। मगर भारत ने बम-बंदूक के बजाय शांति-वार्ता के जरिये समाधान की बात दोहराई। वहीं, आतंकवाद के बहाने रूस को यह एहसास दिलाने की भी कोशिश की गई कि चीन के साथ उसकी नजदीकी परोक्ष रूप से पाकिस्तान को उत्साहित करती है, जो भारतीय जमीन पर आतंकी गतिविधियों को खाद-पानी मुहैया कराने का काम करता है। अच्छी बात यह भी रही कि ईंधन के मामले में भारत को स्थिरता प्रदान करने में रूसी योगदान की प्रधानमंत्री मोदी ने खुलकर सराहना की, जो उचित भी था, क्योंकि अब हम खाड़ी देशों के बजाय सबसे अधिक तेल रूस से ही आयात करने लगे हैं। इस बैठक से पहले की गई कई अन्य घोषणाएं भी भारतीय हितों के अनुकूल रहीं। मसलन, रूस में दो नए वाणिज्यिक दूतावास खोलने का एलान किया गया है। यह जरूरी था, क्योंकि क्षेत्रफल के हिसाब से रूस से कहीं छोटे देश अमेरिका में हमारे पांच वाणिज्यिक दूतावास हैं, जबकि रूस में अब तक दो ही हैं। बीते करीब तीन दशकों से ऐसा कोई दूतावास रूस में नहीं खुला है, जबकि द्विपक्षीय रिश्ते काफी आगे बढ़ चुके हैं। नए वाणिज्यिक दूतावास के बाद रूस में हमारी गतिविधियां और बढ़ जाएंगी। कारोबार, पर्यटन आदि से जुड़े कामकाज में इजाफा होगा। वहां के बाजार को समझने में कहीं अधिक आसानी होगी और व्यापार को भी फायदा होगा। इसी तरह, यूक्रेन युद्ध में रूस की तरफ से हिस्सा ले रहे भारतीय सैनिकों की वतन वापसी पर बनी सहमति भी काफी अहम है। भारत लगातार यह मांग करता रहा है, जिस पर जल्द ही अमल करने का आश्वासन रूसी राष्ट्रपति ने दिया है। नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के इस पहले द्विपक्षीय दौरे पर दुनिया भर की नजरें लगी हुई थीं, जो स्वाभाविक ही था। जब रूस और भारत जैसे बड़े देश मिलते हैं, तो द्विपक्षीय के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मसलों पर भी बात होती है। विशेषकर यूक्रेन युद्ध को लेकर सबकी उत्सुकता बनी हुई थी, जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का रुख फिर से स्पष्ट कर दिया। सुखद है कि भारत-रूस संबंध को लेकर अब पश्चिमी देश किसी मुगालते में नहीं हैं। 2000 के दशक में भी रूस के साथ हमारा काफी अच्छा रिश्ता था, बावजूद इसके अमेरिका ने भारत के साथ ऐतिहासिक असैन्य परमाणु समझौता किया था। आज भी बेशक पश्चिमी देशों ने रूस पर तमाम तरह के प्रतिबंध लगाए, लेकिन साल 2023 में भारत ने 46.5 अरब डॉलर मूल्य के कच्चे तेल रूस से मंगाए, जबकि 2021 में यह आंकड़ा सिर्फ 2.5 अरब डॉलर था। रूस के साथ ऊर्जा सुरक्षा ही नहीं, रक्षा के क्षेत्र में भी हमारी काफी नजदीकी है। रक्षा संबंध करीब 40 साल पुराना है। हम आज भी जितने रक्षा उत्पाद आयात करते हैं, उसका करीब 60-70 फीसदी हिस्सा रूस से ही आता है। ऐसे में, स्वाभाविक है कि इन उपकरणों के रख-रखाव, उन्नतिकरण आदि के लिए भी मॉस्को के साथ लगातार संबंधों को मजबूती दी जाए। फिर, जब कभी हमें जरूरत पड़ी है, रूस हमारी मदद के लिए आगे आया है। इसी तरह, आपसी कारोबार भी दोनों देशों को काफी करीब ला चुका है। हां, भुगतान एक बड़ा मसला जरूर है, जिस पर इस बार अहम बातचीत हुई है। दरअसल, यूक्रेन युद्ध से पहले दोनों देशों के बीच डॉलर में ही लेन-देन होता था, लेकिन बाद में रूस पर प्रतिबंध और बदली वैश्विक परिस्थितियों के कारण कभी रूबल, तो कभी रुपये, तो कभी संयुक्त अरब अमीरात की मुद्रा दिहरम में व्यापार होने लगा। चूंकि मॉस्को पर लगा प्रतिबंध हाल-फिलहाल में खत्म होता नहीं दिख रहा, इसलिए यह बहुत आवश्यक है कि भुगतान की कोई स्थायी व्यवस्था बने।

### सुडोकू पहेली क्रमांक-

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 4 | 7 | | | 3 | 6 |
| | | | | 8 | | | 2 | 9 |
| | 1 | | 2 | | | | 5 | 7 |
| 7 | 6 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 1 | 5 |
| 6 | 9 | | | | 1 | | 4 | |
| 8 | 2 | | | 5 | | | | |
| 1 | 4 | | | 6 | 9 | 7 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 |

## आज का राशिफल

### मेष

आज भाग्य में वृद्धि का दिन है और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपको सम्मान की प्राप्ति होगी और भाग्य आपका साथ देगा। वृद्धजनों की सेवा और पुण्य कार्य पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। आपके दांपत्य जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी और आपको सम्मान की प्राप्ति होने से मन प्रसन्न रहेगा।

### वृष

आज धन वृद्धि होगी और आपको विजय प्राप्त है। सत्पुरुषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा। सांयकाल के समय स्वास्थ्य कुछ ढीला हो सकता है, ध्यान रखें। आपको कारोबार में सफलता प्राप्त होगी और निवेश में लाभ होगा।

### मिथुन

आज कारोबार में लाभ होगा।कोई महत्वपूर्ण व्यवसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाए तो आने वाले दिनों में आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपको कारोबार में लाभ होगा।

### तुला

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके द्वारा लिए गए निर्णय लाभप्रद होंगे। आपका जन संपर्क बढ़ने से आप प्रफुल्लित रहेंगे। कोई व्यक्ति आपके लिए समस्या उत्पन्न कर सकता है। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपके परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। भाग्य आपका साथ देगा।

### वृश्चिक

आज भाग्य हर मामले में आपका साथ देगा। विरोधियों का षड़यंत्र असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही कटुता आपसी समझौते से समाप्त हो जाएगी। नया परिचय मित्रता में परिवर्तन हो सकता है। आपके धन में वृद्धि होगी और कार्य संपन्न होंगे।

### धनु

आज दिन सामान्य है और आपके लिए सफलता के संयोग बन रहे हैं। आपको बौद्धिक और व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी और बिजनस में नए आइडिया पर काम करेंगे तो आपको लाभ होगा। संतान पक्ष की ओर से हर्ष दायक समाचार मिलने से आपका मनोबल बढ़ेगा। भाग्योदय का दिन है, इस दिन का लाभ उठाएं और अपने काम पर फोकस करें।

### कर्क

आज कर्म फल के मामले में फायदा होगा। कहीं से कमा कमाया धन मिलने का योग है। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। भाई बन्धुओं से विवाद हो सकता है। मतभेद और क्रोध अधिक न करें। आपके कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। तो लाभ होगा।

### सिंह

आज धन में वृद्धि होगी। आय के नये स्रोत सामने आएंगे। विरोध पक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाना लाभकारक रहेगा। आप परिवार के लोगों के साथ कहीं घूमने जाने का मन है और आपको लाभ होगा। और योजनाएं सफल होंगी। भाग्य में वृद्धि का दिन है।

### कन्या

धनु आज घर में धन धान्य की वृद्धि होगी और मित्रों से धन का लाभ होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी और मनोरथ सिद्धि होगी। रात्रि में शुभव्यय-मंगलमय समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। आपको कारोबार में लाभ होगा और योजनाएं पूर्ण होंगी।

### मकर

आज दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा। आपके सामने ढेर सारी जिम्मेदारियां खड़ी करनी चाहिए तो आपको लाभ होगा। किसी प्रकार की व्यवस्था करने में आप पूरे दिन काफी बिजी रहेंगे। सुव्यवस्था करने में आपका कोई सानी नहीं है। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता आज भी आपको यश देगी।

### कुंभ

आज दिन लाभ से भरा होगा और कुछ खास फैसले आपको लाभ प्रदान कर सकते हैं। मेहनत करने से आपको सफलता प्राप्त होगी और आय में वृद्धि होगी। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे और आपको व्यर्थ की भागदौड़ पारिवारिक अशांति विशेष रूप से रहेगी। सूर्यास्त होते समय कुछ राहत मिल जाएगी। आपके धन में वृद्धि होगी और परिवार के साथ वक्त आनंद में बीतेगा।

### मीन

आज दिन सफलता से भरा होगा और आप अपने विरोधियों को छोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। आपको लाभ अच्छा होगा और आपके प्रयास सफल होंगे। धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाये जा सकते हैं। कोई नया कार्य शुरू करने से पहले उसके फायदे और नुकसान के बारे में अच्छे से सोच लें। दिन का काम जल्दी खत्म करके शाम का कुछ वक्त परिवार के लोगों के साथ बिताएंगे।

## वर्ग पहेली 5431

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. ब्रिटेन ने इस देश को 29 अगस्त 1945 को जापान से मुक्त किया (4)
5. वचन, प्रतिज्ञा, इकरार (2)
7. विवाह के पूर्व की एक रस्म (4)
8. नितांत अंतिम, छोरस्थ, पराकाष्ठात्मक (3)
10. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
11. लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने अपना सरगमी सफर इस फिल्म से शुरू किया (5)
13. जंगल, अरण्य, कानन (2)
14. ईर्ष्या, जलन, खुन्नस, रश्क (2)
15. भय, खौफ, दहशत (2)
16. भास्कर, दिनपति, दिवाकर (2)
18. प्रशस्ति स्तंभ, धौलहरा, लाट (3)
22. जो रिश्तें में नाना का पिता हो (4)
24. 1948 में प्रदर्शित आग वह पहली फिल्म थी जिसमें अभिनेता के साथ-साथ निर्माता-निर्देशक के रूप में भी ये अभिनेता सामने आए (5)
25. घोड़ों द्वारा खींचकर ले जानी वाली सवारी का चलन प्राचीनकाल में था (2)

**ऊपर से नीचे**

1. जल्दी-जल्दी और लंबी-लंबी सांसे लेना (3)
2. अनर्थ बोध, बदगुमानी, भ्रांत धारणा (6)
3. मालवी में प्याज को यह कहते है (2)
4. बारूद को अंग्रेजी में यह कहा जाता है (6)
5. पुनरागत, लौटा हुआ, प्रतिगत, शेखर पुरोहित अलका अभिनीत 1969 की फिल्म (3)
6. दायित्व, कार्यभार, जिम्मा (5)
9. नगीना, रत्न (2)
12. दौड़ने वाला, धावक (3)
17. पूरे संसार का स्वामी होने के कारण भगवान शिव का एक नाम (4)
19. मुलायम, मृदु, कोमल (3)
20. सूती धागा, रज्जू (2)
21. पुराणानुसार कामाक्षी का चौथा रूप, शब्द ब्रह्म, परमार्थ का कराने वाली विद्या (2)
22. किंतु, परंतु, पंख, डैना (2)
23. नारी का अपभ्रंश, मोटा रस्सा (2)

### वर्ग पहेली 5430 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | बि | दा | सु | ल्ता | न | | ट |
| ज | ज | | ख | | या | चि | का |
| त | ली | | दा | य | रा | | |
| क | | त | य | | स्ता | व | क |
| | अ | ट | क | ल | | न | र |
| लू | | व | | क्ष्य | | गो | वा |
| | फु | र्ती | ला | | ना | च | |
| जा | ट | | भ | र | ता | र | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

हिन्दी दैनिक
सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, सोमवार, 15 जुलाई 2024

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# 19 जुलाई से छाएंगे बादल, अगले पांच दिन नहीं होगी बारिश



**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य के मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। पिछले एक सप्ताह से रूक रूककर हो रही वर्षा ने जहां किसानों को राहत दी है।

वहीं, शहरी क्षेत्र के लोगों के लिए आफत बन गई। यह सिलसिला अब अगले पांच दिनों तक थम जाएगा फिर 19 जुलाई से राजधानी के आसमान में बादल छाएंगे और वर्षा होने की संभावना जताई जा रही है।

दरअसल, यह बदलाव बंगाल की खाड़ी में रूक-रूककर बन रहे क्लाउड सर्कुलेशन के कारण हो रहा है। बताया गया कि जून में एक बार जबकि जुलाई में अब तक एक बार ही क्लाउड सर्कुलेशन का असर देखने को मिला है जबकि प्रतिमाह औसतन यह सर्कुलेशन तीन से चार बार बनने के बाद ही अच्छी वर्षा होने की बात कही जाती है।

वहीं, मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद की माने तो 19-20 जुलाई के बाद से सर्कुलेशन का असर देखने को मिलेगा। यह सिलसिला अगस्त और सितंबर माह में भी देखने को मिलेगा। इसलिए, औसत वर्षा का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी।

पिछले वर्ष भी जून और जुलाई माह में औसतन 27 प्रतिशत कम वर्षा रिकॉर्ड की गई थी, लेकिन इसकी क्षतिपूर्ति अगस्त और सितंबर माह में हो गई थी। एक जून से 13 जुलाई तक हुई वर्षा के आंकड़ों को देखें तो पता चलता है कि पूरे राज्य में औसतन 316.7 मिमी वर्षापात की जगह 161.9 मिमी वर्षापात हुआ है।

राजधानी रांची में 327.6 मिमी की जगह 168.4 मिमी वर्षापात हुआ है, जो कि औसत से काफी कम है। विशेषज्ञ बताते हैं कि इस वर्षापात से किसानी को बल तो नहीं मिलेगा लेकिन बीजारोपण और मिट्टी को नम बनाए रखने के लिए पर्याप्त है।

मृदा विज्ञानी डा. डीके शाही की माने तो इस वर्षापात से मिट्टी की नमी तो बनी रहेगी लेकिन आगामी दिनों यदि पर्याप्त वर्षा नहीं हुई तो इसका असर किसानी पर पड़ेगा। बताया कि रांची जिला के अलावे अन्य जिलों के लिए भी बुलेटिन जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सामान्य वर्षापात नहीं होने से इसका असर आगामी दिनों खरीफ फसल पर भी पड़ने की संभावना है।

राजधानी समेत पूरे राज्य में हो रहे निर्माण कार्य और खनन कार्यों ने जहां हरियाली को कम कर दिया है। वहीं, इसका सीधा असर राज्य के मौसम पर भी पड़ रहा है। बादल संघनन की प्रक्रिया धीमी हो गई है और जून माह में कम वर्षापात रिकॉर्ड किया जा रहा है और यह जुलाई में शिफ्ट हो रहा है।

अक्सर ऐसी स्थिति तब देखने को मिलती है जब एक ही शहर में कहीं वर्षापात तो कहीं खिली धूप नजर आती है। शनिवार को भी रांची के धुर्वा से लेकर डोरंडा क्षेत्र में झमाझम वर्षा हुई जबकि कांटाटोली, लालपुर और कोकर क्षेत्र में वर्षा नहीं हुई।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद बताते हैं कि क्लाउड सर्कुलेशन में हो रहे बदलाव का ही परिणाम है कि इस बार उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हुई है और कयास भी लगाए जा रहे हैं कि आगामी दिनों अच्छी वर्षा होगी। वहीं, उत्तर पश्चिमी और कोल्हान क्षेत्र में कम वर्षापात हुए, जबकि पिछले वर्ष इसके विपरित स्थिति बनी थी।

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य के सभी स्थानों पर हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा हुई, जबकि कहीं-कहीं भारी वर्षापात हुआ। राज्य में मानसून की गतिविधि सामान्य नजर आई। सबसे अधिक वर्षा 73 मिमी लातेहार के नेतरहाट में रिकॉर्ड की गई।

सबसे अधिक अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सरायकेला का, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रांची का रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## पारडीह गोदाम में 3200 बोरा अनाज खराब बर्मामाइंस में 24 क्विंटल दाल कम मिली

**जमशेदपुर, एजेंसी।** झारखंड सरकार के खाद्य व आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) के साकची, बर्मामाइंस, पारडीह व जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय स्थित गोदाम का निरीक्षण किया। मंत्री बन्ना गुप्ता ने पारडीह गोदाम में 3200 बोरा अनाज खराब पाया। बर्मामाइंस गोदाम में 24 क्विंटल दाल और 3 क्विंटल चीनी स्टॉक रजिस्टर से कम पाई गई है। इस पर मंत्री ने प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश दिया है। मंत्री बन्ना गुप्ता शनिवार दोपहर करीब 2.30 बजे साकची स्थित गोदाम पहुंचे तो पाया- गोदाम बंद है। गोदाम के सहायक गोदाम प्रबंधक (एजीएम) कालीपदो पाल अपने परिजन के श्राद्धकर्म के लिए अवकाश पर थे। मंत्री ने उपस्थित कर्मचारियों को गोदाम खोलने को कहा तो बताया गया- गोदाम की चाबी एजीएम के पास ही रहती है। मंत्री ने कालीपदो पाल को फोनकर गोदाम आने को कहा। एजीएम के इंतजार में मंत्री ने गोदाम के समीप स्थित दाल-भात केंद्र पर भोजन किया। एजीएम को घाटशिला से आने में विलंब होने लगा तो मंत्री ने उपस्थित कर्मचारियों से सोमवार को जांच करे की बात कही। इसके बाद वे बर्मामाइंस पहुंचे। बर्मामाइंस में मंत्री ने एसडीओ पारूल सिंह के साथ जांच की तो कई तरह की अनियमितता पाई।

## संक्षिप्त समाचार

### विजय कुमार दास को प्रदेश सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर युवा कांग्रेस ने किया स्वागत

**रांची, एजेंसी।** युवा कांग्रेस के प्रदेश सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर बनाए जाने पर गुवा के इंटक कार्यालय में विजय कुमार दास का स्वागत किया गया। इंटक के शाखा सचिव विश्वजीत तांती एवं युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सलीम कुरैशी ने माला पहनाकर स्वागत किया। विजय कुमार दास ने पार्टी एवं संगठन को मजबूती करने पर जोर दिया, साथ ही आज के इस डिजिटल युग में सोशल मीडिया के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला सचिव सह पंचायत समिति सदस्य भादो टोप्पो, इंटक जोनल सचिव जयसिंह नायक, यूथ इंटक प्रखंड अध्यक्ष ज्वाला साहनी, युवा कांग्रेस विधानसभा महासचिव प्रवीण नाग, शंभू पूर्ति, सुशील पूर्ति, नरेश कुमार दास, जुनैद खान, अजय दास, अनिल गोप, अनुप तिर्की आदि युवा कांग्रेस के सदस्य उपस्थित थे।

### झारखंड पिछड़ा आयोग ने मांगी उपायुक्तों के माध्यम से ओबीसी की गिनती कराने की अनुमति,

**रांची, एजेंसी।** झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने उपायुक्तों के माध्यम से राज्य में ट्रिपल टेस्ट के लिए जनगणना कराने की अनुमति मांगी है. इससे संबंधित प्रस्ताव राज्य सरकार के कार्मिक विभाग को भेजा है. आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने न्यायालय के निर्देशानुसार ओबीसी की वास्तविक गिनती कर ट्रिपल टेस्ट कराने को कहा है. निजी एजेंसी द्वारा जनगणना कराने पर उसकी स्वच्छता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो सकता है. ऐसे में उपायुक्तों के माध्यम से ही जनगणना कराने का निर्णय लिया गया है. झारखंड सरकार की अनुमति मिलने के बाद सभी शहरी निकायों में थ्री लेयर टेस्ट के लिए जनगणना का कार्य शुरू कराया जा सकता है. पूर्व में आयोग ने मध्यप्रदेश की तर्ज पर मतदाता सूची से ओबीसी की गिनती करने का प्रस्ताव दिया था. लेकिन, राज्य सरकार ने उसे अस्वीकृत करते हुए वास्तविक जनगणना करते हुए थ्री लेयर टेस्ट के लिए योजना बनाने का निर्देश दिया था.राज्य के 13 नगर निकायों में तीन वर्षों से अधिक समय से और शेष सभी निकायों में गत साल अप्रैल से नगर निकाय चुनाव लंबित है. वर्तमान में नगर निकायों का संचालन जनप्रतिनिधियों की जगह प्रशासनिक पदाधिकारियों के माध्यम से कराया जा रहा है. जिससे निकाय प्रशासन में जनता की कोई भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो पा रही है. नगर निकाय चुनाव में विलंब का खामियाजा विकास कार्यों पर पड़ रहा है. चुनाव नहीं होने की वजह से 15वें वित्त आयोग की ओर से मिलनेवाले अनुदान से राज्य को वंचित होना पड़ रहा है. 15वें वित्त आयोग से झारखंड सरकार को लगभग 1600 करोड़ रुपये का अनुदान फंस गया है. यह राशि राज्य के शहरों के विकास व नागरिक सुविधाएं विकसित करने के लिए राज्य को मिलनी है.

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना से वंचित है कई किसान

**हजारीबाग, एजेंसी।** पीएम किसान निधि योजना से प्रखंड के कई किसान वंचित है। बावजूद आंचल कर्मियों का ध्यान इब ओर नहीं है। जबकि सरकार का निर्देश था कि इस योजना से वंचित किसानों के घर-घर जाकर लोगों को जोडने का काम करे। इसके लिए कर्मचारियों को किसानों से संपर्क कर ई केवाईसी, एनपीसीआई बैंक खाते से आधार सेटिंग एवं भूलेख अंकन करेंगे। लेकिन सरकार के इस आदेश को अंचल कर्मियों द्वारा धत्ता बताते हुए कई किसानों को इस योजना से वंचित रखा जा रहा है। किसान इस योजना में नाम जोड़ने के लिए अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। बावजूद कंप्यूटर ऑपरेटर मिथिलेश कुमार द्वारा टाल मटोल कर उन्हें वापस लौटा दिया जा रहा है। इतना ही नहीं किसानों ने आरोप लगाया कि इसमें नाम जोड़ने के लिए उनसे कुछ मांग भी की गई है। नही देने के कारण इस योजना से वंचित रखा जा रहा है। केन्द्र के मोदी सरकार जहां किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस योजना का संचालन किया है लेकिन कटकमदाग के कर्मी के लापरवाही के कारण पिछले एक साल से किसान अंचल कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते हार गए पर उनका काम आज तक नही हो पाया है। किसान जहां सुखाडं की आशंका से परेशान है वही किसान सम्मान निधि योजना से नाम गायब हो जाने से चिंतित है।कटकमदाग के प्रखंड कृषि पदाधिकारी घनश्याम प्रसाद का कहना है कि किसान सम्मान निधि योजना का लाभ तीन कारणों से रुक सकता है।

## सरकारी स्कूल के बच्चों की होगी नेत्र जांच, मिलेगा मुफ्त में चश्मा; विभाग ने तेज की तैयारी



**धनबाद, एजेंसी।** राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम के तहत धनबाद के 1535 सरकारी स्कूल के बच्चों की नेत्र जांच की जाएगी। इसके साथ स्कूली बच्चों को निशुल्क चश्मा दिया जाएगा।इसके लिए स्वास्थ्य विभाग इसके लिए स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। सरकारी स्कूलों में चयनित शिक्षक को मास्टर ट्रेनर बनाकर निपुण किया जा रहा है। जल्द विभिन्न स्कूलों के लिए कैंप की समय सारणी भी जारी की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से विभिन्न स्कूलों से शिक्षक को चयनित किया जा रहा है। ट्रेनिंग के बाद ऐसे शिक्षक स्कूल में नेत्र कैंप की मॉनिटरिंग करेंगे। शिक्षक अभिभावक मीटिंग में भी इसकी जानकारी दी जाएगी।जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को विभाग की ओर से निशुल्क चश्मा दिया जाएगा। पढ़ाई के दौरान इस चश्मे का उपयोग करके छात्र-छात्राएं सहज महसूस कर पाएंगे।

ट्रेनर रामप्रवेश मंडल ने बताया कि स्कूलों में नेत्र की समस्या के वजह से बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है, इसलिए सरकार ने यह कदम उठाया है। बच्चों में दृष्टि दोष एक बड़ी समस्या है। ऐसे बच्चे क्लास में बोर्ड पर लिखा प्रश्न और उत्तर को नहीं लिख पाते हैं और यही कारण है कि ऐसे बच्चे पढ़ाई में पिछड़ते जाते हैं।इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि अभिभावक और बच्चों दोनों इस नेत्र समस्या को नहीं पहचान पाए। ऐसे बच्चों को सिर में अक्सर दर्द भी रहता है, जो दृष्टि दोष का एक बड़ा कारण माना जाता है।

# तोपचांची में खड़ी बाइक को बोलेरो ने रौंदा, मां-बेटी की मौत, पिता-पुत्र गंभीर




**धनबाद, एजेंसी।** तोपचांची स्थित मदयडीह के पास जीटी रोड के किनारे खड़ी बाइक पर बैठे परिवार को बेकाबू बोलेरो ने रौंद दिया। इस हादसे में बाइक पर बैठी छह साल की शिवांगी तथा उसकी मां सुमन देवी (28 वर्ष) की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार सुमन के पति दुलालचंद विश्वकर्मा और ढाई साल का बेटा शिवांश की हालत गंभीर है। बोलेरो में सवार धनबाद की सीसीडब्लूओ कॉलोनी निवासी चारूबाला देवी उर्फ छलवा देवी और उनके पति शंकर पांडेय भी घायल हो गए। दोनों के सिर में चोट है। धनबाद मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों असर्फी में अपना इलाज करा रहे हैं।

बाइक पर सवार परिवार गिरिडीह जिले के सरिया कुबारडीह का रहनेवाला है। दुलारचंद अपनी पत्नी सुमन देवी, पुत्री शिवांगी और पुत्र शिवांश के साथ बाइक से अपनी बहन के घर कतरास जा रहे थे। रास्ते में मदयडीह के पास पेड़ के नीचे बाइक सड़क किनारे खड़ी कर बच्चों को पानी पिला रहे थे। तभी डुमरी से धनबाद की ओर जा रही बेकाबू बोलेरो ने बाइक सवार परिवार कुचल दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो और बाइक दोनों पेड़ को तोड़ती हुई 20 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। बोलेरो पर महाराष्ट्र का नंबर था। हाइसे बोलेरो और बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक सवार बच्ची और महिला की स्थिति इतनी खराब थी कि देखने वालों का कलेजा दहल गया। मौजूद लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर सभी को निकाला और धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। पुलिस ने बाइक तथा बोलेरो को जब्त किया। इधर धनबाद मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी में डॉक्टरों ने बाइक सवार महिला और उसकी बेटी को मृत घोषित कर दिया। दुलालचंद के सिर और चेहरे के साथ-साथ शरीर के विभिन्न अंगों में गंभीर चोट है। उसके बेटे शिवांश की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है। दोनों को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया था। घटना की सूचना पर इमरजेंसी पहुंचे परिजन दोनों को बेहतर इलाज के लिए पहले असर्फी ले गए। वहां से कहीं और लेकर चले गए हैं। घटना में मारी गई मां-बेटी के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

**शादी में शामिल होने जा रहा था परिवार**

दुलालचंद अपने पूरे परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने कतरास अपनी बहन के घर जा रहे थे। परिजनों ने बताया कि पूरा परिवार उत्साहित था। कई दिनों से इसकी तैयारी कर रहे थे, लेकिन मंजिल तक नहीं पहुंच सके। रास्ते में ही दुर्घटना के शिकार हो गए।

## प्रसूता की मौत पर अस्पताल में हंगामा



**धनबाद/गोविंदपुर, एजेंसी।** प्रसूता की मौत पर शनिवार को गोविंदपुर के लक्ष्मी हॉस्पटिल में जमकर हंगामा हुआ। शव के साथ बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण हॉस्पिटल पहुंच गए और हंगामा किया। काफी समझाने के बाद लोग शांत हुए। बाद में हुई बैठक में अस्पताल ने परिजनों को मुआवजा दिया गया। इसके बाद लोग शव लेकर गए।

जानकारी के अनुसार गोविंदपुर के गोड़तोपा निवासी मुस्ताक अंसारी की पत्नी सानिया खातून (28 वर्ष) को प्रसव के लिए शुक्रवार की सुबह लक्ष्मी हॉस्पटिल में भर्ती कराया गया था। सानिया पूर्व मुखिया लुकमान अंसारी की बेटी थी। यहां ऑपरेशन से उसकी डिलीवरी करवाई गई। उसने बेटी का जन्म दिया। डिलीवरी के बाद प्रसूता की स्थिति बिगड़ने लगी। जब मामला नहीं संभला तो उसे असर्फी रेफर कर दिया गया। असर्फी में इलाज के दौरान प्रसूता की शुक्रवार की रात मौत हो गई। इससे आक्रोशित परिजन ग्रामीणों को लेकर जिप सदस्य सोहराब अंसारी के नेतृत्व में शनिवार की सुबह शव के साथ लक्ष्मी हॉस्पटिल पहुंचकर हंगामा करने लगे। परिजन इलाज में लावरवाही का आरोप लगाते हुए डॉक्टर को मौत के लिए जिम्मेवार ठहरा रहे थे। बाद में बैठक हुई और अस्पताल प्रबंधन को मुआवजा देना पड़ा। इसके बाद लोग शव को लेकर गए।

इस मामले में पूर्व मुखिया से संपर्क करने की कोशिश की गई। उन्होंने कॉल नहीं उठाया। लक्ष्मी हॉस्पिटल की संचालिका और महिला का प्रसव कराने वाली चिकित्सक डॉ. अंजना ने इलाज में लापरवाही की बात को गलत बताते हुए कहा कि प्रसव के दौरान महिला को काफी रक्तस्राव होने लगा था। काफी कोशिश के बाद भी उसे संभाला नहीं जा सका। उसे असर्फी रेफर किया गया।



## हेमंत सरकार ने तोड़ा है राज्य के लोगों का विश्वास : सुदेश महतो

**रांची, एजेंसी।** आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने शनिवार को आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार ने राज्यवासियों का विश्वास तोड़ा है। जनादेश के साथ धोखाधड़ी की है। सरकार पर विश्वास करने का समय अब खत्म हो गया। यह समय इनकी वादाखिलाफी का जवाब देने का है। धोखा खाने के बाद नौजवान सड़कों पर भटक रहे हैं। वे अपने भविष्य के लिए चिंतित हैं।

सुदेश ने पूछा कि सरकार ने रोजगार मेला लगाकर जिन युवाओं को नौकरियां दीं, वे युवा अब कहां हैं, इसका हिसाब सरकार को देना चाहिए। नियोजन नीति को लेकर झारखंडी युवा छले गए हैं। शनिवार को पूर्व आईएएस अधिकारी राजीव कुमार आजसू में शामिल हुए। राजीव कुमार का पार्टी में स्वागत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि इन्होंने बतौर प्रशासनिक अधिकारी बेहतर काम किए हैं। ये झारखंड को समझने वाले अधिकारी रहे हैं। इनके अनुभव का लाभ पार्टी को जरूर मिलेगा। राजीव कुमार ने कहा कि आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो के विकास के प्रति सकारात्मक सोच से प्रभावित होकर वे आजसू में शामिल हुए हैं।

# जदयू के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी सरयू राय की पार्टी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की हलचल तेज होने लगी है। इस बीच शनिवार को भारतीय जनता मोर्चा (भाजमो) नेता और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने एक्स पर बड़ी जानकारी साझा की। इसमें उन्होंने बताया है कि इस बार उनकी पार्टी भाजमो नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी।

सरयू राय ने इस संबंध में एक्स पर एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि शनिवार को पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास में नीतीश कुमार के साथ भेंट की, जिसमें चर्चा के बाद झारखंड में विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ने पर सहमति बनी। शेष औपचारिकताओं पर जदयू नेतृत्व जल्द निर्णय लेगा।

झारखंड की राजनीति में नीतीश-सरयू की जोड़ी को बड़ा संदेश माना जा रहा है, क्योंकि वर्तमान स्थिति में सरयू राय भाजपा से अलग भाजमो के नेता हैं। वे जमशेदपुर पूर्वी से चुनाव लड़ने की घोषणा पहले ही कर चुके हैं। जमशेदपुर पूर्वी वही विधानसभा क्षेत्र है, जिसे भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है। सरयू से पहले यहां से पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास विधायक हुआ करते थे। ऐसे में भाजपा के कार्यकर्ताओं में क्या करें, क्या न करें की स्थिति बननी तय है। सरयू राय के इस चुनावी दांव को उनकी चाणक्य नीति का हिस्सा माना जा रहा है।



**सामने आई नीतीश कुमार संग तस्वीर**

सरयू राय ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार संग एक तस्वीर भी शेयर की है। कैप्शन में उन्होंने लिखा कि पटना मुख्यमंत्री निवास में नीतीश कुमार के साथ भेंट हुई। झारखंड विधानसभा के आगामी चुनाव में हमारी संभावित भूमिका के बारे में संक्षिप्त परंतु फलदायक चर्चा हुई। साथ में झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ने पर सहमति बनी। शेष चुनावी औपचारिकताओं पर जद(यु) नेतृत्व शीघ्र निर्णय लेगा।

# घुसपैठ को लेकर बाबूलाल ने सीएम सोरेन पर फिर बोला हमला

**जामताड़ा, एजेंसी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ को बढ़ावा देने का काम किया है। यह एक सोची-समझी और सुनियोजित साजिश के तहत किया जा रहा है। पूरे संताल परगना की डेमोग्राफी सुनियोजित तरीके से बदली जा रही है।

उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान की हेमंत सरकार अपने किए गए भ्रष्टाचारों के साक्ष्य मिटाने को बनी है। जानबूझकर हमारे लोगों का नाम मतदाता सूची से काटा जा रहा है और किसी न किसी प्रकार का अड़चन पैदा कर 18 साल पूरे कर लिए गए मतदाता का नाम सूची में नहीं जोड़ा जा रहा। इन्हें जनता के हित से मतलब नहीं है।

दरअसल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को जामताड़ा में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान नगर भवन



दुलाडीह में भारतीय जनता पार्टी का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, जामा विधायक सीता सोरेन और कार्यक्रम के संयोजक भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल सम्मिलित हुए।

समारोह के दौरान लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बूथ अध्यक्षों व बूथ कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। लोकसभा चुनाव में जामताड़ा विधानसभा अंतर्गत सभी साथ मंडलों के बूथों पर भाजपा के पक्ष में सर्वाधिक मत प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बूथ अध्यक्षों एवं बूथ समिति के कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित कर आभार जताया गया।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आसान्न विधानसभा चुनाव में को कमर कसने का आह्वान किया ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित कर सकें।

कार्यक्रम के संयोजक भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल ने कहा कि वर्तमान महागठबंधन सरकार में चारों ओर भ्रष्टाचार, धांधली, घुसखोरी और भ्रष्टाचार में संलिप्त है। इस सरकार में यदि किसी की सबसे ज्यादा दुर्गति हुई है तो वह हैं हमारे आदिवासी समाज के भाई-बहन।

## 70 ईसाई तीर्थ यात्रियों का दल गोवा रवाना, डीडीसी ने बस को दिखाई हरी झंडी



**जमशेदपुर, एजेंसी।** झारखण्ड सरकार के पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के तत्वावधान में पूर्वी सिंहभूम का 70 सदस्यीय ईसाई धर्मावलंबियों (अटेंडर सहित) के जत्थे को गोवा तीर्थ यात्रा हेतु शनिवार पूर्वाहन 09 बजे समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने तीर्थ यात्रियों के सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामना देते हुए हरी झंडी दिखाकर रांची स्थित हटिया रेलवे स्टेशन के लिए दो बसों को रवाना किया।रांची से तीर्थ यात्रियों का दल रेल मार्ग द्वारा गोवा प्रस्थान करेगा। सात दिवसीय तीर्थ यात्रा 13 जुलाई से प्रारंभ होकर 19 जुलाई 2024 को समाप्त होगी। झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित तीर्थ स्थल दर्शन हेतु ऐसे नागरिकों को शामिल किया गया है जो झारखंड के निवासी हैं, उनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है, वे बीपीएल श्रेणी के अंतर्गत आते हैं तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं। इस तीर्थ यात्रा में तीर्थ यात्रियों के लिए कॉर्पोरेशन और जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। जिला प्रशासन की ओर से तीर्थ यात्रियों के उचित देखभाल हेतु नोडल अधिकारी के रूप में मनीष जोंको और उनके साथ सहायक के रूप में हेमवती पिंगुवा एवं सुशीला बा यात्रा में शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### उन्हें रास नहीं मजबूत भारत, मोदी सरकार के खिलाफ कर रहे काम: शिवराज सिंह चौहान

**जयपुर, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि विदेशी ताकतों को मजबूत भारत रास नहीं आ रहा है, वे भारत की बढ़ती विकास दर से नाखुश हैं। इसलिए वे देश हित में काम कर रही केंद्र की भाजपा सरकार को नुकसान पहुंचाने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हैं। जयपुर में राज्य भाजपा कार्यसमिति की बैठक में बोलते हुए चौहान ने कहा कि हमारे विरोधी, जिसमें यह सच है कि विदेशी ताकतें भी शामिल हैं। यह किसी भी हद तक जाकर केंद्र की भाजपा सरकार को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। क्योंकि जिस तेजी के साथ भारत आज आगे बढ़ रहा है यह उन्हें रास नहीं आ रहा है और वह सामने से कोई बात नहीं कह सकते इसलिए पीठ पीछे साजिश करते हैं। हमें ऐसे लोगों से और ऐसी ताकतों से सावधान रहने कि जरूरत है। शिवराज सिंह चौहान ने नेता विपक्ष राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि वह बालक बुद्धि हैं। कांग्रेस उनके नेतृत्व में झूठ का पिटारा लेकर घूम रही है। कांग्रेस ने लगातार अग्निवीर और न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे में झूठ बोला और पूरा का पूरा इंडी गठबंधन इस बारे में झूठ फैलाने में लगा हुआ है। इस झूठ से हमें जनता को बचाना होगा। शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि इतने कम समय में उन्होंने जो काम किया है उसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। कुछ ही महीनों के अंदर उन्होंने अपने 45 प्रतिशत से ज्यादा संकल्पों को पूरा कर लिया है, इसके लिए मैं उन्हें ह्रदय से बधाई देता हूं। चौहान ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि ये लोकसभा चुनाव वास्तव में चमत्कारी थे, 62 सालों में ऐसा पहली बार हुआ कि कोई प्रधानमंत्री अपने दो कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए तैयार हो। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। शिवराज ने अशोक गहलोत का जिक्र करते हुए कहा कि यहां राजस्थान में जब विधानसभा चुनाव थे तो तब के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बारे में सुनते थे कि वे जादूगर हैं, सरकार बना लेंगे। लेकिन राजस्थान की जनता ने असली जादूगर बनकर भारी जनादेश के साथ भाजपा को चुना और गहलोत को उखाड़ फेंका। कार्यसमिति की इस बैठक में शिवराज सिंह चौहान के अलावा राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और कई वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद रहे।

### हजारों फीट की ऊंचाई से कूदे केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र शेखावत, लिया स्काइडाइविंग का लुत्फ



**नारनौल, एजेंसी।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को हरियाणा के नारनौल में स्काइडाइविंग में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने आकाश में उड़ते विमान से छलांग लगाई। उन्होंने कहा कि वह हवाई खेल (एयरो-स्पोर्ट्स) पर्यटन क्षेत्र में भारत का उज्ज्वल भविष्य देख रहे हैं। विश्व स्काइडाइविंग दिवस के अवसर पर मंत्री ने एक विमान को भी हरी झंडी दिखाई। इस विमान का इस्तेमाल स्काइडाइविंग के लिए किया जाएगा। बताया जा रहा है कि यह देश में इस तरह का पहला विमान है। आकाश में रोमांच का अनुभव करने के लिए शेखावत सुबह-सुबह नारनौल हवाई पट्टी पर पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ उनकी दोनों बेटियां भी मौजूद थीं। 'टेंडेम स्काइडाइविंग' के तुरंत बाद केंद्रीय मंत्री ने मीडियाकर्मियों के साथ अपना अनुभव साझा किया। 'टेंडेम स्काइडाइविंग' में एक पेशेवर स्काइडाइवर पूरी कवायद के दौरान इसमें भाग लेने वाले व्यक्ति के साथ रहता है। शेखावत ने कहा, ''यह दिन निश्चित रूप से मेरे लिए एक साहसिक दिन है। पूरी दुनिया के लिए यह हवाई खेल के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण दिन है।

# मैं आरएसएस में था, यह कोई अछूत संगठन नहीं: पूर्व जज चितरंजन दास

**कलकत्ता, एजेंसी।** कलकत्ता और ओडिशा हाई कोर्ट में जज रह चुके रिटायर्ड जस्टिस चितरंजन दास ने एक इंटरव्यू में कहा कि किसी को अपनी राजनीतिक पहचान छिपाने की जरूरत नहीं है। वह खुलकर कहते हैं कि वह आरएसएस के सदस्य थे। उन्होंने कहा कि एक जज रहते हुए उन्होंनें संविधान के मुताबिक काम किया और उनकी व्यक्तिगत विचारधारा कभी आड़े नहीं आई। जस्टिस दास ने यह भी कहा कि आरएसएस में हर विचारधारा के लोग रहते हैं और यह संगठन किसी को किसी विचारधारा के लिए बाध्य नहीं करता है।

बता दें कि जस्टिस चितरंजन अपने फैसलों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने एक फैसले में कहा था कि महिलाओं को भी अपनी कामेच्छा पर काबू करना चाहिए। उन्होंने कहा था, कमेच्छा पर काबू करना चाहिए क्योंकि क्योंकि कई बार समाज की नजर में महिलाओं को गिरना पड़ता है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को लेकर कहा था कि कई बार जजों की टिप्पणी गलत संदेश दे देती है। इसके बाद रिटायरमेंट के वक्त उन्होंने कहा कि वह



आरएसएस के सदस्य हुआ करते थे। हालांकि उन्होंने कहा कि किसी पार्टी से उनका संबंध नहीं रहा और किसी भी वजह से उनके फैसले कभी प्रभावित नहीं हुए।

**आरएसएस के बारे में क्या बोले जस्टिस दास:** जस्टिस दास ने कहा कि आरएसएस अपने 100 साल पूरे करने जा रहा है। आरएसएस को कई लोग अछूत संगठन मानते हैं लेकिन इस संगठन ने किसी के माइंड वॉशि की कोशिश कभी नहीं की। मुझे इसका व्यक्तिगत अनुभव है। आरएसएस लोगों के व्यक्तित्व को निखारता है। यह लोगों को अच्छा नागरिक बनाता है और चाहे कोई प्रधानमंत्री हो, जज या कलेक्टर हो। हर किसी को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा, यह कोई क्रांतिकारी संगठन नहीं है। इतिहास में पता चलता है कि इंदिरा गांधी को भी आरएसएस की मदद पड़ी थी। चीन से युद्ध के समय भी आरएसएस ने काफी काम किया था। ये चीजें लोगों को बताई नहीं जाती हैं। आरएसएस यही कहता है कि आपको अपने कार्य के प्रति प्रतिबद्ध रहना है। कई लोगों ने गलत जानकारी देकर इस संगठन की छवि धूमिल करने की कोशिश की है।

जस्टिस दास ने कहा की मैं आरएसएस का सदस्य था र इससे मेरा काम कभी प्रभालित नहीं हुआ। एक जज रहते हुए मैं संविधान के प्रति वफादार रहा। आप हमारे कई फैसले देख सकते हैं। आरएसएस आपसे कभी राइट या लेफ्ट में जाने को नहीं कहता है। उन्होंने कहा, कई बार हमारे फैसलों में कांग्रेस और टीएमसी नेताओं को भी राहत मिली। मैंने यह कभी नहीं सोचा कि जो बीजेपी के खिलाफ हैं वे हमारे दुश्मन हैं। हमने कानून के मुताबिक ही सबके साथ व्यवहार किया।

### अभिजीत गंगोपाध्याय पर क्या बोले जस्टिस दास

अभिजीत गंगोपाध्याय ने लोकसभा चुनाव से पहले वीआरएस लेकर बीजेपी जॉइन कर ली थी। जस्टिस दास ने कहा, इस तरह से जज रहते हुए किसी को राजनीतिक दल में नहीं शामिल होना चाहिए। आरएसएस भीकहता है कि आप जिस पद पर हैं उसकी गरिमा का खयाल रखें। हालांकि बीजेपी में जाना उनकी इच्छा थी, उसपर मैं ज्यादा कुछ नहीं कह सकता। लेकिन अगर किसी जज को राजनीति में जाने की इच्छा है तो राजनीति से जुड़े मामलों की सुनवाई उसे नहीं करनी चाहिए।

# पहली बार पति-पत्नी साथ विधायक, हिमाचल में उपचुनाव के बाद बना एक और रिकॉर्ड

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में हुए उपचुनाव में इस बार दो रिकॉर्ड दर्ज किए गए। पहली बार पति-पत्नी एक साथ विधायक के रूप में नजर आएंगे। यह भी पहली बार हुआ कि हिमाचल प्रदेश का विधानसभा बिना किसी निर्दलीय सदस्य के नजर आएगा। साथ ही 2022 के विधानसभा चुनाव में 40 सीटें जीतने वाली कांग्रेस ने फिर से 40 का आंकड़ा छू लिया है।

देहरा सीट से विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर की जीत ने राज्य में इतिहास रच दिया है। पहली बार कोई पति-पत्नी विधानसभा के सदस्य के रूप में एक साथ नजर आएंगे। इसके अलावा इस उपचुनाव में कोई भी निर्दलीय नहीं चुना गया। यह भी पहली बार हुआ कि हिमाचल प्रदेश का विधानसभा बिना किसी निर्दलीय सदस्य के नजर आएगा।

2022 के विधानसभा चुनाव में 40 सीटें जीतने वाली कांग्रेस की ताकत फिर से बढ़कर 40 हो गई है। इस साल जून में चार उपचुनाव जीतने के बाद 68 सदस्यीय विधानसभा में 38 सीटों के साथ स्थिर हुई कांग्रेस सरकार और मजबूत हो गई है। इससे पहले 2017 के विधानसभा चुनावों में पूर्व मुख्यमंत्री



वीरभद्र सिंह और उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह के निर्वाचित होने से एक रिकॉर्ड कायम हुआ था। संयोग से दोनों सदन के सबसे पुराने और सबसे कम उम्र के सदस्य थे। कांग्रेस की दिग्गज नेता सरला शर्मा और उनके पति परसराम (सीपीआईएम) भी विधानसभा के सदस्य रहे, लेकिन वे कभी भी एक ही सदन के सदस्य नहीं रहे। 1967 में परसराम निर्वाचित हुए, लेकिन कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ीं उनकी पत्नी चुनाव हार गईं। इस जोड़े ने दो अलग-अलग विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ा था और 1972 के विधानसभा चुनावों में इसका उलटा हुआ था।

2022 के विधानसभा चुनावों में पच्छाद निर्वाचन क्षेत्र से चुनी गईं भाजपा की रीना कश्यप सदन में अकेली महिला सदस्य थीं, लेकिन कमलेश ठाकुर की जीत के साथ अब महिला सदस्यों की संख्या दो हो गई है।

### कोचिंग स्टूडेंट्स की सुरक्षा के लिए मोबाइल ऐप, पैनिट बटन दबाते ही ऐसे मिलेगी सुरक्षा

**कोटा, एजेंसी।** राजस्थान को कोटा में कोचिंग छात्रों के बढ़ते सुसाइड को रोकने की कवायद तेज हो गई है। कोचिंग छात्रों की सुरक्षा के लिए कोटा सिटी पुलिस मोबाइल एप लॉन्च करेगी। इसमें मौजूद पैनिक बटन दबान के बाद चंद मिनट में ही पुलिस छात्र तक पहुंच जाएगी। शनिवार को कोटा सिटी एसपी डॉ अमृता दुहन ने बताया कि सेव अवर सोल (एसओएस) एप का कॉन्सेप्ट आज लॉन्च किया है। इस एप को तैयार किया जा रहा है। यह एप कोचिंग स्टूडेंट के लिए उपयोगी साबित होगा. किसी भी समस्या या परेशानी होने पर विद्यार्थी इस ऐप में मौजूद पैनिक बटन का उपयोग कर सकेगा। जिससे पुलिस को सीधी सूचना मिल जाएगी. विद्यार्थियों से हमने यह कॉन्सेप्ट शेयर किया है। जल्द ही एप तैयार करके उसे भी लॉन्च किया जाएगा। एसपी डॉ अमृता दुहन का कहना है कि जब कोचिंग स्टूडेंट इस ऐप में मौजूद पैनिक बटन का उपयोग करेंगे, तभी कंट्रोल रूम को इसके सूचना मिल जाएगी। इसके बाद उसकी लाइव लोकेशन के आधार पर पुलिस छात्र तक तत्काल पहुंचेगी। स्टूडेंट से जुड़ा डेटा पुलिस सीधे तौर पर एक्सेस नहीं होगा, जब स्टूडेंट पैनिक बटन का उपयोग करेगा, तभी पुलिस उसका डेटा एक्सेस कर पाएगी. जिससे कि विद्यार्थियों को भी किसी तरह का कोई खतरा या डर नहीं रहेगा। कोटा पुलिस ने शनिवार को कुन्हाड़ी इलाके में एग्जॉटिका गार्डन में कोचिंग स्टूडेंट से सीधा संवाद किया. इस दौरान कोटा सिटी एसपी डॉ अमृता दुहन, एडिशनल एसपी मुख्यालय संजय शर्मा सहित सही पुलिस अधिकारी मौजूद थे। उसके साथ ही विद्यार्थियों ने अपनी कई समस्याओं को बताया, जिन पर कोटा पुलिस चर्चा करेगी। एसपी डॉ दुहन ने बताया कि विद्यार्थियों की स्थानीय स्तर से लेकर हर तक जहां मूल निवासी है। वहां की समस्याएं भी सामने आई हैं।



# हनुमान चालीसा न सुना पाने पर तीन साधुओं की पिटाई

### पुलिस ने हरियाणा से सत्यापन कराया, सीसीटीवी खंगाल रही



**मेरठ, एजेंसी।** यूपी के मेरठ में हनुमान चालीसा न सुना पाने पर लोगों ने तीन साधुओं की पिटाई कर दी। पुलिस ने तीनों का हरियाणा से सत्यापन कराया तो उनके नाम-पते सही पाए गए। अब पिटाई करने वालों के खिलाफ ऐक्शन की तैयारी है। आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। मेरठ के लिसाड़ी गेट थाने के सामने प्रह्लादनगर में शुक्रवार की दोपहर तीन साधुओं को संदिग्ध बताकर कुछ लोगों ने उन्हें बंधक बना लिया और उनके साथ मारपीट कर दी। प्रह्लादनगर में तीन साधु शुक्रवार दोपहर घूम रहे थे। स्थानीय लोगों को कुछ शक हुआ और इन तीनों को मंदिर के पास रोक लिया। पहले इनसे हनुमान चालीसा सुनाने को कहा, लेकिन कोई भी हनुमान चालीसा नहीं सुना पाया। इसके बाद धर्म को लेकर सवाल पूछे गए, लेकिन कोई सही जवाब नहीं दे पाया। संदिग्ध बताकर इन तीनों को बंधक बनाकर लोगों ने पिटाई कर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को हिरासत में लिया। पब्लिक ने पुलिस के सामने पूछताछ और सामान की जांच की। एक युवक ने अपना नाम सुनील बताया, उसके पास से बरामद आधार कार्ड पर नाम समीर लिखा था। दूसरे का नाम गौरव था, जबकि उसके पास से इस नाम का आधार कार्ड बरामद हुआ वह 12 साल के बच्चे का था। तीसरे युवक ने नाम गोपीनाथ बताया, लेकिन उसके पास आधार नहीं था। तीनों जमुनानगर के जगाधरी के निवासी बताए गए। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लिया और थाने ले आए।

### हरियाणा से सत्यापन में सही मिले साधुओं के नाम -पते

तीन साधुओं को संदिग्ध बताकर मारपीट करने का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस मामले में पुलिस ने तीनों का हरियाणा पुलिस से सत्यापन कराया है और तीनों के नाम-पते सही पाए गए हैं। इसके बाद तीनों साधु को पुलिस ने उनके घरों के लिए रवाना किया है। वहीं, साधुओं से मारपीट करने वाले आरोपियों की पहचान और शांतिभंग में कार्रवाई का आदेश दिया गया है, जिस पर पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है।

पता चला कि तीनों साधु सुनील कुमार, गौरव कुमार और गोपीनाथ हरियाणा के जमुनानगर के जगादरी के निवासी हैं। वहीं, इस मामले में लखनऊ तक से संज्ञान लिया गया है। मेरठ पुलिस को मारपीट करने वाले आरोपियों की पहचान और कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

### बंगाल में लगातार तीसरी बार फेल हो गई बीजेपी

**कोलकाता , एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में लगातार तीसरी बार बीजेपी को झटका लगा है। 2021 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को हार का मुंह देखना पड़ा। इसके बाद लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी को झटका लगा और उसकी सीटें 2019 से भी कम हो गईं। अब चार सीटों पर हुए उपचुनाव में ममता बनर्जी की टीएमसी ने बीजेपी का सूपड़ा ही साफ कर दिया। चारों सीटों पर टीएमसी उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की और वहीं भाजपा दूसरे नंबर पर रही। हालांकि ज्यादातर सीटों पर मार्जिन बहुत था। बीजेपी ने चुनाव में धांधली और पक्षपात के आरोप लगाए हैं और कहा है कि इसकी शिकायत उन्होंने चुनाव आयोग से की थी। मानिकताला सीट पर टीएमसी की जीत की वजह कोलकाता की मानिकताला सीट पर टीएमसी की सुप्ती पांडे ने 62,312 वोटों से जीत हासिल की है।

# फोटोशूट के चक्कर में दांव पर लगाई जान

### सामने ट्रेन देख रेलवे पुल से 90 फीट गहरी खाई में कूदा कपल



**पाली , एजेंसी।** रील व फोटोशूट की दीवानगी लोगों में इस कदर बढ़ती जा रही है कि वे इसके लिए अपनी जान की परवाह भी नहीं कर रहे हैं और उसे भी दांव पर लगा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला राजस्थान के पाली से सामने आया है, जहां एक कपल फोटोशूट कराने के लिए रेलवे पुल पर चला गया, इसी दौरान सामने से ट्रेन आ गई, जिसे देख पति-पत्नी बुरी तरह घबरा गए और दोनों ने 90 फीट गहरी खाई में छलांग लगा दी। हालांकि अच्छी बात यह रही कि हादसे में दोनों की जान तो बच गई है, लेकिन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद पति को जोधपुर रेफर किया गया है, वहीं पत्नी का इलाज बांगड़ अस्पताल में चल रहा है।

खास बात यह है कि सामने युवक-युवती को देखकर ट्रेन के लोको पायलट ने ब्रेक भी लगा दिए थे, जिससे ट्रेन पुल पर पहुंचकर रूक गई थी। यानी अगर ये दोनों वहां खड़े भी रहते तो ट्रेन इनसे नहीं टकराती। लेकिन ट्रेन को करीब आता देख जान बचाने की जल्दबाजी में दोनों ने घबराते हुए पुल से नीचे छलांग लगा दी और घायल हो गए।

यह हादसा पाली के गोरमघाट में मीटर गेज ट्रेन के लिए बने हेरिटेज पुल पर शनिवार दोपहर 2 बजे उस वक्त हुआ जब दोनों फोटोशूट करवा रहे थे। इस दौरान युवती के दीदी-जीजा भी मौजूद थे, जो कुछ दूर खड़े हुए थे।

घायल पति-पत्नी का नाम राहुल मेवाड़ा (22) और जाह्नवी (20) बताया जा रहा है। इनकी शादी करीब डेढ़ साल पहले ही हुई है। इनमें से राहुल कलालों की पिपलियां (बगड़ी नगर) का निवासी है। यह कपल अपने कुछ रिश्तेदारों के साथ सुहावने मौसम का मजा लेने बाइक से गोरमघाट घूमने गया था। इसी दौरान रेलवे ब्रिज पर फोटोशूट कराने के दौरान इनकी जान पर बन आई।

खाई में गिरने के बाद दोनों को गंभीर अवस्था में उसी ट्रेन से पहले फुलाद रेलवे स्टेशन लाया गया, फिर वहां से एम्बुलेंसस के जरिए सोजत अस्पताल ले जाया गया। जहां से राहुल को जोधपुर रेफर कर दिया गया, उसकी रीढ़ की हड्डी में गहरी चोट आई है। वहीं उसकी पत्नी जाह्नवी का इलाज पाली के बांगड़ अस्पताल में चल रहा है। उसका एक पैर फैक्चर हुआ है।

# छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंत्रिमंडल के साथ अयोध्या पहुंचे

## *भगवान राम के लिए ननिहाल से लेकर आए ये उपहार*

**अयोध्या, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के मंत्रिमंडल के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला का दर्शन-पूजन किया और भगवान राम के ननिहाल से लाया उपहार भी भेंट किया। यह उपहार श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपतराय ने स्वीकार किया। इसके साथ मुख्यमंत्री सायं का स्वागत करने के साथ राम मंदिर निर्माण की तकनीक से अवगत कराते हुए उन्हें और मंत्रियों को पूरे परिसर का अवलोकन भी कराया।

इस दौरान प्रोटोकाल को तोड़कर राम मंदिर में वीवीआईपी श्रद्धालुओं द्वारा भगवान के



समक्ष श्रद्धानवत तस्वीरें भी तीर्थ क्षेत्र के मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक की गयी। इसके साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव ने हनुमानगढ़ी में भी माथा टेका और मां सरयू का भी अभिषेक कर पूजन किया। दर्शन-पूजन से पहले निर्धारित समय से थोड़ा विलंब से पहुंचे छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णु देव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की नगरी है और भगवान राम का ननिहाल है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए भगवान राम का आशीर्वाद लेने के लिए मंत्रिमंडल के साथ यहां आए हैं। उन्होंने बताया कि सौभाग्य की बात है कि भगवान राम ने वनवास के समय करीब दस वर्ष छत्तीसगढ़ के वनों में व्यतीत किया था और वहीं पर माता शबरी के जूठे बेर भी भगवान ने खाए थे। उन्होंने बताया कि हम यहां पूरी तैयारी से आए हैं।

शबरी के बेर व सुगंधित चावल सहित अन्य उपहार लेकर आए मुख्यमंत्री-मुख्यमंत्री विष्णु देव ने मीडिया को जानकारी दी कि वह भगवान राम के लिए शिवरीनारायण के बेर-जल, कुशा के वस्त्र व सुगंधित चावल के अलावा अनेक प्रकार के लड्डू भी लाए हैं। यह सभी उपहार भगवान को समर्पित करेंगे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि विपक्ष के कुछ ऐसे लोग हैं जो भगवान राम के अस्तित्व पर ही सवाल उठा रहे हैं, इन लोगों ने भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकरा दिया तो ऐसे लोगों की बात का कोई वजन नहीं है।

### अयोध्या धाम की माटी का स्पर्श सौभाग्य का विषय-चौधरी

अयोध्या। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि हिंदू संस्कृति जीवन पद्धति है। इस संस्कृति को मानने वाले व्यक्ति में सर्वे भवंतु सुखिनः का भाव रहता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति चाहे किसी भी मजहब का हो उसके लिए अयोध्या धाम में आना यहां की माटी का स्पर्श सौभाग्य का विषय है। छत्तीसगढ़ भगवान राम लला का ननिहाल है और माता कौशल्या वहीं से आई थीं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में ही माता कौशल्या का मंदिर भी है,वहां से आकर मैं अपने आप को सौभाग्यशाली समझता हूं।

पेरिस ओलंपिक

# पदक का रंग बदलने को बेताब होंगी लवलीना

● अब तक सिर्फ इतने भारतीय मुक्केबाजों ने ही जीते हैं पदक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की ओर से चार महिला और दो पुरुष मुक्केबाजों से पदक लाने की उम्मीदें हैं, लेकिन इनमे लवलीना और निकहत पर अधिक दारोमदार रहेगा।

भारत के अन्य एथलीटों की तरह ही भारतीय मुक्केबाज भी पेरिस ओलंपिक के लिए पूरी तरह कमर कस चुके हैं। इस बार देश को निकहत जरीन और टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन से पदक लाने की काफी उम्मीदें हैं। भारत की ओर से चार महिला और दो पुरुष मुक्केबाजों से पदक लाने की उम्मीदें हैं, लेकिन इनमे लवलीना और निकहत पर दारोमदार रहेगा।

### अब तक सिर्फ तीन भारतीयों ने जीते हैं पदक

मुक्केबाजी ऐसी स्पर्धा है जिसमें पिछले चार ओलंपिक में से तीन में भारत पदक लाने में सफल रहा है। ओलंपिक मुक्केबाजी में पिछले दो पदक देश की बेटियों मैरीकॉम और लवलीना बोरगोहेन ने दिलाए हैं और इस बार लवलीना के साथ निकहत से बड़ी उम्मीदें लगी हैं। भारत की ओर से मुक्केबाजी में सबसे पहला पदक विजेंद्र कुमार ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में जीता था। उस वक्त विजेंद्र ने पुरुष 75 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया था। 2012 लंदन ओलंपिक में महिला मुक्केबाजी को भी शामिल किया गया और दिग्गज महिला मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम ने इतिहास रचते हुए पदक जीता। मैरीकॉम ने भी कांसा अपने नाम किया था। इसके बाद 2016 में देश को इस स्पर्धा में कोई पदक नहीं मिला, लेकिन टोक्यो ओलंपिक में लवलीना ने कमाल करते हुए मुक्केबाजी में तीसरा पदक देश को दिलाया। हालांकि, उन्हें भी कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा था।

### निकहत के पास प्रभाव छोड़ने का अवसर

दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन को तैयारियों के लिए अच्छा समय मिला है। निकहत ने पिछले कुछ वर्षों में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है और उनके पास ओलंपिक पदक जीतकर खुद को ओलंपिक जैसे मंच पर साबित करने का अच्छा मौका रहेगा। पिछले ओलंपिक में 69 किग्रा में पदक दिलाने वाली लवलीना पेरिस में 75 किग्रा में उतरेंगी। इसी भारवर्ग में उन्होंने विश्व चैंपियनशिप और एशियाड पदक जीते हैं। जैस्मीन और प्रीति के लिए भी मौका है। पुरुष वर्ग में अमित पंघाल के पास एशियाड विश्व चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक हैं। ओलंपिक पदक के लिए वह कोई कसर नहीं रखेंगे। निशांत देव भी अनुकूल ड्रॉ मिलने पर चौंका सकते हैं।

## बारबोरा क्रेजिकोवा बनीं

# नई विंबलडन महिला सिंगल चैम्पियन



**लंदन, एजेंसी।** चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा के रूप में विंबलडन को शनिवार को नई महिला सिंगल चैम्पियन मिल गई। बारबोरा क्रेजिकोवा ने फाइनल मैच में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 2-6, 6-4 से मात देकर अपना पहला विंबलडन खिताब जीत लिया। बारबोरा क्रेजिकोवा विश्व की 32वीं रैंकिंग की खिलाड़ी हैं और उनका सामना सातवीं रैंकिंग की खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी से हुआ।

लंदन के ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस और क्रिकेट क्लब में खेले गए विंबलडन महिला फाइनल में बारबोरा क्रेजसिकोवा ने शानदार प्रदर्शन किया। क्रेजिकोवा ने पहले सेट में दमदार शुरुआत करते हुए आसानी से जीत हासिल की। लेकिन इटली की उनकी प्रतिद्वंदी जैस्मीन पाओलिनी ने दूसरे सेट में शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल कर मैच को निर्णायक सेट में ले गईं। हालांकि, निर्णायक सेट में क्रेजिकोवा ने अद्भुत खेल दिखाया और 6-2, 2-6, 6-4 से जीत हासिल कर विंबलडन का खिताब अपने नाम कर लिया। बारबोरा ने इससे पहले 2021 में फ्रेंच ओपन का खिताब भी अपने नाम किया था। इसके अलावा वे दो बार ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। बारबोरा चेक गणराज्य की पांचवीं खिलाड़ी हैं, जो फाइनल में पहुंची हैं। क्रेजिकोवा ने मैच जीतने के बाद कहा कि, किसी को इस बात पर यकीन नहीं था कि मैं जीत सकती हूं, मुझे भी इस बात पर यकीन नहीं हो रहा है। मैं प्रतियोगिता शुरू होने से पहले बहुत अच्छी शेप में नहीं थी, लेकिन अब मैं एक विंबलडन विजेता हूं। वहीं, हार के बाद जैस्मीन पाओलिनी मुस्कराती रहीं और उन्होंने कहा कि फाइनल में होना अविश्वसीय रहा।

मैंने प्रतियोगिता में अपने समय का लुत्फ उठाया। जैस्मीन पाओलिनी विश्व की सातवीं रैंकिंग की खिलाड़ी हैं और वे इस सत्र में लगातार दो बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंची हैं। ये पाओलिनी के लिए पिछले महीने फ्रेंच ओपन फाइनल में इगा स्वियातेक से हारने के बाद दूसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल था। इसके साथ ही वह विंबलडन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली इतालवी महिला खिलाड़ी भी बनीं। उन्होंने अभी तक कोई सिंगल्स ग्रैंड स्लैम नहीं जीता है।

पेरिस ओलंपिक

# पहली बार कुश्ती में दी गई वरीयता, विनेश नहीं, ये दो भारतीय वरीय खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक में वरीयता का फैसला 2023 विश्व चैंपियनशिप, 2024 महाद्वीपीय चैंपियनशिप के साथ जाग्रेब और बुडापेस्ट में रैंकिंग श्रृंखला में पहलवानों के प्रदर्शन के आधारित है। कुश्ती प्रतियोगिताएं पांच अगस्त को शुरू होंगी और खेलों के आखिरी दिन 11 अगस्त को समाप्त होंगी। पेरिस ओलंपिक का आयोजन कुछ ही दिनों में होगा और उससे पहले कुश्ती स्पर्धाओं के लिए वरीय खिलाड़ियों की घोषणा कर दी गई है। यह पहली बार है जब ओलंपिक में कुश्ती में वरीयता दी गई है। भारतीय पहलवान और विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंतिम पंघाल और प्रतिभाशाली पुरुष पहलवान अमन सहरावत को उनके संबंधित भार वर्गों में चौथी और छठी वरीयता मिली है। इसका मतलब है कि इन दो पहलवानों को शुरुआती मुकाबलों में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना नहीं करना होगा। पेरिस ओलंपिक का आयोजन 26 जुलाई से होगा। ओलंपिक में वरीयता का फैसला 2023 विश्व चैंपियनशिप, 2024 महाद्वीपीय चैंपियनशिप के साथ जाग्रेब और बुडापेस्ट में रैंकिंग श्रृंखला में पहलवानों के प्रदर्शन के आधारित है। अंतिम महिला 53 किग्रा और अमन पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करेंगे।



कुश्ती प्रतियोगिताएं पांच अगस्त को शुरू होंगी और खेलों के आखिरी दिन 11 अगस्त को समाप्त होंगी।

# रिकी पोंटिंग ने दिल्ली कैपिटल्स का कोच पद छोड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिकी पोंटिंग अगले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के कोच नहीं होंगे। वे दिल्ली कैपिटल्स से अलग हो गए हैं। इसकी जानकारी फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पर दी है।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग पिछले 7 साल से दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच थे। उनके कार्यकाल में दिल्ली कैपिटल्स कभी चैंपियन नहीं बन पाई है। पोंटिंग के जाने के बाद यह संभावना जताई जा रही है कि टीम के मौजूदा निदेशक सौरव गांगुली को अगले सत्र में मुख्य कोच की भी जिम्मेदारी दी जा सकती है।



दिल्ली कैपिटल्स ने सोशल मीडिया पर लिखा, आपने सात सालों में टीम को कई चीजें सीखाई। आपके योगदान को शब्दों में बयां करना संभव नहीं है। पंत की कार एक्सीडेंट के बाद वापसी में रिकी पोंटिंग का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पंत की कार एक्सीडेंट के बाद वापसी में रिकी पोंटिंग का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**2019 में टीम पहुंची थी फाइनल में:** ऑस्ट्रेलिया के दो बार के वर्ल्ड कप टीम के कप्तान रहे रिकी पोंटिंग 2019 में टीम के मुख्य कोच बने थे। उनके मार्गदर्शन में टीम 2021 में पहली बार फाइनल में पहुंचने में सफल रही। वहीं 2019 और 2020 में प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया।

कारगिल विजय दिवस पर

# सीमावर्ती गांव की लड़कियों ने दिखाया दम

**अखनूर, एजेंसी।** 25वें करगिल विजय दिवस के मौके पर भारतीय सेना ने देश के अंतिम सीमावर्ती गांव पल्लनवाला सेक्टर में लड़कियों के लिए एक एयर राइफल और पिस्टल प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता के दौरान, भाग लेने वाली लड़कियों को हथियार चलाने और निशाना लगाने की बुनियादी बातें सिखाई गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य लड़कियों में आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की भावना जगाना, साथ ही उन्हें भविष्य में देश की रक्षा में भाग लेने के लिए प्रेरित करना था। इस प्रतियोगिता से पहले सात दिनों की ट्रेनिंग दी गई थी, जिसमें लड़कियों ने निशाना लगाने का अभ्यास किया था। सेना की इस पहल से ग्रामीण लड़कियों में जबरदस्त उत्साह है, जिसके चलते लगभग 50 लड़कियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। एक प्रतिभागी ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, मैं सेना की पहल से बहुत उत्साहित हूं। इस कार्यक्रम ने मुझे आत्मविश्वास दिया है और अपने भीतर एक नई प्रतिभा को पहचानने में मदद मिली है।



# वुड दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम में शामिल



**लंदन, एजेंसी।** तेज गेंदबाज मार्क वुड को वेस्टइंडीज के खिलाफ गुरुवार से ट्रेंट ब्रिज में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल किया गया है।

लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज पर पारी और 114 रन से इंग्लैंड की करारी जीत के बाद अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वुड को टीम में शामिल किया गया है। वुड की आखिरी टेस्ट उपस्थिति मार्च में धर्मशाला में भारत के खिलाफ थी और पिछले महीने वेस्टइंडीज में 2024 पुरुष टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के लिए खेलने के कारण उन्होंने लॉर्ड्स में पहला टेस्ट नहीं खेला था। वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड 1-0 से बढ़त बनाए हुए है।

आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र के इस चक्र में लॉर्ड्स में इंग्लैंड की जीत सिर्फ चौथी थी क्योंकि उनके 33 अंक और 25 फीसदी अंक प्रतिशत है। वे अंक प्रतिशत के मामले में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के साथ निचले आधे हिस्से में हैं।

इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में तेज गेंदबाज गस एटकिंसन को पदार्पण का मौका दिया, जिन्होंने 12/106 विकेट लिए- जो टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में किसी नवोदित गेंदबाज द्वारा चौथा सर्वश्रेष्ठ मैच आंकड़ा है। मैथ्यू पॉट्स और अनकैप्ड डिलन पेनिंगटन टेस्ट टीम में इंग्लैंड के अन्य सीम-गेंदबाजी विकल्प हैं।

### दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), गस एटकिंसन, शोएब बशीर, हैरी ब्रूक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, डैन लॉरेंस, डिलन पेनिंगटन, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ, क्रिस वोक्स, मार्क वुड

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स

# पाकिस्तान को हराकर भारत बना चैंपियन

**बर्मिंघम, एजेंसी।** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के खिताबी मंच पर युवराज सिंह की कप्तानी में रिटायर्ड भारतीय क्रिकेटरों की पलटन ने पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया है कि अब वो चाहकर भी इसे भूल नहीं पाएगा। इंडिया चैंपियंस ने शनिवार को खेले गए रोमांचक फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का खिताब अपने नाम कर लिया। युवराज सिंह की अगुआई में टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा और पाकिस्तान के खिलाफ कमबैक करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। इस जीत के साथ ही इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को उसके एक बयान का करारा जवाब दे दिया।

दरअसल, डब्ल्यूसीएल 2024 के ग्रुप स्टेज में हुई भारत-पाकिस्तान भिड़ंत में पाकिस्तान ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। इस जीत के बाद पाकिस्तानी कप्तान यूनुस खान खुशी में जरूरत से ज्यादा बोल गए थे। यूनुस खान ने कहा था कि भारत को हराकर उन्होंने बदला ले लिया। खान का बदला लेने से यहां मतलब टी20 विश्व कप 2024 में भारत के हाथों पाकिस्तानी टीम को मिली हार से जुड़ा था।



ग्रुप स्टेज में भारत को हराने के बाद पाकिस्तान का अति आत्मविश्वास उन पर हावी होता दिखा। खिताबी मुकाबले में भारत को हल्के में लेते हुए पाकिस्तान चैंपियंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 156/6 का स्कोर बनाया। कामरान अकमल (19 गेंदों पर 24 रन) और मकसूद (12 गेंदों पर 21 रन) ने टीम को ठोस शुरुआत दी, लेकिन लगातार विकेट गिरने से टीम बड़ा टोटल सेट करने में विफल रही। शोएब मलिक ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, उन्होंने 36 गेंदों पर 41 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।

कप्तान यूनुस खान अपनी छाप छोड़ने में विफल रहे और उन्हें इरफ़ान पठान ने 7 रन पर क्लीन बोल्ड कर दिया। इसके बाद मिस्बाह उल हक 18 रन बनाने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए, सोहेल तनवीर (9 गेंद पर नाबाद 19 रन) के योगदान ने पाकिस्तान को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। भारतीय गेंदबाजों की बात करें तो, अनुरीत सिंह ने तीन विकेट लिए। विनय कुमार, पवन नेगी और इरफ़ान पठान ने 1-1विकेट लिया।

जवाब में, इंडिया चैंपियंस ने रॉबिन उथप्पा (10) को जल्दी खोने के बावजूद अंबाती रायडू की 50 रनों की विस्फोटक पारी के जरिए टीम ने जीत की नींव रखी। हालांकि, सुरेश रैना के जल्दी आउट होने के बाद पाकिस्तान ने मैच में कमबैक किया। लेकिन रायडू और गुरकीरत सिंह मान (33 गेंद पर 34) के बीच मजबूत साझेदारी ने भारत को मुकाबले में बनाए रखा। इस जोड़ी के बाद यूसुफ पठान के 16 गेंदों पर 30 रन बनाने से भारत की स्थिति मजबूत बनी रही।

पठान अंतिम ओवर में आउट हो गए। फिर, कप्तान युवराज सिंह ( नाबाद 15) और इरफान पठान ( नाबाद 5) के क्रीज पर रहते हुए भारत ने 19.1 ओवर में 5 विकेट पर 159 रन बनाकर जीत दर्ज की। पाकिस्तान के गेंदबाज अपनी पूरी कोशिशों के बावजूद भारत को लक्ष्य की ओर बढ़ने से नहीं रोक पाए। आमिर यामीन ने 2, तो सोहेल तनवीर और सोहेल खान ने एक-एक विकेट लिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## एक नजर

### बिना बिजली कनेक्शन के बिजली उपयोग के मामले में केस दर्ज

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह में बिजली विभाग बिना कनेक्शन के बिजली उपयोग करने वालो पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसके बावजूद लोग चोरी की बिजली इस्तेमाल करने से बाज नही आ रहे है। ताजा मामला गोह के फाग गांव से है, जहां बिजली विभाग के जेई सूरज कुमार ने फाग गांव में छापेमारी करते हुए गुड्डू पासवान को बिना कनेक्शन के बिजली उपयोग करते हुए रंगेहाथ पकड़ा है। मामले में थानाध्यक्ष ने बताया कि जेई सूरज कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए गुड्डू पासवान पर सात हजार तीन सौ तिरानबे रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### उपहारा पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह के उपहारा थाना की पुलिस ने शनिवार की रात एड़री गांव में छापेमारी कर एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली की एड़री गांव निवासी जय किशोर शर्मा का पुत्र वेंकटेश शर्मा घर पर है। उस पर न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था।इसके आलोक में पुलिस ने टीम गठित कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में भेज दिया है।

### सलमा फोजिया ने दारोगा बनकर कि रफीगंज का नाम रौशन

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज के राजा बगीचा निवासी स्वर्गीय जैनुल आबेदिन के पुत्री सलमा फोजिया दारोगा बनकर नाम रौशन किया।सलमा फोजिया के पिता रेलवे में वरीय बुकिंग पर्यवेक्षक में कार्यरत थे। चार बहन एक भाई है। बहन में बडी है। सलमा बताती कि मैट्रिक ज्ञान भारती गया, इंटर रफीगंज के विजय सिंह महाविद्यालय, बीए गया मिर्जा गालिब कालेज गया में किये। सलमा बताती कि सेल्फ स्टडी कर बीपीएससी एवं दारोगा मेन्स की तैयारी कर रहे थे। जिसमें दारोगा मेन्स का रिजल्ट आया। उन्होंने बताया कि 9 जून को पिता का निधन हुआ और 9 जुलाई को रिजल्ट आया। पिता के निधन का गम था ही एक माह रिजल्ट आया। सफलता का श्रेय अपने पिता जैनुल आबेदिन, माता मैमूना खातून एवं बडा भाई जफर मसूद उर्फ टीपू, चाचा समसुल आरफिन, सेराजुल सालकीन, मेराजुल आरफीन को दिया।कहा कि आगे और पढ़ाई जारी रहेगा। दारोगा बनने की खुशी में परिजन एवं मुहल्ले वासियों ने मिठाई खिलाकर हौसला बढाया और उज्जवल भविष्य की कामना किया।

### शिक्षकों-कर्मचारियों व नागरिकों ने किया काराकाट के नवनिर्वाचित सांसद का अभिनंदन

**दाउनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** दाउदनगर के एक मैरिज हॉल में रविवार को काराकाट के नवनिर्वाचित सांसद राजाराम सिंह का शिक्षकों, कर्मचारियों एवं शहर के गणमान्य लोगों ने हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। सांसद का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम को महासंघ(गोप गुट) के जिलाध्यक्ष राम ईशरेश सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ(गोप गुट) 'मूल' के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सिंचाई विभाग मौसमी कर्मचारी संघ के राज्याध्यक्ष जयराम सिंह, उपाध्यक्ष रविशंकर कुमार, शिक्षक संघ के जिले संरक्षक सुरेन्द्र सिंह, महासंघ(गोप गुट) के अनुमंडल सचिव अवधेश कुमार, ठाकुर भाष्य विद्यालय, दाउदनगर के प्रधानाध्यापक गोपाल गुप्ता, पत्रकार एवं अधिवक्ता सत्येन्द्र कुमार, पत्रकार ओमप्रकाश प्रसाद, प्रो. राजकमल सिंह, अधिवक्ता ललन सिंह, शिक्षक विश्वजीत कुमार, दाउदनगर के पूर्व चेयरमैन धर्मेन्द्र कुमार, स्थानीय वार्ड संख्या 09 की पर्षद गूंजा देवी, भाकपा(माले) के नगर सचिव बिरजू चौधरी, पत्रकार गणेश कुमार आदि ने विचार व्यक्त किए तथा नवनिर्वाचित सांसद का हार्दिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर राजद के नेता दिलीप यादव एवं अजय यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व सांसद को माला, पहनाकर शॉल ओढ़ाकर एवं गमछा भेंटकर उपस्थित कई लोगों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा राजाराम सिंह जिंदाबाद, राजाराम सिंह को लाल सलाम का गगनभेदी नारा लगाकर हर्ष व्यक्त किया।

# फरार औरंगाबाद के तीन मोस्ट वांटेड नक्सलियों पर सरकार ने घोषित किया तीन लाख का ईनाम

- सभी नक्सली गोह थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं और लंबे समय से फरार हैं। राज्य सरकार के गृह विभाग के आरक्षी शाखा ने इनाम की घोषणा की।

निज संवाददाता



**इन मोस्ट वांटेड नक्सलियों पर इनाम की हुई घोषणा**

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिन कुख्यात नक्सलियों की गिरफ्तारी पर एक-एक लाख के इनाम की घोषणा की गई है, उनमें गोह थाना के जुझारपुर निवासी बिहारी रवानी उर्फ श्याम बिहारी जी उर्फ बिहारी चंद्रवंशी, काजी बिगहा निवासी सुभाष यादव एवं पहरपुरा निवासी बिंदेश्वरी पासवान उर्फ दुबे शामिल है।

**औरंगाबाद/गोह।** बिहार सरकार के गृह विभाग की पुलिस शाखा ने औरंगाबाद के तीन मोस्ट वांटेड कुख्यात नक्सलियों की गिरफ्तारी पर एक-एक लाख के ईनाम की घोषणा की है। तीनों ही नक्सली गोह थाना क्षेत्र के रहने वाले है। तीनों ही पुलिस की नजरों में अरसे से फरार चल रहे है।

### इस तरह दे सकते है, सूचना, नाम रखा जाएगा गुप्त

औरंगाबाद की पुलिस कप्तान स्वपना गौतम मेश्राम ने बताया कि राज्य सरकार के गृह विभाग के आरक्षी शाखा ने अपने संकल्प ज्ञापांक-3/विविध 607-2001 (खंड), गृह आरक्षी में निहित प्रावधान के तहत तीनों के खिलाफ यह ईनाम घोषित किया है। तीनों ही औरंगाबाद जिले के टॉप-10 कुख्यात अपराधियों में शुमार है। इनके बारे में सूचना देने वाले को सरकार एक-एक लाख का इनाम देगी। जानकारी देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। इनके बारे में कोई भी सूचना पुलिस अधीक्षक के मोबइल व व्हाट्सएप नंबा-9431822974, लैंडलाइन नंबर-06186-295201, दाउदनगर के एसडीपीओ के मोबाईल व व्हाट्सएप नंबर-9431800105 एवं गोह थानाध्यक्ष के मोबाईल व व्हाट्सएप नंबा-9431822237 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम हर हाल में गुप्त रखा जाएंगा और उनकी सूचना पर अपराधी की गिरफ्तारी पर उन्हे यह इनाम दिया जाएगा।

इन मोस्टवांटेड नक्सलियों में बिहारी रवानी उर्फ श्याम बिहारी जी उर्फ बिहारी चंद्रवंशी पुलिस के लिए चार कांडों में वांटेड है। इस पर गोह थाना में भादंवि की धारा 147, 148, 149, 323, 387 एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत प्राथमिकी संख्या-01/2013, भादंवि की धारा 341, 323, 324, 148, 380/34 के तहत गोह थाना कांड संख्या-13/2007, भादंवि की धारा 147, 148, 149, 436, 427, 384, 120(बी) एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत गोह थाना कांड संख्या-61/2012 तथा एक अन्य थाना में एक मामला दर्ज है। वही सुभाष यादव पर गोह थाना में चार कांड दर्ज है। इनमें भादंवि की धारा 147, 148, 149, 324, 353, 307, 326, 425, 379, 427, 302, 27 शस्त्र अधिनियम 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 17 सीएलए एक्ट एवं 10 यूएपीए एक्ट के तहत दर्ज कांड संख्या-140/2013 एवं अन्य थानों में दर्ज तीन कांड शामिल है। इसी प्रकार बिंदेश्वरी पासवान उर्फ दुबे पुलिस के लिए तीन मामलों में वांछित है। इस पर गोह थाना में में भादंवि की धारा 396, 397, 364 एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत गोह थाना कांड संख्या-115/1997, भादंवि की धारा 147, 148, 149, 385, 366, 120(बी), 25 (1-बी), 26/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत गोह थाना कांड संख्या-105/2018 तथा एक अन्य थाना में एक मामला दर्ज है।

# कांवरियों की सेवा करने के लिए नीलकंठ महादेव सेवा समिति है तैयार

- औरंगाबाद से 300 किलोमीटर दूर बांका जिले में जाकर की जाती है निशुल्क सेवा

निज संवाददाता




**औरंगाबाद।** इस वर्ष सावन माह की शुरुआत 22 जुलाई से हो रही है। सावन भगवान शिव का महीना होता है और सभी शिव भक्तों को इसका बेसब्री से इंतजार रहता है। देवघर स्थित बाबाधाम में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला भी सरकार के द्वारा आयोजित किया जाता है जहां पूरे सावन माह में प्रतिदिन लाखों की संख्या में पूरे देश–विदेश से कांवरिया मंदिर में पहुंचते हैं। वहां शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से कांवरियों की मनोकामना पूरी होती है क्योंकि बाबाधाम में मनोकामना ज्योतिर्लिंग स्थापित है। इन्हीं कांवरियों की निशुल्क रूप से सेवा करने के लिए नीलकंठ महादेव सेवा समिति, औरंगाबाद इस बार पूरी तैयारी के साथ अपनी जमीन में ही सेवा शिविर चलाएगी। शिविर की शुरुआत 21 जुलाई से होगी जो 18 अगस्त 2024 तक चलेगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सुल्तानगंज से देवघर जाने वाले कांवरिया पथ में कुमारसार नदी से तीन किलोमीटर आगे जोरीपार के पास यह शिविर लगाया जा रहा है जो बांका जिला अंतर्गत आता है। उन्होंने बताया कि हमलोग पिछले तीन वर्षों से औरंगाबाद जिले से लगभग 300 किलोमीटर दूर बांका जिले में आकर कांवरियों की निशुल्क रूप से सेवा कर रहे हैं। इस बार हमलोगों का चौथा वर्ष होगा।

पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर में 4200 स्क्वायर फीट में कांवरिया बम के लिए लैट्रिन और बाथरूम बनाया गया है। 25 लैट्रिन जिसमें दो कम्बोर्ड है और 30 झरना तथा बहुत बड़ा बेसिन बनाया गया है। लैट्रिन/बाथरूम लेडिज और जेंट्स के लिए अलग–अलग बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह सेवा शिविर अपनी जमीन में ही लगाया गया है जो औरंगाबाद जिले के लिए गर्व की बात है। 61 डिसमिल जमीन की खरीदारी होने के बाद पूरी जमीन में बाउंड्री भी कर लिया गया है।

नीलकंठ महादेव सेवा समिति 365 दिन कांवरियों की सेवा के लिए वचनबद्ध है जो बहुत जल्द ही कांवरिया पथ पर अपने जमीन में शुरू कर दी जाएगी। शिविर में पंडाल का काम शुरू हो गया है। इसे पिछली बार से और भव्य बनाया जा रहा है। इस बार दुल्हन की तरह नीलकंठ महादेव सेवा समिति का परिसर सजेगा। जमीन को जल्द ही और बड़ा किया जाएगा। इसके लिए और जमीन अधिग्रहण की बात चल रही है। पिछले साल 57 दिन सेवा देने के बाद लगातार पूरे साल बाबा भोलेनाथ की कृपा से काम चलता रहा है।

# कोचिंग गई छात्रा पांच दिन से लापता, खोजबीन जारी

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में पांच दिन से नाबालिग छात्रा लापता है। उसका सुराग नहीं मिल रहा है। मां ने अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक लड़की सहित तीन लोगों को आरोपी बनाया है। नाबालिग 9 जुलाई को कोचिंग के लिए घर से निकली थी। जिसके बाद से वो लापता है। परिजनों ने काफी खोजबीन की है।

नाबालिग की मां ने कहा, मेरे जीने का सहारा बेटी ही है। एक चम्मच पानी देने वाला कोई नहीं है। पति के गुजर जाने के बाद आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। बकरी पालन कर उसे पढ़ा रही हूं। 2023 में बेटी ने 10वीं की परीक्षा बिहार बोर्ड से दी थी।

अच्छे अंक से पास हुई। मैंने 5 बकरी पाली थी। जिसमें से एक को बेचकर उसका नामांकन करवाया था। बेटी को जल्द से जल्द प्रशासन लाकर मुझे सौंप दे। मामला गोह थाना क्षेत्र का है। नाबालिग की मां अपनी इकलौती बेटी को लेकर परेशान हैं, चिंता में तबीयत खराब हो रही है। पिता की 5 माह पहले हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। हैदराबाद में इलाज चल रहा था। छात्रा प्रतिदिन गांव से निकलकर 9:00 बजे एक निजी कोचिंग संस्थान में पढ़ने जाती थी। वापस करीब 3:00 बजे के आसपास आती थी, पर 9 जुलाई को वो वापस नहीं आई। छात्रा की मां ने कहा कि मेरे पास लगभग 5 कट्ठा जमीन है। अभी मेरी पुत्री 16 साल की है। 18 साल पूरे होने पर जमीन बेचकर बड़े ही धूमधाम से अपनी बेटी की शादी करूंगी। गोह थाना अध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, वैज्ञानिक और तकनीकी के माध्यम से जल्द ही मामला का खुलासा कर लिया जाएगा।

### गायत्री शक्तिपीठ जम्होर में साप्ताहिक यज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

# 21 जुलाई को धूमधाम से मनाई जाएगी गुरु पूर्णिमा

- गायत्री शक्तिपीठ में 24 लाख हस्तलिखित गायत्री मंत्र लेखन साधना अभियान चलाया जाएगा।

निज संवाददाता



**जम्होर (औरंगाबाद)।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के समीप अवस्थित गायत्री शक्तिपीठ के प्रांगण में प्रत्येक रविवार को होने वाली साप्ताहिक यज्ञ सफलता पूर्वक क्रियान्वित हुआ। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक रामध्यान प्रसाद एवं जितेंद्र पासवान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम शक्तिपीठ में स्थापित मां गायत्री एवं अन्य देवी देवताओं की पंचोपचार विधि से पूजन अर्चन की गई। तत्पश्चात,हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया हवन में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि प्रत्येक रविवार को होने वाला यज्ञ से आत्मिक शांति, वातावरण की शुद्धि एवं सामाजिक समरसता के साथ-साथ भाईचारे में बढ़ोतरी होती है। व्यवस्थापक ने बताया कि शक्तिपीठ में साप्ताहिक यज्ञ के साथ-साथ शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा चलाई जाने वाले मंत्र लेखन साधना अभियान जो प्रत्येक शक्तिपीठ प्रज्ञा पीठ पर एक शक्तिपुंज के रूप में स्थापित करना है इसके लिए गायत्री शक्तिपीठ जम्होर के माध्यम से 24 लाख हस्तलिखित गायत्री मंत्र जो 21 जुलाई गुरु पूर्णिमा 2024 से लेकर गुरु पूर्णिमा 2026 तक चलाया जाएगा।उसक, लिए गायत्री शक्तिपीठ के कार्यकर्ता कृत संकल्पित हुए।यह भी कहा कि अगले रविवार को गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई जाएगी।आज के साप्ताहिक यज्ञ में गायत्री शक्तिपीठ के संस्थापक ब्रजकिशोर प्रसाद,अशोक प्रसाद शौंडिक,सनी केसरी,अनीता देवी पंकज कुमार,सविता केसरी ने

# जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए रोहित कुमार




कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिला क्रिकेट एसोसिएशन में बीसीए के त्रिसदस्यीय कमेटी द्वारा अनुशंसित मान्यता प्राप्त क्लबों की निर्वाचन प्रक्रिया जसोइया मोड स्थित हवेली रिजॉर्ट में सम्पन्न हुआ, जहां पैनल में सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसमें, अध्यक्ष पद के लिए रोहित कुमार, उपाध्यक्ष पद के लिए आशुतोष कुमार, सचिव पद के लिए कुमार उज्जवल ऊर्फ रिशु सिंह, संयुक्त सचिव पद के लिए अखौरी अमित सिन्हा और कोषाध्यक्ष पद के लिए शशांक शेखर जी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। जहां, चुनाव अधिकारी अजय कुमार ने सभी को जीत का सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर औरंगाबाद सदर विधायक आनंद शंकर सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बल्लभ सिंह ऊर्फ बबुआ जी, लोजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह, रणधीर सिंह, मोनी सिंह, रिशु सिंह, पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह, छोटू चौधरी सहित सभी कलब के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# जीतन राम मांझी का पटना में होगा सम्मान समारोह भारी संख्या में जाएंगे औरंगाबाद से कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता




औरंगाबाद। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) औरंगाबाद जिला इकाई द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन जिलाध्यक्ष रंधीर कुमार सिंह के अध्यक्षता में किया गया।। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमारे पार्टी के संरक्षक आदरणीय श जीतन राम मांझी का केंद्र में कैबिनेट मंत्री बनने के पश्चात आगामी 20 जुलाई को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है।। जिसमें औरंगाबाद की भागीदारी बढ़ चढ़ कर रहेगी। हम अपने नेता जीतन राम मांझी साहब का धन्यवाद देते हैं की केंद्र में मंत्री बनने के बाद हमारे नेता के द्वारा बिहार में सबसे बड़ा सिल्क मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का स्थापना गया में 1344 करोड़ के लागत से जो लगभग 1660 एकर में बनेगा जिसकी प्रस्ताव स्वीकृत हो गई है। गया में एम्स तथा कैंसर संस्थान खुलवाने का सराहनीय प्रयास की गई है हम सभी कार्यकर्ता बधाई देते है और उम्मीद है की मगध के साथ साथ पूरा बिहार हमारे नेता आदरणीय जीतन राम मांझी साहब से उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है और वो उस उम्मीद को पूरा जरूर करेंगे ऐसा उनके शुरुआती कार्यकाल को देखकर हम सभी आशश्वत है। हम अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मंत्री बिहार सह प्रभारी मंत्री औरंगाबाद संतोष कुमार सुमन जी को भी औरंगाबाद के प्रभारी मंत्री बनने पर जिला कमिटी की ओर से बधाई देते है और औरंगाबाद जिला के सभी समस्याओं का उनके नेतृत्व में निराकरण होगा इसी उम्मीद के साथ हम सभी कार्यकर्ता उत्साहित हैं। इस प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील कुमार चौबे, प्रदेश सचिव हरेंद्र कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सूरज कुमार राय, छात्र जिलाध्यक्ष राहुल कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विकास मिश्रा, सुधांशु त्रिवेदी उपस्थित रहे।

### डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव के बारे में विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

**पटना (नि.सं.)।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से राजधानी के शहरी क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों में छात्र एवं छात्राओं को डेंगू एवं चिकनगुनिया के खतरे के बारे में जागरूक किया गया। अदालतगंज स्थित विद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, डॉ. रवि शंकर सिंह ने कहा कि डेंगू से बचने के लिए घर में साफ-सफाई पर ध्यान रखें। कूलर एवं गमले का पानी रोज बदलें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। मच्छर भगाने वाली क्रीम का इस्तेमाल दिन में करें। स्कूल में पूरी आस्तीन के कपड़े पहन कर आएं। आसपास गंदगी जमा नहीं होने दें एवं अपने दोस्तों को भी डेंगू से बचने के उपाय बताएं। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने कहा कि डेंगू के लक्षण सात दिन के अंदर स्पष्ट होने लगते हैं। दर्द, उल्टी, बुखार, आंखों के पीछे दर्द होना इसके विशेष लक्षण हैं।

# उत्तरी कोयल नहर के कुटकु डैम में फाटक लगाने और अधूरे कार्यों को पूरा करवाने के लिए किसान मजदूर मोर्चा की बैठक

- 23 जुलाई को धरना देने का फैसला

निज संवाददाता



**रफीगंज( औरंगाबाद)।** शहर के राजा बगीचा स्थित निजी प्लेस में किसान मजदूर मोर्चा मगध के सदस्यों ने उत्तरी कोयल नहर के कुटकु डैम में फाटक लगाकर अधुरे पड़े सभी कार्यों को पूरा करवाने को लेकर एक बैठक किया। अध्यक्षता लड्डू खान व संचालन डॉ तुलसी यादव ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन से उत्तरी कोयल नहर के कुटकुट डैम में फाटक लगाकर अधुरे पड़े सभी कार्यों को पूरा कर अंगरा कोटवारा एवं चेई नवादा ब्रांच में शीघ्र पानी दिलाने ,कृषि कार्य हेतु किसानों को बिजली मुफ्त कर 24 घण्टा विजली उपलब्ध करने,किसानो का सभी कर्ज माफ किया करने , रफीगज को अनुमंडल बनाने,रफीगंज चरकावां रेलवे गुमटी फ्लाई ओभर ब्रिज के दोनो तरफ डायवर्सन को अतिशीघ्र पक्कीकरण कर एवं पुल निर्माण को जल्द चालू करने, लोहरा से ओडियाचक होते गुरारू रफीगंज मुख्य पथ के इसमाईलपुर तिनमुहान तक पक्की सड़क का निर्माण करने की मांग किया। 23 जूलाई को विभिन्न मांगो को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय रफीगंज में एक दिवसीय धरना देने का निर्णय लिया।इस अवसर पर डॉ तुलसी यादव, लड्डु खा, मो० अजीम खा,सिद्धि यादव, बिजय कुमार, दिलीप कुमार ठाकुर, गौतम कुमार, कौशल कुमार यादव, उमेश कुमार, साबिर अंसारी, वीरेंद्र यादव, विनय यादव, विपिन यादव, टुनटुन खान, राजू खान, मो० इबरार सहित अन्य लोग शामिल थे।

# महिला सीओ पर सोशल मीडिया पर आरोप लगाना युवक को पड़ा महंगा, प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता

**गोह( औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के गोह अंचल की महिला अंचल अधिकारी सोनम राज के खिलाफ सोशल मीडिया पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाना एक युवक मंहगा पड़ गया। मामले की जानकारी मिलते ही अंचल अधिकारी ने रविवार को युवक के खिलाफ गोह थाना में प्राथमिकी दर्ज करा दी है। पुलिस युवक के पीछे पड़ी है और उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। गोह थानाध्यक्ष ने बताया की गोह की अंचलाधिकारी सोनम राज ने थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत करते हुए कहा है कि देवहरा गांव निवासी मो. महताब ने फेसबुक और व्हाट्सएप पर किसी काम में के लिए उन पर घुस लेने का झूठा आरोप लगाया है। साथ ही युवक ने फोन कर भी उन्हे धमकी दी है। मामले में पुलिस ने सीओ के बयान पर कांड संख्या 205/24 दर्ज किया है। प्राथमिकी में देवहरा गांव निवासी मो. महताब को नामजद आरोपी बनाया गया है।पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पुलिस युवक की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# नर्सिंग कॉलेज की छात्रा से टेम्पों ने चालक ने की बदमिजाजी, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस ने जीएनएम के प्रथम वर्ष की छात्रा से ऑटो चालक द्वारा जबरदस्ती किये जाने तथा 5000 रुपयों से भरे बैग लेकर भाग जाने मामले में ऑटो चालक मदन कुमार को न सिर्फ गिरफ्तार कर लिया है बल्कि पीड़िता का बैग भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त ऑटो और मोबाइल को भी जब्त कर लिया है। एसडीपीओ संजय कुमार पांडे ने बताया कि बीते 13 जुलाई को गोपालगंज से पटना के रास्ते यह जीएनएम की छात्रा लगभग 8 बजे औरंगाबाद की जसोइया के पास पहुँची थी जहां से एक ऑटो को रिजर्व कर एक निजी नर्सिंग कॉलेज जा रही थी। छात्रा को अकेले देखकर ऑटो चालक की नीयत खराब हो गयी और उसने ऑटो का रास्ता बदलते हुए सुनसान इलाके की तरफ मोड़ दिया। जब छात्रा ने विरोध किया तब उसके साथ ऑटो चालक ने उससे जबरदस्ती करने का प्रयास किया । बाद में एक बाइक सवार को आता देख ऑटो चालक छात्रा का पैसों भरा बैग लेकर भाग निकला।

# महिला पुलिसकर्मियों ने कस्तूरबा स्कूल पहुंच छात्राओं को दी नए कानून की जानकारी



निज संवाददाता

**हसपुरा( औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना में पदस्थापित एसआई सरस्वती कुमारी, पीएसआई खुशबु कुमारी, रूबी कुमारी एवं महिला हेल्प डेस्क की महिला सिपाही रेखा कुमारी ने हसपुरा ब्लॉक कैंपस में स्थित कस्तूरबा गाँधी छात्रावास सह स्कूल में पहुंच कर स्कूल में पढ़ने वाली सभी छात्राओं को तीन नये आपराधिक कानूनों से अवगत कराया। बता दें कि औरंगाबाद जिला के पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देशानुसार इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जहां महिला पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं को नए कानून के तहत मिलने वाली सुविधा एवं विस्तार रूप से जानकारी दी जा रही है। एसआई सरस्वती कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नए कानून महिलाओं के लिए किस प्रकार हेल्पफुल है। छात्राओं को समझाते हुए बताया की किसी भी उलझन या समस्या को आप निर्भीक होकर सीधे पुलिस प्रशासन से संवाद कर सकते हैं।

# स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

**पटना (नि.सं.)।** गांधी मैदान में रविवार को रोटरी चाणक्या की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 112 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई। रोटरी चाणक्या के चिकित्सक गैस्ट्रोइंट्रोलोजिस्ट डॉ. मनोज कुमार, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ .विनीता त्रिवेदी, गैस्ट्रो सर्जन डॉ. संजीव कुमार, फिजिशियन डॉ. अंशुमान प्रियदर्शी व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ऑकसाना प्रियदर्शी ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की और बेहतर स्वास्थ्य के लिए सलाह भी दी। मौके पर एक चम्मच कम चार कदम आगे अभियान की भी शुरुआत हुई। अध्यक्ष डॉ. विनीता त्रिवेदी ने बताया कि इस अभियान के तहत क्लब की ओर से इस वर्ष एक लाख लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण करने का लक्ष्य है।

# तीन साल की मासूम से किया रेप, 24 घंटे के अंदर पुलिस ने सलाखों के पीछे धकेला

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर के एक मुहल्ले से मानवता को शर्मशार करते हुए एक नन्ही बालिका से दुष्कर्म की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। जानकारी के अनुसार बदमाश घर के बाहर खेल रही साढ़े तीन साल की मासूम बच्ची को उठाकर ले गया और सुनसान जगह पर उसके साथ रेप की वारदात को अंजाम दे डाला। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। बच्ची को गंभीर हालत में सदर अस्पताल ले जाया गया जहां मेडिकल कराकर बच्ची की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सको ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। अस्पताल के बेड पर पड़ी बच्ची जिंदगी और मौत से जंग जूझ रही है। बताया जाता है कि मासूम अपने रिश्तेदार के घर शादी में आई थी और घर के बाहर खेल रही थी तभी पड़ोस के ही 26 वर्षीय युवक सुनील कुमार उसे उठा कर सुनसान जगह पर ले गया जहां उसके साथ दरिंदगी की। घटना के बाद जोर जोर से बच्ची रो रही थी। लोगो ने देखा तो वो बच्ची के पास गए तो देखा कि काफी ब्लीडिंग भी हो रही है। आनन फानन में बच्ची को सदर अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर मेडिकल जांच कराई। मासूम की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सको ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।मामले में पीड़ित्ता के पिता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज हुई है।एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय ने बताया कि घटना शुक्रवार की देर शाम की है। पीड़िता के पिता ने प्राथमिकी दर्ज करवाई थी और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर एफएसएल टीम बुलाकर साक्ष्य संकलित किया तथा कांड के प्राथमिकी अभियुक्त 26 वर्षीय आरोपित सुनील कुमार उर्फ बहिरा को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे धकेल दिया है। उन्होंने बताया कि मुहल्ले में स्थित उमेश सिंह के खटाल में काम करने वाले युवक ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। गिरफ्तार युवक बारुण थाना के एक गांव का रहनेवाला है।मामले में स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषी को सजा दिलाया जाएगा।

# निजी कंपनी के कर्मी को चाकू मारकर बदमाशों ने 3.30 लाख लूटे

निज संवाददाता

पटना। कंकड़बाग के पुरानी बाइपास रोड स्थित ग्रेविटी मॉल के पास बाइक सवार बदमाशों ने निजी कंपनी कर्मी को चाकू से जख्मी कर 3.30 लाख रुपये लूट लिए। घटना बुधवार की है। पीड़ित के आवेदन पर केस दर्ज थानेदार नीरज कुमार ठाकुर ने रविवार को बताया कि घटना की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि बदमाश बाइक का चाबी लेकर भी फरार हो गए। शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने जख्मी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद पीड़ित ने कंकड़बाग थाना में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।